राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 311
लखनऊ, सोमवार 13 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





बंदर के हमले से तीन मंजिल से गिरकर व्यापारी की मौत 10

पर्यावरण के लिए समर्पित है भाजपा सरकार : ब्रजेश 03


# यूपी ने रचा इतिहास, 35.27 करोड़ से अधिक पौधे रोपे

- सीएम योगी ने गोरखपुर में पौधरोपण कर किया अभियान का शुभारंभ
- प्रदेश के सभी 75 जिलों व 18 मंडलों में चला वृहद पौधरोपण अभियान



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश ने रविवार को नया इतिहास रच दिया। एक पेड़ मां के नाम थीम के अंतर्गत वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 में आज एक दिन में प्रदेशभर में 35,27,89,926 पौधरोपण हुए। यह सरकार द्वारा तय किए गए लक्ष्य 35 करोड़ से 27.89 लाख से अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया।

गोरखपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पौधरोपण महाभियान धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का महायज्ञ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत नौ वर्षों में प्रदेश में भौतिक विकास की रफ्तार तेज होने के साथ ही वनाच्छादन का भी विस्तार हुआ है। पौधरोपण कर मुख्यमंत्री ने सेल्फी भी ली। जनसभा के मंच से मुख्यमंत्री ने 'उत्तर प्रदेश के नौ वर्ष की हरित गाथा' लघु फिल्म और 'वानिकी कैलेंडर' का विमोचन किया।

विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत 5 करोड़ से अधिक पौधरोपण किए गए थे। विश्व पर्यावरण दिवस पर 5,01,46,441 पौधे लगाए गए थे, जबकि 12 जुलाई को 35,27,89,926 पौधरोपण हुए। इन दोनों दिन में कुल 40,29,36,367 पौधे उत्तर प्रदेश में लगाए गए।

सीएम योगी के मार्गदर्शन में यूपी में गोरखपुर में कार्यक्रम के दौरान वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में यूपी में हरियाली बढ़ी है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया देहरादून की रिपोर्ट के अनुसार देश में ग्रीनरी वृद्धि के मामले में उत्तर प्रदेश प्रगति करते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। डा. अरूण सक्सेना ने कहा कि इस बार के पौधरोपण महाभियान में 30 प्रतिशत फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों का जताया आभार

उत्तर प्रदेश में एक ही दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाने पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के प्रति भी आभार जताया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः का सनातन मंत्र आज उत्तर प्रदेश की जनशक्ति का जीवंत संकल्प बन गया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि नए उत्तर प्रदेश ने एक ही दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण के इतिहास में नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है।

## राज्यपाल ने जनभवन, केशव ने झांसी में लगाया पौधा

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने 'वृक्षारोपण महायज्ञ' के तहत जनभवन में सफेद चंदन का पौधा रोपित किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने झांसी तथा ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में पौधरोपण किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना शाहजहांपुर, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह जालौन, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही देवरिया, कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मुरादाबाद, वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने बागपत में पौधरोपण किया। वहीं प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों ने भी अलग-अलग जिलों में पौधे रोपित किये।

## प्लांटेशन मॉनिटरिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर पर मिला रियल टाइम अपडेट

रविवार को हुए वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत वन, रक्षा, रेलवे, ग्राम पंचायत एवं सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेस वे, सड़क, नहर, रेल पटरी के किनारे, विकास प्रधिकरण, औद्योगिक परिसर, चिकित्सा संस्थान, शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय भूमि, कृषकों की निजी भूमि, नागरिकों द्वारा निजी परिसर में बड़े स्तर पर पौधरोपण किया गया है। सबसे अहम बात यह रही कि वन विभाग ने भी टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग करते हुए https://pmsupfd. org/ plantingprogress. html पर पल-पल की रिपोर्ट अपडेट होती रही।





*मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,*

*वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में प्रदेश ने 40 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य पूरा कर नया इतिहास रचा है। यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के नवसामर्थ्य का जयघोष है। प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, आने वाली पीढ़ियों के प्रति उत्तरदायित्व और जीवन संरक्षण का संदेश समेटे यह अभियान सनातन चेतना का महोत्सव है। इसकी सफलता पर प्रत्येक प्रदेशवासी को हृदय से शुभकामनाएं।*

*भारतीय संस्कृति और सभ्यता वनों से आरंभ हुई, इसलिए इसे अरण्य संस्कृति भी कहा जाता है। वनों में ही वेद, उपनिषद और अन्य महान ग्रंथों की रचना हुई तथा ऋषि-मुनियों ने लोकमंगल के लिए चिंतन-मनन किया। हमारे शास्त्र, पुराण और परंपराएं मानव जीवन के प्रत्येक संस्कार में वृक्षों के महत्व को स्वीकार करते हैं। आयुर्वेद मानता है कि विश्व में संभवतः ऐसा कोई पौधा नहीं, जिसमें औषधीय गुण न हों। ऋग्वेद में पृथ्वी और वृक्षों के गहरे संबंध का उल्लेख है। **श्रीमद्भगवद्गीता में योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, "वृक्षों में मैं अश्वत्थ (पीपल) हूं।" महाभारत तथा पुराणों में भी पीपल, वट, आंवला, बेल, पारिजात और अन्य वृक्षों का विशेष महत्व बताया गया है।***

*प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से प्रारंभ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि वर्ष 2017 से 2023 के बीच प्रदेश के वन एवं वृक्ष आवरण में 3 लाख 38 हजार एकड़ की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज हुई है। हरित आवरण 9.96 प्रतिशत तक पहुंच चुका है और अब तक 280 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।*

*आज पर्यावरण असंतुलन, कार्बन उत्सर्जन, वनों के क्षरण और जैवविविधता के ह्रास जैसी चुनौतियों का सबसे प्रभावी समाधान वृक्ष ही हैं। मेरा आप सभी से आग्रह है कि वृक्षारोपण को अपने जीवन के संस्कारों और उत्सवों से जोड़ें। **बच्चों के जन्मदिवस पर उनके हाथों एक पौधा अवश्य लगवाएं।** जब बेटी अपने नए जीवन की ओर विदा हो, तो वह अपने मायके की स्मृतियों और स्नेह के प्रतीक स्वरूप एक पौधा अवश्य रोपित करे। परिवार के शुभ अवसरों, मांगलिक आयोजनों और विशेष दिनों को वृक्षारोपण से जोड़कर हम प्रकृति के प्रति अपना दायित्व निभा सकते हैं। यही पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित, सुरक्षित और समृद्ध प्रदेश का आधार बनेंगे।*

**आपका**

**योगी आदित्यनाथ**



QR स्कैन कर पौधरोपण की सेल्फी अपलोड करें

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP


## मोदी ने कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर शोक जताया



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शेख हमद को एक दूरदर्शी राजनेता बताया जिन्होंने कतर को एक समृद्ध और आधुनिक राष्ट्र में बदलने के साथ-साथ भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों भी मजबूत किया था। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किए गए एक शोक संदेश में शेख हमद को श्रद्धांजलि दी और कतर के नेतृत्व, शाही परिवार और वहां की जनता के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। श्री मोदी ने लिखा कि हम कतर के श्री शेख हमद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। वह एक ऐसे दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने कतर को विकास और समृद्धि के नए शिखरों पर पहुंचाया। हम उन्हें एक सच्चे मित्र के रूप में भी याद करते हैं, जिनसे मुझे फरवरी 2024 में अपनी पिछली कतर यात्रा के दौरान मिलने का सम्मान मिला था। प्रधानमंत्री ने कतर के वर्तमान अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के प्रति भी अपनी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत नेता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,44,480/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,32,450/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,08,400/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,35,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी में महिला अपराध के मामले में लापरवाही, चौकी प्रभारी निलंबित

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी पुलिस आयुक्तालय में महिला संबंधी गंभीर अपराध के मामले में समयबद्ध कार्रवाई न करने और पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के आरोप में चौबेपुर थाना क्षेत्र की चिरईगांव चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक महेश मिश्रा को शनिवार देर रात निलंबित कर दिया गया। पुलिस उपायुक्त (वरुणा जोन) के आदेश पर यह कार्रवाई सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ की। यह कार्रवाई कल की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई।

### पेट्रोल में अवैध रूप से इथेनॉल मिलाने वाला गैंग दबोचा

**लखनऊ।** क्राइम ब्रांच ने मलिहाबाद थाना क्षेत्र में मिलावटी पेट्रोल के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया है। एडीसीपी क्राइम किरण यादव के नेतृत्व में गुलाब खेड़ा गांव हुई इस कार्रवाई में मिलावटी पेट्रोल की आपूर्ति करने वाले गिरोह के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, पुलिस की ओर से अब तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने मौके से एक टैंकर, कई वाहन और बड़ी संख्या में पेट्रोल से भरे कैन बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पेट्रोल में इथेनॉल मिलाकर उसकी अवैध रूप से आपूर्ति कर रहे थे। क्राइम ब्रांच अब गिरोह के पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि मिलावटी ईंधन किन-किन पेट्रोल पंपों और अन्य स्थानों तक पहुंचाया जाता था, साथ ही इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### बंगाल की खाड़ी में 4.5 तीव्रता का भूकंप

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के तट के पास बंगाल की खाड़ी में रविवार तड़के 4.5 तीव्रता का हल्का भूकंप आया, जिसके झटके विशाखापत्तनम शहर के कई हिस्सों में महसूस किए गए। भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र के अनुसार, भूकंप सुबह भारतीय समयानुसार पांच बजकर पांच मिनट 46 सेकंड पर 10 किलोमीटर की गहराई में आया। इसका केंद्र काकीनाडा तट से करीब 225 किलोमीटर दूर बंगाल की खाड़ी में था। एक विज्ञप्ति में बताया गया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.5 मापी गई है। भूकंप के कारण किसी के हताहत होने, संपत्ति को नुकसान पहुंचने या किसी अन्य प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

# ईरान ने की होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा

- जब तक इस इलाके में अमेरिका का दखल खत्म नहीं हो जाता, तब तक होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहेगा : आईआरजीसी



**एजेंसी, तेहरान।**

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की है। अमेरिका की ओर से किये गये हमले के बाद ईरान की सेना ने यह घोषणा की।

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि जब तक इस इलाके में अमेरिका का दखल खत्म नहीं हो जाता, तब तक होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहेगा।आईआरजीसी कहा कि ने कहा कि ईरानी सेना को एक ऐसे जहाज पर हमला करने और उसे रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा, जो अपनी प्रणाली बंद करके एक अनधिकृत रास्ते से जलडमरूमध्य से गुजरने की कोशिश कर रहा था।

ईरान के प्रेस टीवी ने आईआरजीसी के बयान का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा कि जब तक इस इलाके में अमेरिका का दखल खत्म नहीं हो जाता, तब तक होर्मुज जलडमरूमध्य अगली सूचना तक बंद रहेगा। किसी भी जहाज को गुजरने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

## अमेरिकी हमले के बाद ईरान का पलटवार, पांच देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल-ड्रोन हमले, बढ़ा तनाव

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता सैन्य तनाव अब मध्य पूर्व के कई देशों तक पहुंच गया है। अमेरिकी एयरस्ट्राइक के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रविवार को कई अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया। ईरान के अनुसार, उसने जॉर्डन, कुवैत, बहरीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने दावा किया कि इन हमलों का उद्देश्य अमेरिकी सैन्य क्षमता को नुकसान पहुंचाना था। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। ईरान की आईआरजीसी ने दावा किया कि उसने जॉर्डन के प्रिंस हसन एयरबेस को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में एयरबेस के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और डफ-9 ड्रोन रखने वाले हैंगर को नुकसान पहुंचा। जॉर्डन की ओर से इस दावे पर तत्काल विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। क्षेत्रीय सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी लंबे समय से रही है और किसी भी हमले का असर क्षेत्रीय सुरक्षा समीकरणों पर पड़ सकता है। ईरान के हमलों के बाद बहरीन में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे से धुआं उठने के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए। इन वीडियो में सैन्य बेस के ऊपर धुएं का गुबार दिखाई दे रहा है। ईरान ने दावा किया कि उसने बहरीन स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को ड्रोन और मिसाइलों से निशाना बनाया। इसके बाद बहरीन में मिसाइल अलर्ट जारी किया गया और नागरिकों को सतर्क रहने तथा सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई। बहरीन में अमेरिकी नौसेना का महत्वपूर्ण क्षेत्रीय ठिकाना मौजूद है, जो मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य अभियानों के लिए अहम माना जाता है। ईरान की जवाबी कार्रवाई से पहले अमेरिका ने ईरान के लगभग 140 सैन्य ठिकानों पर बमबारी करने का दावा किया था।

# बद्रीनाथ धाम मंदिर में अनियमितता मामले में एसआईटी ने सौंपी जांच रिपोर्ट

- कई बार चढ़ावा चोरी का दावा



**एजेंसी, चमोली।**

दो जुलाई को श्री बद्रीनाथ धाम मंदिर में नगद चढ़ावा गिनती के दौरान कथित हेराफेरी के मामले में गठित विभागीय जांच टीम ने अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट सीईओ को सौंप दी है।

जांच में आरोपी ने एक नहीं बल्कि कई बार चढ़ावे की चोरी की है। सूत्रों की मानें तो चार सदस्यीय जांच टीम ने 18 पन्नों की रिपोर्ट में विस्तार से पूरी घटना और अपनी जांच का ब्योरा दिया है।

एसआईटी की जांच रिपोर्ट में ऐसी घटना न हो इसके लिए सुझाव भी दिए हैं। जांच रिपोर्ट में कमेटी ने बहुत कुछ साफ किया है। साथ ही मंदिर के दान गिनती कक्ष में और सीसीटीवी बढ़ाने, मंदिर के परिक्रमा पथ के सभी ब्लाइंड स्पॉट को सीसीटीवी से लैस करने की बात कही। सूत्रों की मानें तो जांच टीम को घटना के दिन, 2 जुलाई, से मात्र 14 दिन पहले तक के ही फुटेज मिल पाए हैं।

## पूर्व सीईसी कुरैशी ने सुनाया मनमोहन सिंह से जुड़ा भावुक किस्सा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मैं आत्महत्या कर लूंगा..., ये शब्द 2012 में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह ने तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी से तब कहे थे, जब निर्वाचन आयोग के कामकाज को लेकर कुछ मंत्रियों की बेतुकी बयानबाजी से आहत कुरैशी ने अपनी नाराजगी प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाई थी। सिंह ने कुरैशी से यह भी कहा था कि निर्वाचन आयोग केवल भारत का गौरव नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र की आत्मा है और अगर हमने इसे खो दिया तो सबकुछ खो देंगे। इस दिलचस्प बातचीत का जिक्र कुरैशी ने अपनी आगामी पुस्तक इंडिया एंड आई ए हंड्रेड मेमोरीज, नॉट ए मेमॉयर में किया है। अपनी किताब में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने मनमोहन सिंह को ऐसे नेता के रूप में याद किया है, जिनके लिए संवैधानिक मर्यादा केवल भाषणों तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह उनके आचरण और सोच का अभिन्न हिस्सा थी।

# राजधानी में फिर पड़ेगी भीषण गर्मी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राजधानी लखनऊ में रविवार को सुबह से मौसम साफ रहा। सुबह से धूप निकली रही। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून की सक्रियता कम हो गई है, जिससे अब फिर भीषण गर्मी पड़ेगी। रविवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया।

शनिवार को अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.3 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.5 डिग्री कम रहा। अधिकतम आर्द्रता 95 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 60 फीसदी दर्ज की गई। लखनऊ में 11 जुलाई को 20.8 मिलीमीटर बरसात हुई। यह सामान्य बारिश 8.4 मिलीमीटर से 148 फीसदी अधिक है। 1 जून से 11 जुलाई तक लखनऊ में 95.8 मिलीमीटर बरसात हुई। जबकि सामान्य बारिश का औसत 158.3 मिलीमीटर है। लखनऊ में सामान्य से 40 फीसदी कम बरसात हुई है। बंगाल की खाड़ी में बना निम्नदाब क्षेत्र दक्षिण-पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक पहुंचने के बाद अब धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। इसके कमजोर होकर चक्रवाती परिसंचरण में बदलने और मानसूनी द्रोणी के उत्तर की ओर खिसकने के कारण प्रदेश में मानसून की सक्रियता कम होने लगेगी। पिछले कुछ दिनों में उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अच्छी बारिश हुई और कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा दर्ज की गई। लेकिन अब मौसम में बदलाव के संकेत हैं। अगले 3 से 4 दिनों के दौरान पूर्वांचल को छोड़कर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की गतिविधियां काफी कम रहने की संभावना है। इससे तापमान में फिर से बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना बनी रहेगी।

## 15 दिन की भूख हड़ताल के बाद बिगड़ी सोनम वांगचुक की तबीयत, डॉक्टरों ने जताई चिंता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के 15वें दिन रविवार को शिक्षाविद एवं जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की सेहत और बिगड़ गई तथा चिकित्सकों ने कहा कि उनका रक्तचाप और गिर गया है तथा उनका वजन 7.8 किलोग्राम घट गया है। परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर यहां जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का विरोध-प्रदर्शन रविवार को 23वें दिन जारी रहा। कॉजपा की ओर से जारी स्वास्थ्य सूचना के मुताबिक, भूख हड़ताल शुरू होने के बाद से वांगचुक का रक्तचाप गिरकर 104/66 एमएम एचजी हो गया है, जबकि उनका वजन 7.8 किलोग्राम घट गया। इसके अलावा, कॉजपा ने बताया है कि कई नेता और जाने-माने बुद्धिजीवी आंदोलन के प्रति समर्थन दिखाने के लिए दिन में विरोध स्थल का दौरा करने वाले हैं।

# अवैध खून के कारोबार का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



- गोंडा पुलिस का बड़ा खुलासा-12,500 में बिकता था खून, एक्सपायरी ब्लड से बच्ची की मौत, 253 फर्जी ब्लड कार्ड बरामद

जरूरतमंद मरीजों की मजबूरी का फायदा उठाकर अवैध रूप से खून बेचने वाले एक अंतरजनपदीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। कोतवाली नगर पुलिस ने छापेमारी कर गिरोह के 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 253 कूटरचित ब्लड बैंक कार्ड, 10 डिस्पोजल सिरिंज और 9 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अजीत कुमार रजक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। सभी आरोपियों को चाँदमारी पुलिया, घोसियाना के पास से गिरफ्तार किया गया।

मामले का खुलासा खरगूपुर निवासी वली मोहम्मद की शिकायत पर हुआ। उन्होंने बताया कि पत्नी के इलाज के दौरान अस्पताल के बाहर एक व्यक्ति ने रु. 12,500 लेकर रक्त उपलब्ध कराया। लेकिन अस्पताल में जांच के दौरान वह रक्त संदिग्ध और अनुपयुक्त पाया गया। पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने न पैसे लौटाए न दूसरा रक्त दिया। जांच में पुलिस को एक और दिल दहलाने वाला मामला मिला। एक महिला ने आरोप लगाया कि उसकी 9 वर्षीय पुत्री के इलाज के दौरान एक्सपायरी ब्लड चढ़ाए जाने से उसकी मौत हो गई।

इस मामले में भी कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे संगठित गिरोह बनाकर अस्पतालों के आसपास मरीजों के तीमारदारों की तलाश करते थे। इमरजेंसी का फायदा उठाकर मोटी रकम लेकर अवैध रक्त की व्यवस्था कराते थे। पुलिस के मुताबिक गिरोह के दो सदस्य बलरामपुर में एक ब्लड बैंक का संचालन करते हैं। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

# ओमान तट पर जीएफएस गैलेक्सी जहाज पर हमला

## 10 भारतीय बचाए गए, एक लापता, विदेश मंत्रालय ने जताई चिंता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को ओमान के तट के पास वाणिज्यिक पोत जीएफएस गैलेक्सी पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए आधिकारिक बयान जारी किया। बताया कि 10 भारतीयों को बचा लिया गया है जबकि एक की तलाश जारी है। भारतीय दूतावास भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

यूएस सेंट्रल कमांड के अनुसार, जहाज को आईआरजीसी के हमले की वजह से नुकसान पहुंचा। एमईए ने कहा, जहाज पर सवार 11 भारतीय नागरिकों में से अब तक 10 को बचा लिया गया है, जबकि 1 भारतीय नागरिक के लापता होने की सूचना है। मंत्रालय ने हमलों को शांति व्यवस्था के लिए खतरनाक बताया। इसमें आगे कहा गया, क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। भारत तनाव कम करने के लिए संवाद कायम करने के रुख पर कायम है। इसके साथ ही हम चाहते हैं कि जो राजनयिक कोशिशें और वार्ताएं जारी हैं उन्हें तार्किक और शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जाए ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता वापस लाई जा सके। एमईए ने कहा कि क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना बंद होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप क्षेत्र के समुद्री मार्गों पर स्वतंत्र और निर्बाध नौवहन तथा व्यापार को जल्द से जल्द बहाल किया जाना चाहिए। बयान में एमईए ने बचाव और राहत कार्य को लेकर ओमान का भी शुक्रिया अदा किया। कहा कि ओमान में हमारा दूतावास स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और चल रहे सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में ओमानी अधिकारियों के साथ लगातार कोऑर्डिनेट कर रहा है। हम ओमानी अधिकारियों को उनकी मदद के लिए धन्यवाद देते हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के अनुसार, साइप्रस के झंडे वाले जीएफएस गैलेक्सी पर होर्मुज में ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने हमला किया। सेंटकॉम ने बताया कि जहाज का एक सदस्य लापता है। जहाज में आग लगने और इंजन कक्ष को भारी नुकसान पहुंचने के कारण वह अपनी आगे की यात्रा जारी नहीं रख सका।

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आयोजित वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के अंतर्गत जनपद को कुल 42,54,100 पौधों के रोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया।

इस महाअभियान के सफल संचालन एवं प्रभावी अनुश्रवण हेतु शासन द्वारा जनपद के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। जनपद स्तर पर सभी विभागों, स्थानीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों के समन्वित प्रयासों से अभियान को जनभागीदारी का स्वरूप प्रदान किया गया तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप व्यापक स्तर पर पौधारोपण संपन्न कराया गया।




- वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के तहत जनपद में 42.54 लाख पौधरोपण का लक्ष्य पूर्ण करने की दिशा में व्यापक अभियान
- नोडल अधिकारी एवं जिला प्रशासन की सक्रिय सहभागिता से अभियान को मिली गति

वृक्षारोपण महाअभियान के अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश श्री महेश कुमार शुक्ला ने मनोरंजन केंद्र, आईटीआई परिसर, मनकापुर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं जनसहभागिता का संदेश दिया। उपस्थित सभी लोगों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया।

शासन द्वारा नामित जनपद की नोडल अधिकारी श्रीमती कंचन वर्मा, आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश तथा मुख्य राजस्व अधिकारी श्रीमती रिंकी जायसवाल ने बसेरिया, कर्नलगंज में पौधारोपण कर अभियान का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को पौधों के संरक्षण एवं उनकी जीवितता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने शहर स्थित गांधी पार्क में अधिकारियों के साथ पौधारोपण कर जनपदवासियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन एवं आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है।

### जनपद के सभी विभागों ने लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत किया पौधरोपण

वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के अंतर्गत जिला मुख्यालय से लेकर तहसील, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर तक सभी विभागों द्वारा अपने-अपने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत पौधारोपण किया गया। अभियान में वन, राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, शिक्षा, कृषि, उद्यान, नगर निकाय सहित विभिन्न विभागों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, छात्र-छात्राओं एवं आमजन की सहभागिता से यह अभियान जनआंदोलन के रूप में संपन्न हुआ। प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को पौधों की नियमित देखभाल, सुरक्षा एवं जीवितता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे यह महाअभियान केवल पौधारोपण तक सीमित न रहकर पर्यावरण संरक्षण की स्थायी पहल के रूप में सफल सिद्ध हो सके।

# टीजीटी परीक्षा में नया नियम लागू होने के विरोध में बच्चों ने सांसद, विधायक व डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मनकापुर / गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश के टीजीटी परीक्षा में नया नियम लागू होने से आहत बच्चे पुराने नियमावली से परीक्षा कराने के लिए जगह-जगह प्रदेश के सांसद, विधायक, जिला अधिकारियों के चौखट पर दस्तक देकर ज्ञापन सौंप कर अपनी पीड़ा सुना रहे हैं, इसी क्रम में शनिवार की शाम को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा से प्रदेश के कई जनपदों से आए छात्रों ने लखनऊ पहुंचकर उनके निवास स्थान पर अपनी पीड़ा सुनाते हुए, ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में टीजीटी, पीजीटी परीक्षा पुराने नियमावली से कराए जाने की मांग की।

छात्रा पूजा मनमोहिनी ने कहा कि प्रदेश के हजारों हजार छात्र कई वर्षों से टीजीटी, पीजीटी की तैयारी पुराने नियमावली से कर रहे हैं इस बीच उन्होंने कोई और तैयारी नहीं की किंतु अगर 2026 में नया नियमावली जारी कर दिया गया तो बच्चों को गहरा आघात लगेगा उनका भविष्य अंधकारमय हो जायेगा, क्योंकि नया नियमावली लागू होने से तैयारी कर रहे बच्चों को अवसर नहीं मिलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने छात्रों की पीड़ा सुनी और उन्होंने बच्चों को आश्वासन दिया हम पुराने नियमावली से परीक्षा कराने के पक्ष में है, हम शीघ्र ही शिक्षा मंत्री और अन्य से बात करेंगे, हम बच्चों का भविष्य अंधकार मय नहीं होने देंगे।

ज्ञापन देने वालों में जितेंद्र चतुर्वेदी, अमित शुक्ला, दिव्या दिव्यदर्शनी, हरिश्चंद्र निषाद, पूजा शाही, गीतांजलि यादव, आर्यन यादव सहित दर्जनों बच्चे शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### बक्सरा गांव में 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत, फोरेंसिक टीम ने की जांच

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के बक्सरा गांव में रविवार दोपहर एक 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान लक्ष्मी पत्नी राजकुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मृतका के पति राजकुमार और परिजनों ने मनकापुर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को भी बुलाकर गहन जांच-पड़ताल कराई गई। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि महिला ने घर के कमरे के अंदर फांसी लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या की है। मृतका के गले पर फांसी के फंदे के स्पष्ट निशान भी मिले हैं। हालांकि पुलिस के लिए अहम बात यह रही कि परिजनों ने सूचना दिए बिना ही शव को फंदे से नीचे उतारकर बेड पर लिटा दिया था। इसी कारण पुलिस हर बिंदु की बारीकी से जांच कर रही है। फिलहाल मनकापुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असल कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर घायल बारासिंघा, इलाज न मिलने से टूट गई आखिरी उम्मीद



- जरवल पशु चिकित्सालय पर लटकता मिला ताला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रविवार को भारत गैस एजेंसी राष्ट्रीय राजमार्ग पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बारासिंघा नर हिरन गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल हिरन को जल्द ही निकाला और उसे इलाज के लिए जरवल पशु चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, लेकिन समय पर उपचार न मिलने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। बताते चले कि प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना के समय घायल हिरन गहरे पानी में तड़प रहा था। चौकी इंचार्ज राकेश कुमार पांडेय, मुलायम सिंह यादव दीवान तथा अन्य लोगों ने मिलकर हिरन को पानी से बाहर निकाला। चौकी इंचार्ज श्री पांडेय ने बैटरी रिक्शा से हिरन को जरवल पशु चिकित्सा केंद्र पहुंचाया, परंतु वहां ताला लगा हुआ था और कोई पशु चिकित्सक मौजूद नहीं था। लगभग 10-15 मिनट तक तड़पने के बाद हिरन की मृत्यु हो गई। स्थानीयों का कहना है कि यदि समय पर चिकित्सा सुविधा मिल जाती तो शायद उसकी जान बच सकती थी। प्रथम सूचना मिलने पर वन दरोगा शीतला प्रसाद के वनरक्षक सज्जाद अहमद मौके पर पहुंचे और मृत हिरन का शव कब्जे में लेकर आगे की आवश्यक कार्रवाई हेतु वन केंद्र को सौंप दिया। समाज के कुछ सदस्यों और स्थानीय पत्रकारों ने घायलों के लिए किए गए प्रयासों की प्रसंशा करते हुए पशु चिकित्सा केंद्र पर तैनाती और त्वरित सहायता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पशु बचाव और वन्यजीव संरक्षण के लिए स्थानीय स्तर पर तत्काल चिकित्सकीय व्यवस्था व चौबीसों घंटे संपर्क व्यवस्था आवश्यक है।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान का शुभारंभ मीरपुर में हुआ पौधरोपण



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत मीरपुर में रविवार को एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। पंचायत भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान/प्रशासक आरजू काजमी ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान ग्रामवासियों ने भी बढ़-चढ़कर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की गई, ताकि पौधे वृक्ष बनकर आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान कर सकें। प्रधान/प्रशासक आरजू काजमी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा जब उसकी नियमित देखभाल भी की जाए। ग्रामीणों ने अभियान की सराहना करते हुए इसे गांव को हराभरा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिलाया।

### हलधरमऊ : बसालतपुर में कई महीनों से नहीं मिल रहा पोषाहार



**कागजों में वितरण दिखाकर बंदरबांट का आरोप**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** बाल विकास परियोजना विकासखंड हलधरमऊ क्षेत्र के बसालतपुर व अन्य कई ग्राम पंचायतों में शासन की मंशा को पलीता लगाया जा रहा है। यहां आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को मिलने वाला पोषाहार और अन्य पोषण सामग्री पिछले कई महीनों से वितरित नहीं की जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जमीनी स्तर पर वितरण न करके कागजों में खानापूर्ति कर दी जा रही है। जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा पोषाहार का बंदरबांट कर उसे कालाबाजारी के लिए भेज दिया जा रहा है। जब इस संबंध में बसालतपुर की आंगनबाड़ी कार्यकत्री से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि पोषाहार आना बंद हो गया है। ऐसे में केंद्रों पर आने वाले बच्चों और महिलाओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार कुपोषण मिटाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन बसालतपुर में हकीकत कुछ और ही है। यहां जरूरतमंदों तक पोषण सामग्री नहीं पहुंच पा रही है और भ्रष्टाचार के चलते पूरा सिस्टम फेल हो गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी से मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और पोषाहार का वितरण तत्काल शुरू कराया जाए। इस संबंध में बाल विकास परियोजना अधिकारी नंदिनी घोष से जानकारी करने पर उन्होंने बताया कि अप्रैल से जून तक तीन महीने का पोषाहार नहीं आया है, जुलाई से अभी आना शुरू हुआ है। लेकिन अब राशन नहीं आता, रेसिपी आयेगी। सभी केंद्रों पर अभी आपूर्ति नहीं हुई है और प्रक्रिया में है।

# गोविंद कुलम नेशनल अकैडमी का वार्षिक उत्सव आयोजित

- विधायक अजय सिंह ने किया भवन का लोकार्पण

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




गोंडा जनपद के परसपुर विकासखंड के सुसुंडा ग्राम पंचायत में गोविंद कुलम नेशनल अकैडमी भवन का लोकार्पण और वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में करनैलगंज विधायक अजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. राजेश पांडे और भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी शामिल रहे।

इस भवन का निर्माण गुजरात की जेम एरोमेटिक फाउंडेशन नामक संस्था द्वारा कराया गया है। इसका लोकार्पण भाजपा मंत्री (गुजरात प्रदेश) रघु भाई आहीर, काशीबा गोटी ट्रस्ट सूरत (गुजरात) के मार्गदर्शक परेश भाई डोडिया, कर्मयोगी काशीबा गोटी ट्रस्ट सूरत (गुजरात) के धीरूभाई गोटी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रवीण ने किया। विधायक अजय सिंह ने इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष केशव भाई हरि भाई गोटी को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि परसपुर के सुसुंडा में यह 259वां विद्यालय है जिसका लोकार्पण किया गया है। संस्था ने पहले 351 विद्यालयों का लक्ष्य रखा था, जिसे अब बढ़ाकर 1000 से अधिक विद्यालय बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विधायक अजय सिंह ने आगे कहा कि यह ट्रस्ट देश के 18 राज्यों में विद्यालयों का निर्माण कार्य करा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को शिक्षा की ओर अग्रसर करना है। इस कार्य से युवा साथियों को भी प्रेरणा मिल रही है, जिससे देश और प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

# धानेपुर में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का आगमन 15 को : राहुल शुक्ला

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का आगमन 15 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे धानेपुर में होगा। समाजवादी पार्टी के युवा नेता राहुल शुक्ला ने गोंडा स्थित अपने आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर शंकराचार्य जो हमारे भगवान हैं हम उनका धानेपुर में दर्शन-पूजन करेंगे और उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

श्री शुक्ला ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि 2017 से 2026 तक, लगभग साढ़े नौ सालों में मेहनौन क्षेत्र में एक भी विकास कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर केवल फीता काटने का आरोप लगाया और कहा कि विकास हमेशा से एक महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सपा सरकार के दौरान गोंडा से बलरामपुर तक आरसीसी रोड का निर्माण हुआ था, लेकिन इटियाथोक में उस पर आज तक पुल का निर्माण भाजपा सरकार नहीं कर पाई। इसी तरह, गोंडा-उतरौला मार्ग का निर्माण भी सपा सरकार में हुआ था, जिसकी मरम्मत भी अब तक नहीं हो पाई है।

# साइबर अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा ऑपरेशन 'साइबर वज्र' में पांच गिरफ्तार

- डीजीपी के निर्देश पर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, दो थानों में दर्ज हुईं एफआईआर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के डीजीपी के निर्देश के बाद साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए बहराइच पुलिस पूरी तरह सक्रिय हो गई है। लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन 'साइबर वज्र' के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, जिले के कोतवाली नानपारा और कोतवाली देहात थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की गईं। इन दोनों थानों में दर्ज मामलों में कुल पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें कोतवाली नानपारा से दो और कोतवाली देहात से तीन आरोपी शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

अधिकारियों का कहना है कि साइबर अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में लिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से जिले में साइबर अपराधियों में हड़कंप मच गया है और पुलिस की सख्ती का स्पष्ट संदेश गया है।

# भूमि पर उतरा हरित संकल्प या सिर्फ औपचारिकता?

**बलहा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के बीच पौधों की सुरक्षा पर उठे सवाल**

**मिहींपुरवा (बहराइच), समृद्धि न्यूज।**



बलहा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामसभा सेमरहना (भरतपुर), सरैया तथा अमृतपुर स्थित धनईया वन ब्लॉक में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत एक पेड़ माँ के नामअभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने पीपल, पाकड़ एवं बरगद जैसे पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (कारागार) सुरेश राही, विधायक सरोज सोनकर, मुख्य सचिव रणवीर प्रसाद, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, डीएफओ अपूर्व दीक्षित, एसडीएम अमिता यादव सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। हालांकि, हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च कर चलाए जाने वाले वृक्षारोपण अभियानों के बाद सबसे बड़ा सवाल फिर वही है—क्या इस बार लगाए गए पौधे वास्तव में बड़े होकर वृक्ष बन पाएंगे या फोटो और फाइलों तक ही सीमित रह जाएंगे?

पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि पौधे लगाना जितना जरूरी है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उनकी नियमित सिंचाई, सुरक्षा और निगरानी है। यदि देखभाल नहीं हुई तो अभियान का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन पौधों के संरक्षण की जवाबदेही तय करे और समय-समय पर उनकी निगरानी कराए, तभी ÷एक पेड़ माँ के नाम अभियान वास्तविक सफलता हासिल करेगा। केवल औपचारिक पौधरोपण नहीं, बल्कि पौधों को जीवित रखना ही पर्यावरण संरक्षण की असली कसौटी होगी।

# राजकीय हाई स्कूल विद्यालय में रोपित किये गये पौधे

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



- 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत सपा विधायक व बीडीओ ने लगाए पौधे

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से संचालित 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत विकासखंड कैसरगंज की ग्राम पंचायत गौड़हिया नंबर-4 स्थित राजकीय हाई स्कूल विद्यालय में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सपा विधायक आनंद यादव एवं खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार गौतम ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए तथा उपस्थित ग्रामीणों एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया। सपा विधायक आनंद यादव ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, स्वच्छ वायु उपलब्ध कराने तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान प्रकृति संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भी प्रतीक है। खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार गौतम ने बताया कि विकासखंड की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जा रहा है तथा उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया है।इस अवसर पर ग्राम प्रधान पवन कुमार, प्रदीप कुमार, प्रवेश कुमार, राम गणेश, डॉ. सोहनलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान को मिली गति

**विशेश्वरगंज, बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- अमकोलवा व थाना परिसर विशेश्वरगंज में हुआ पौधरोपण

एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के अंतर्गत विकास खंड विशेश्वरगंज के मंडल धनुही स्थित ग्राम पंचायत अमकोलवा के बूथ संख्या-15 पर रविवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय ने पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान निर्धारित 2900 पौधों के लक्ष्य के सापेक्ष 51 पौधों का रोपण किया गया। ग्राम पंचायत अधिकारी (ग्राम सचिव) प्रवीण कुमार ने अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी की जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चेतराम, मंडल महामंत्री विकास पांडेय, प्रधान प्रतिनिधि मिज्जन, क्षेत्र पंचायत सदस्य अब्दुल वहाब, एडीओ (पंचायत) महेंद्र प्रताप सिंह, कोटेदार ननके, रोजगार सेवक ओंकार गोस्वामी, पंचायत सहायक महेश गोस्वामी, एनआरएलएम के योगेश्वर प्रसाद मिश्र, स्वयं सहायता समूह की कार्यकर्त्रियां तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उधर, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत थाना परिसर बिशेश्वरगंज में भी थाना अध्यक्ष संदीप दूबे के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उनकी देखभाल का संकल्प लिया। थाना अध्यक्ष संदीप दूबे ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सामाजिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित रखने की अपील की।

# बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड, उतरौला में मेगा वृक्षारोपण दिवस का भव्य आयोजन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड, उतरौला इकाई में मेगा वृक्षारोपण दिवस का आयोजन बड़े उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ किया गया। इस अवसर पर इकाई परिसर एवं निर्धारित स्थलों पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम में इकाई प्रमुख श्री श्याम सिंह एवं पावर इकाई प्रमुख श्री समीर सावंत विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ प्रोडक्शन हेड श्री राघवेंद्र श्रीवास्तव, , श्री विनोद सिंह, श्री बृजेश चंद मंडल, श्री के.पी. सिंह, श्री एस.के. मणि त्रिपाठी, परमेश्वर राय , नूरुद्दीन मुला सहित सभी विभागाध्यक्षों, अनुभाग प्रमुखों एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर इकाई प्रमुख श्री श्याम सिंह ने इस वर्ष की थीम 卐माँ के नाम एक पेड़卐 के अनुरूप सभी कर्मचारियों से अपने-अपने विभागों एवं निर्धारित स्थलों पर कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी कर्मचारियों से पौधों की जिम्मेदारीपूर्वक देखरेख करने तथा अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।




कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से फैक्ट्री के आसपास के गांवों के किसानों को सागौन, शीशम, इमली एवं अर्जुन के पौधों का नि:शुल्क वितरण भी किया गया। अधिकारियों ने किसानों से इन पौधों का रोपण एवं संरक्षण करने का आह्वान करते हुए बताया कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भविष्य में आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से भी लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम का समापन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता एवं पूर्ण सहयोग के साथ हुआ। सभी ने पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया

# जिले में 63.12 लाख पौधे लगाने का अभियान शुरू, मंत्री सुरेश राही ने हरीशंकरी रोपकर किया शुभारंभ

- वृक्ष इस सुन्दर धरा के आभूषण हैं हमें चाहिए कि धरती मां का नाना प्रकार के आभूषणों से श्रृंगार करें : सुरेश राही




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपील के अनुसार ''एक पेड़-माँ के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण जन अभियान 2026-27 अन्तर्गत प्रदेश में 35 करोड़ तथा जनपद में 63 लाख 12 हजार 600 पौध रोपण अभियान का मुख्य अतिथि राज्य मंत्री, कारागार सुरेश राही ने विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, नानपारा के राम निवास वर्मा, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच सुन्दरेशा, निदेशक चीनी मिल नानपारा अखण्ड प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय व अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के साथ तहसील महसी के विकासखण्ड तेजवापुर अन्तर्गत कटहा ग्राम समाज भूमि के परिसर के कपि वन में विधिवत पूजन अर्चन के पश्चात हरीशंकरी पौध रोपित कर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर पी.एम. श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री राही ने ''एक पेड़-माँ के नाम'' अभियान के तहत सभी से अपील की कि संसार के सर्वाधिक पूज्यनीय रिश्ते माँ के नाम एक पौध लगाकर उसकी देखभाल भी अपनी माँ की भांति करें नाना प्रकार की पर्यावरणीय समस्याओं का सबसे आसान और सुलभ उपाय पौध रोपण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर आज सम्पूर्ण प्रदेश में 35 करोड़ पौध रोपित किये जा रहे है।

श्री राही ने आमजन का आहवान किया कि भूमि की उपलब्धता के अनुसार अधिक से अधिक पौध रोपित करें। मुख्य अतिथि श्री राही ने सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों विशेषकर प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का आहवान किया कि एक-एक पेड़ अवश्य लगाये। उन्होंने जलवायु एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक हरीशंकरी प्रजाति के पौध लगाकर उनकी सुरक्षा का भी प्रबन्ध करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्ष इस सुन्दर धरा के आभूषण है हमें चाहिए कि धरती मां का नाना प्रकार के आभूषणों से श्रृंगार करें तथा अधिक वर्षा हो और अनन्तकाल के मानव का अस्तित्व पृथ्वी पर कायम रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक महसी सुरेश्वर सिंह व विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने कहा कि जलवायु एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सबसे सरल एवं सर्वोत्तम उपाय वृक्षारोपण करना है। विधायक द्वय ने आमजन का आहवान किया कि भूमि की उपलब्धा के अनुसार अधिक से अधिक पौध रोपण कर अमूल्य धरा का श्रृंगार करें। वक्तागण ने कहा कि यह हम सभी का नैतिक कर्तव्य है कि हम आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण का निर्माण करें। जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने आभार ज्ञापित करते हुए बताया की जनपद में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 63 लाख 12 हजार 600 पौध रोपित करने के लिए सुबह से ही बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा हैं। डीएम ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आमजन, जनप्रतिनिधियों, लक्षित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयास से लक्ष्य से अधिक पौधे रोपित किये जायेंगे।

डीएम ने हरीशंकरी व षहजन पौध के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि औषधीय गुणों से भरपूर इस पौध में आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता हैं जो महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए काफ़ी लाभदायक हैं सभी लोग अपने घर पर सहजन का एक पौध अवश्य लगाएं।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, ग्राम प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधियों, संभ्रान्तजन व गणमान्यजन, कृषकों, अधिकारियों, छात्र, छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व आमजन के साथ नीम, पीपल व पाकड़ सहित विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।

# पंकज चौधरी व धर्मपाल सिंह ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को राजधानी लखनऊ में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, समरस वन, लखनऊ में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 5,500 पौधों के वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लखनऊ के कुकरैल वन में आयोजित पौधारोपण महायज्ञ 2026 के अंतर्गत पीपल, पाकड़ एवं बरगद (शंकरी) के पौधों का रोपण किया। भाजपा के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्तिकेन्द्र, बूथ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पौधारोपण कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।





पंकज चौधरी ने कहा कि पौधरोपण करना और उनका संरक्षण करना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज में रहने वाले हर नागरिक का परम कर्तव्य और आवश्यकता है। आज बदलती वैश्विक जलवायु परिस्थितियों के बीच भारत को पर्यावरण के दृष्टिकोण से सुरक्षित रखने के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अब देश में एक बड़े जनआंदोलन का रूप ले चुका है, जिसमें हमारे नौजवान बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आज हम जो पेड़ लगा रहे हैं, वे हमारी आने वाली पीढ़ियों, बच्चों, समाज और पूरे देश के सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होंगे। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़कर सभी प्रदेशवासियों से पेड़ अवश्य लगाने और उसे संरक्षित करने का निवेदन किया।

### कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं : धर्मपाल सिंह

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल वृक्षारोपण का कार्यक्रम नही है, बल्कि प्रकृति संरक्षण का एक जन आन्दोलन है। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखते हैं। धर्मपाल सिंह ने कहा कि हमारी परम्परा में प्रकृति को जीवनदायिनी माना गया है। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर आगे बढ़े। प्रत्येक परिवार अपनी मां के सम्मान और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं तथा उसके संरक्षण का भी संकल्प लें। पौधारोपण प्रकृति के प्रति हमारा दायित्व है और यही आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।

# पर्यावरण के लिए समर्पित है भाजपा सरकार : ब्रजेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर्यावरण के लिए समर्पित है। प्रदेश में व्यापक स्तर पर एक पेड़ मां के नाम विशेष अभियान के अंतर्गत 35 करोड़ पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने बताया कि चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा भी 16 लाख से अधिक पौधे लगाए गए।


रविवार को वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत बाराबंकी के रफी अहमद किदवई स्मारक जिला चिकित्सालय परिसर, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विवि एवं कुकरैल के वन क्षेत्र में पौधारोपण कर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पूरी तरह से पर्यावरण के लिए समर्पित है। डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 के बाद से व्यापक स्तर पर हरियाली क्षेत्र को बढ़ाने का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार को सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक प्रदेश भर में वृहद वृक्षारोपण अभियान का संचालन हुआ।




ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के इस विशेष अभियान के अंतर्गत युवाओं, महिलाओं, सीनियर सिटीजन सहित हर वर्ग के लोगों ने अपने सहभागिता दर्ज की। वन विभाग सहित तमाम सरकारी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, छात्रों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लिया। मुख्य रूप से पीपल, बरगद, नीम, शीशम, जामुन, आम और सहजन जैसे पर्यावरण और स्थानीय जलवायु के अनुकूल पौधे लगाए गए।

## खबरें एक नजर में

### गाय को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाकर ही रहूंगा : अविमुक्तेश्वरानंद



**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने रविवार को बाराबंकी का भ्रमण किया। शंकराचार्य का जगह-जगह स्वागत किया गया। शंकराचार्य के आगमन के बाद राजनीतिक हलचल काफी तेज हो गई है। शंकराचार्य ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। शंकराचार्य ने गाय को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने की अपील की है और बीजेपी सरकार पर सवाल खड़ा किए हैं। उन्होंने कहा कि वो बीजेपी सरकार उखाड़ फेंकने निकले हैं। शंकराचार्य ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जिस तरह से इस देश की राजनीति चल रही है। उस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि लगातार उनके द्वारा गौ रक्षा को लेकर के कार्य किया जा रहे हैं। जब महाराष्ट्र की सरकार अपने प्रदेश में गाय को माता का दर्जा दे सकती है, तो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार गाय को माता का दर्जा क्यों नहीं दे रही है। यह सबसे बड़ा सवाल है। वहीं मुसलमान ने भाईचारा दिखाते हुए गाय को पशु कहना छोड़कर के उसे अपनी माता मान लिया है। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारे के लिए गाय को माता मान रहे हैं और बकरीद में उन्होंने कोई गौ हत्या नहीं की है। शंकराचार्य ने कहा कि मुसलमान की जितनी प्रशंसा करूं वह कम है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जो अपने आप को हिंदू सरकार बता रही है। वह गाय को माता मानने को तैयार नहीं है। उसे पशु कह रही है जबकि गाय को पशु कहना नरक जाने के बराबर है। मै गाय को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाकर रहूंगा।

### केजीएमयू के डॉ. सतीश को मिली अंतरराष्ट्रीय फेलोशिप



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सतीश कुमार को 41वें इंटरनेशनल मेडिकल साइंसेज अकादमी कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित किया गया। यह सम्मेलन जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (जिपमर), पुडुचेरी में संपन्न हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश के वरिष्ठ चिकित्सकों, वैज्ञानिकों एवं चिकित्सा शिक्षकों ने भाग लिया। डॉ. सतीश कुमार को चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान, वैज्ञानिक प्रकाशनों तथा रोगी सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि से केजीएमयू के साथ चिकित्सा जगत में हर्ष का माहौल है। डॉ. सतीश कुमार ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह सम्मान मेरे गुरुजनों, सहकर्मियों और विद्यार्थियों के सहयोग का परिणाम है। भविष्य में भी मैं चिकित्सा अनुसंधान, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा और रोगी सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता रहूंगा।

### बाबा बुद्धेश्वर मंदिर का दानपात्र चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध बाबा बुद्धेश्वर मंदिर में एक बार फिर चोरी की वारदात सामने आई है। मंदिर के मुख्य गेट के पास नारियल फोड़ने के स्थान पर रखे दानपात्र को अज्ञात चोर उठाकर फरार हो गए। दानपात्र में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई हजारों रुपए की नकदी होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह जब मंदिर के कपाट खोलने पुजारी गए, तब मुख्य प्रवेश द्वार के पास रखा दानपात्र गायब मिला। मंदिर प्रबंधन ने तत्काल पारा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। यह चार दिनों के भीतर मंदिर में चोरी की दूसरी घटना है। इससे पहले मंदिर से घंटा चोरी होने का मामला सामने आया था, जिसमें पुलिस ने जांच के दौरान मंदिर के एक सेवकदार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। लगातार दूसरी चोरी की घटना ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और श्रद्धालु मंदिर पहुंच गए। लोगों ने मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। पारा पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर संदिग्धों की तलाश कर रही है।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए विधायिका का सशक्त, जागरूक और जिम्मेदार होना आवश्यक : सतीश महाना

**पटना/लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने रविवार को कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए विधायिका का सशक्त, जागरूक और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग होना अत्यंत आवश्यक है। भारतीय संविधान ने विधायिका को महत्वपूर्ण शक्तियां प्रदान की हैं। इसलिए एक विधायक की सबसे बड़ी पहचान विधानसभा से ही बनती है। उन्होंने कहा कि सहमति-असहमति, संवाद और सार्थक चर्चा लोकतंत्र की मूल भावना को मजबूत करते हैं।

विधानसभा के अध्यक्षसतीश महाना ने रविवार को बिहार विधानसभा के नवनिर्वाचित एवं वर्तमान सदस्यों के लिए गया जी स्थित बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) परिसर में आयोजित दो दिवसीय 'प्रबोधन कार्यक्रम' में विधायकों को संसदीय परंपराओं, विधायी प्रक्रियाओं और जनप्रतिनिधियों के दायित्वों के संबंध में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था लोकतांत्रिक व्यवस्था है, राजशाही नहीं। अब शासन व्यवस्था बैलेट की ताकत से संचालित होती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चारों स्तंभों की अपनी-अपनी भूमिका, सीमाएं और जिम्मेदारियां निर्धारित हैं लेकिन विवाद की स्थिति तभी उत्पन्न होती है, जब कोई एक स्तंभ दूसरे के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप कर टकराने का प्रयास करता है। इसलिए लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है कि सभी स्तंभ अपनी संवैधानिक मर्यादाओं के अनुरूप कार्य करते हुए अपनी भूमिका का प्रभावी निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और जनता के बीच विश्वास का संबंध सबसे महत्वपूर्ण होता है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने कभी भी जनता से यह वादा नहीं किया कि प्रत्येक कार्य निश्चित रूप से पूरा हो जाएगा, लेकिन हमेशा यह भरोसा दिलाया कि जनहित के कार्यों को पूरा करने के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ प्रयास अवश्य किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि जनता को जब यह विश्वास होता है कि उसका प्रतिनिधि उसके हितों के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है, तो यही विश्वास लोकतंत्र को मजबूत करता है।

# रोहित मिश्रा ने संभाली भाजयुमो की कमान बोले- भाजपा की प्रचंड विजय सुनिश्चित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वह 1090 चौराहे से पार्टी मुख्यालय तक हजारों युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं और युवाओं के साथ भव्य जुलूस के रूप में पहुंचे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

उन्होंने सपा व कांग्रेस पर बयान देते हुए कहा कि वे जातिवाद से तोड़ेंगे-हम राष्ट्रवाद से जोड़ेंगे। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वे जाति का गणित लेकर आएंगे, लेकिन हम विकास का हिसाब लेकर जनता के बीच जाएंगे। वे जातिवाद के नाम पर समाज को बांटने का काम करेंगे, जबकि भाजपा राष्ट्रवाद के सूत्र में समाज को जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ मैदान में उतरेगा तथा भाजपा की प्रचंड विजय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# गन्ना समितियों से संबद्ध विद्यालयों के शिक्षक प्रशिक्षण लेकर छात्रों का करेंगे कौशल विकास

- 13 से 15 जुलाई के बीच लखनऊ में आयोजित होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के गन्ना एवं चीनी विभाग ने सहकारी गन्ना समितियों के माध्यम से संचालित विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता व विद्यार्थियों के कौशल विकास को नई दिशा देने की पहल शुरू की है। इसके लिए वाधवानी फाउंडेशन की सहयोगी संस्था स्किल्स डेवलपमेंट नेटवर्क (एसडीएन) के सहयोग से प्रदेश के चयनित शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय उच्च स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 जुलाई से 15 जुलाई तक लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान लखनऊ में आयोजित होगा। इसमें प्रदेश के आठ प्रमुख गन्ना उत्पादक जिलों बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, बलरामपुर और बस्ती से चयनित 40 शिक्षक प्रतिभाग करेंगे।उत्तर प्रदेश गन्ना एवं चीनी आयुक्त मिनिस्ती एस. ने रविवार को बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक कौशल, रोजगारपरक शिक्षा और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करना है, ताकि वे अपने-अपने शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को नई तकनीकों और रोजगारपरक कौशल से जोड़ सकें। इससे छात्रों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक रोजगार बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करने में सहायता मिलेगी।

### भविष्य की प्रतिस्पर्धी चुनौतियों के लिए तैयार करने का लक्ष्य

प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शिक्षक सहकारी गन्ना समितियों के सहयोग से संचालित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में व्यावहारिक दक्षता विकसित कर उन्हें भविष्य की प्रतिस्पर्धी चुनौतियों के लिए तैयार करना भी है।

# यूएसडीटी के जरिए चीनी साइबर ठगों को पहुंचाते थे ठगी की रकम, नौ गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की क्राइम ब्रांच और मड़ियाव थाना पुलिस ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए रविवार को नौ साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 50 एटीएम कार्ड, बैंकिंग दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, 53 हजार एक सौ रुपये नकद बरामद हुआ है। आरोपित साइबर ठगी की रकम को यूएसडीटी के जरिए चीनी साइबर ठगों को पहुंचाते थे। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को 10 हजार रुपये के पुरस्कार की घोषणा की गयी है।

डीसीपी नार्थ गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि सीवाई ब्रज के अन्तर्गत एनसीआरपी-जेएमआईएस पोर्टल से कुछ म्यूल अकाउंट के सत्यापन के दौरान कुछ अकाउंट संदिग्ध लगे। पुलिस ने जांच शुरू की और तकनीकी विश्लेषण, बैंकिंग डाटा, डिजिटल सर्विलांस की मदद से केशवनगर मोड़ के पास खड़े मोहम्मद शाहरूख को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में उसने अपना बैंक खाता साइबर ठगी में उपयोग के लिए उपलब्ध कराना स्वीकार किया और अपने तथा अन्य साथियों के आईआईएम रोड स्थित होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस कार्रवाई कर उसके गिरोह में शामिल आठ और आरोपितों को आईआईएम रोड सर्विस लेन के पास से गिरफ्तार कर लिया। इस तरह से कुल 09 लोगों को पकड़ लिया गया।



पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम जानकीपुरम निवासी महफूज खान के अलावा एलएलबी छात्र सैय्यद अबदुल्ला मो.बसर, मो. रुबान, नीट की तैयारी कर रहा शाबिर, सिकंदर, फरहान और तुफैल हैं। इनमें कुछ लड़के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं, लेकिन अपना ठिकाना इन्होंने लखनऊ में बनाया हुआ था।

इनके पास से उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों से ज्ञात हुआ कि आरोपितों ने विभिन्न जनपदों के भोले-भाले एवं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को धन का लालच देकर उनके नाम से विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाए जाते थे। इसके बाद उन खातों का विवरण उनके एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक, मोबाइल नंबर, इंटरनेट बैंकिंग आईडी, पासवर्ड एवं अन्य बैंकिंग विवरण अपने कब्जे में लेकर उन खातों को म्युचुअल अकाउंट के रूप में संचालित किया जाता था।

इन बैंक खातों में देशभर में होने वाली साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि जमा कराई जाती थी। इसके पश्चात आरोपित विभिन्न एटीएम के माध्यम से नकद निकासी करते थे अथवा धनराशि को आगे ट्रांसफर कराते थे। साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि को म्युचुअल अकाउंट के जरिए उसे विभिन्न माध्यमों से क्रिप्टोकरेंसी (यूएसडीटी) में परिवर्तित किया जाता था। फिर चीनी साइबर अपराधियों के डिजिटल वॉलेट्स में ट्रांसफर करते थे। इन्हें इनका कमीशन मिलता था। टेलीग्राम और अन्य माध्यमों से साइबर ठग विदेशी साइबर अपराधियों के साथ हमेश संपर्क में रहते थे।

### अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के संबंध में विस्तृत जांच जारी

डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने बताया कि वे आजम एवं अब्दुल नाम के व्यक्तियों के माध्यम से इस नेटवर्क से जुड़े थे। इनके कहने पर अलग-अलग जिलों में बैंक खाते खुलवाए जाते थे तथा संबंधित खाताधारकों से एटीएम कार्ड, चेकबुक एवं अन्य बैंकिंग दस्तावेज प्राप्त कर लिए जाते थे। साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि खातों में आने के बाद उसे निकालकर अथवा यूएसडीटी में परिवर्तित कर विदेशी साइबर अपराधियों तक पहुंचाया जाता था। इन गिरफ्तार आरोपितों के मोबाइल फोन, टैबलेट, बैंक खातों, डिजिटल वॉलेट, वित्तीय लेन-देन, क्रिप्टो ट्रांजैक्शन, टेलीग्राम चैट एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का फॉरेंसिक परीक्षण कराया जा रहा है। गिरोह के अन्य सदस्यों, विदेशी साइबर अपराधियों से इनके संबंध, धनराशि के अंतिम लाभार्थियों तथा अंतरराज्यीय एवं अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के संबंध में विस्तृत जांच जारी है।

**सराहनीय** — 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जन आंदोलन का दिया रूप

# हरित महाअभियान में शिक्षा विभाग के संस्थानों में रोपे गए 50.60 लाख पौधे

- पौधरोपण के साथ संरक्षण का संकल्प, सभी शिक्षा मंत्रियों ने कहा- 'नई पीढ़ी से जुड़ेगा हरित उत्तर प्रदेश का भविष्य'
- 'हरित उत्तर प्रदेश का संकल्प नई पीढ़ी के हाथों में' : योगेंद्र उपाध्याय
- 'बचपन से ही पर्यावरण से जुड़ें बच्चे' : संदीप सिंह
- 'माध्यमिक विद्यालय बने हरित शिक्षा के केंद्र' : गुलाब देवी



**विभागवार पौधरोपण**

उच्च शिक्षा विभाग : 20 लाख पौधे
बेसिक शिक्षा विभाग : 12 लाख पौधे
माध्यमिक शिक्षा विभाग : 11 लाख पौधे
प्राविधिक शिक्षा विभाग : 5 लाख पौधे
व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग : 2.60 लाख पौधे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित 35 करोड़ पौधरोपण महाअभियान-2026 में शिक्षा विभाग ने ऐतिहासिक भागीदारी निभाते हुए प्रदेशभर के विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में संयुक्त रूप से 50.53 लाख पौधे रोपे। विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार के मार्गदर्शन में उच्च शिक्षा विभाग ने 20 लाख पौधरोपण कर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को नई ऊंचाई दी है। 24 राज्य विश्वविद्यालयों, 56 निजी विश्वविद्यालयों और 8,000 महाविद्यालयों के 50 लाख विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा गया है। हर परिसर में मियावाकी पद्धति से हरित वाटिकाएं विकसित हो रही हैं। यह केवल पौधरोपण नहीं, बल्कि सतत विकास के संस्कार हैं। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों, केजीबीवी, बीआरसी व संकुलों में 12 लाख पौधरोपण कर बच्चों को प्रकृति से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि बच्चा जब पहली बार स्कूल आए, तभी से पेड़-पौधों से उसका रिश्ता बने। शिक्षकों, एसएमसी, अभिभावकों और बच्चों ने जैव विविधता व जल संरक्षण का संकल्प लिया। महानिदेशक मोनिका रानी ने स्वयं झांसी में 'नंदन वन' का निरीक्षण कर पौधों के संरक्षण की व्यवस्था परखी।

माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा कि राजकीय, सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों, संस्कृत विद्यालयों व डीआईओएस कार्यालयों में 11 लाख पौधे रोपे गए। योगी सरकार का लक्ष्य हर माध्यमिक विद्यालय को हरित शिक्षा का केंद्र बनाना है। छात्र-छात्राओं को जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। शिविर कार्यालय 18 पार्क रोड व एससीईआरटी निशातगंज में हरसिंगार, नाग चंपा, एरिका पाम व सहजन के पौधे लगाए गए।

### 'तकनीकी संस्थानों से निकलेगा हरित नवाचार' : आशीष पटेल

प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं तकनीकी संस्थानों में 5 लाख पौधरोपण कर 'हरित नवाचार' की नींव रखी गई है। योगी सरकार तकनीकी शिक्षा के साथ पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा दे रही है। तकनीकी छात्र अब सोलर, वेस्ट मैनेजमेंट व ग्रीन टेक्नोलॉजी के साथ पौधरोपण को भी अपने प्रोजेक्ट का हिस्सा बना रहे हैं।

### 'स्किल के साथ संस्कार भी जरूरी' : कपिल देव अग्रवाल

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आईटीआई, कौशल विकास केंद्रों एवं अन्य संस्थानों में निर्धारित लक्ष्य 2.53 लाख पौधे की तुलना में 2.60 लाख पौधे रोपे गए। योगी सरकार हुनर के साथ-साथ हर युवा में प्रकृति संरक्षण का संस्कार भी दे रही है। आईटीआई के प्रशिक्षार्थियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाकर मातृत्व और पर्यावरण दोनों के प्रति सम्मान प्रकट किया है।

### हरित उत्तर प्रदेश को मिली नई ऊर्जा

35 करोड़ पौधरोपण महाअभियान में शिक्षा विभागों की सक्रिय भागीदारी ने हरित उत्तर प्रदेश के संकल्प को नई ऊर्जा दी। सभी शिक्षा से जुड़े मंत्रियों ने कहा कि योगी सरकार में पौधरोपण अब केवल अभियान नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के संस्कार और जनभागीदारी का स्थायी आंदोलन बन चुका है। रोपे गए सभी पौधों की जियो-टैगिंग कर नियमित देखभाल सुनिश्चित की जा रही है।

# श्रद्धांजलि नहीं, न्याय चाहिए : मासूम बेटी की मौत पर लखनऊ में फूटा जनाक्रोश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजस्थान के श्रीगंगानगर में दरिंदगी का शिकार हुई 13 वर्षीय मासूम बेटी के निधन ने पूरे देश को शोक, आक्रोश और आत्ममंथन के दौर में ला खड़ा किया है।

इसी पीड़ा को स्वर देने और पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करने के उद्देश्य से रविवार को लखनऊ के मुंशी पुलिया मेट्रो स्टेशन पर श्रद्धांजलि सभा एवं न्याय पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्ध नागरिकों ने सहभागिता करते हुए मासूम बेटी को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की और दोषियों को शीघ्र एवं कठोरतम दंड दिए जाने की मांग की।

इस श्रद्धांजलि सभा का वातावरण केवल शोक तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रत्येक उपस्थित व्यक्ति के मन में एक ही प्रश्न गूंज रहा था–आखिर बेटियां कब तक असुरक्षित रहेंगी? इस सामूहिक पीड़ा को जनआंदोलन का स्वर देने के लिए अरुणिमा वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्षा एडवोकेट सुमिता तिवारी के नेतृत्व तथा सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या रीति कुशवाहा के सहयोग से न्याय पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत बालिका की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।




- मुंशी पुलिया मेट्रो स्टेशन से निकली न्याय पदयात्रा, दोषियों के लिए शीघ्र एवं कठोरतम दंड की उठाई मांग

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए एडवोकेट सुमिता तिवारी ने अत्यंत भावुक शब्दों में कहा कि किसी भी सभ्य और संवेदनशील राष्ट्र की वास्तविक पहचान उसकी बेटियों की सुरक्षा से होती है। यदि आज भी एक मासूम बच्ची को भय, हिंसा और दरिंदगी का सामना करना पड़ रहा है, तो यह केवल कानून-व्यवस्था ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक चेतना पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। उन्होंने कहा कि पांच दिनों तक आईसीयू में जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद उस मासूम का असमय निधन केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे देश की अपूरणीय क्षति है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि देने का औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि न्याय की उस आवाज को बुलंद करने का संकल्प है, जो तब तक शांत नहीं होगी जब तक दोषियों को उनके अपराध के अनुरूप कठोरतम दंड नहीं मिल जाता।

# विधायक अरविंद सिंह ने लगाए छायादार, फलदार व औषधीय पौधे

कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

प्रदेशव्यापी वृहद पौधारोपण अभियान के तहत ददरौल में रविवार को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान का शुभारंभ विधायक अरविंद सिंह ने जलालाबाद-शाहजहांपुर स्टेट हाईवे के किनारे छायादार, फलदार एवं औषधीय प्रजातियों के पौधे लगाकर किया। इसके बाद भंडेरी गांव स्थित अमृत सरोवर एवं कुर्रियाकलां मे फूलमती मन्दिर परिसर में भी पौधारोपण किया गया।कार्यक्रम में विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, प्रदूषण कम करने और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करते हुए उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का आह्वान किया।नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने बताया कि अभियान के अंतर्गत नगर



पंचायत क्षेत्र में 2,159 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और नियमित देखभाल को सुनिश्चित करना भी है, ताकि लगाए गए पौधे भविष्य में हरे-भरे वृक्ष बनकर पर्यावरण को समृद्ध कर सकें।अभियान में सभासदों और स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।इस अवसर पर सभासद लालजीत राठौर, गिरीश मिश्रा, सिकदार सिंह, मुनीश कुमार, रजनीश कश्यप, योगेश शर्मा, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, संतोष दीक्षित, ओम प्रकाश मिश्रा, अमरदीप शुक्ला, अवनीश सिंह सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत खुदागंज में वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर पंचायत खुदागंज में रविवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री सर्वेश शर्मा एवं क्षेत्रीय विधायक वीर विक्रम सिंह ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया तथा उपस्थित लोगों से अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हरित वातावरण का निर्माण भावी पीढ़ियों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह ने नगर क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के लिए निरंतर जनसहभागिता की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिवस का कार्यक्रम न होकर जन-आंदोलन का स्वरूप ग्रहण करे। उन्होंने नगर पंचायत द्वारा संचालित इस अभियान की सराहना करते हुए नागरिकों से इसकी सफलता में सक्रिय सहयोग की अपील की।अधिशासी अधिकारी नूरजहाँ ने बताया कि नगर पंचायत पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ, स्वस्थ नगर के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उनके नेतृत्व में चलाए जा रहे स्वच्छता एवं हरित पहल के अंतर्गत आगामी दिनों में भी व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा, जिससे नगर का हरित आवरण सुदृढ़ हो सके। इस अवसर पर नगर पंचायत के समस्त




सभासद, कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

## वृक्षारोपण भी मानव सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम

### रेड क्रॉस-राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ने किया संयुक्त वृक्षारोपण



**शाहजहांपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, नगर एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा प्रदेश सरकार की मंशानुसार, डीएम एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष के निर्देशन में माँ के नाम एक पेड़ जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. मुकेश कुमार ने कहा कि जिस प्रकार मां हमें जन्म देकर हमारा पालन-पोषण करती है, उसी प्रकार वृक्ष हमें प्राणवायु, स्वच्छ वायु एवं शुद्ध पर्यावरण प्रदान कर मानव जीवन की रक्षा करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसका संरक्षण भी करना चाहिए। जिला पर्यावरण समिति शासन द्वारा नामित सदस्य अतुल सक्सेना ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डा. अचला गुप्ता ने अपील करते हुए कहा कि यदि हम अपनी मां के प्रति सच्चा सम्मान व्यक्त करना चाहते हैं तो उनके नाम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी नियमित देखभाल करें। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव डा. विजय जौहरी ने कहा कि रेड क्रॉस का मूल उद्देश्य मानव सेवा, मानव जीवन की रक्षा तथा पीड़ित मानवता की सहायता करना है। वृक्षारोपण भी मानव सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, क्योंकि एक वृक्ष वर्षों तक अनगिनत लोगों को प्राणवायु प्रदान कर जीवन का आधार बनता है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रदेश सरकार के इस जनजागरूकता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया तथा रेडक्रॉस कार्यालय द्वारा लोगों को वृक्ष भी वितरित किये गए।

इससे पूर्व हथौरिया गांव में आयोजित कार्यक्रम में भी रेड क्रॉस के सचिव डॉ विजय जौहरी ने जिलाधिकारी अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी नेतृत्व में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की जिसका शुभारम्भ उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री माननीय श्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया। सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सरोज श्रीवास्तव, बृजेश गुप्ता, समाजसेवी अजय शर्मा पंडित गजेंद्रनाथ आचार्य, रियाजुद्दीन, नवजोत सिंह, योगाचार्य मृदुल गुप्ता, पूजा देवी श्रवण अनुपम शैलेन्द्र गुप्ता सहित इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के स्वयंसेवक तथा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए सरकार के हरित अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने का संदेश दिया।

## वृक्षारोपण महायज्ञ में नन्हें हाथों की प्रथम आहुति

**शाहजहांपुर।** वन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित वृक्षारोपण महायज्ञ के अंतर्गत रविवार को जनपद में लाखों पौधों का रोपण किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों द्वारा सहभागिता कर पौधारोपण किया गया। इस हरित अभियान में मानवता वेलफेयर सोसायटी संस्थापक अमित श्रीवास्तव के सुपुत्र 8 माह के वेद श्रीवास्तव ने भी अपने नन्हे हाथों से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अमित श्रीवास्तव जजी कचहरी में प्रैक्टिस करते हैं। कई सालों से समाजसेवा से जुड़े हुए हैं।



## कोतवाली परिसर में जिला पंचायत सदस्य ने किया पौधरोपण

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सिधौली कोतवाली परिसर में रविवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र पाल ने पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने लोगों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की भी अपील की। कोतवाली पुलिस ने भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए परिसर को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया और लोगों से अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मी एवं अन्य लोग भी मौजूद रहे।



## खबरें एक नजर में

### गवाही न देने की धमकी, मारपीट में तीन पर मुकदमा दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर मुकदमे में गवाही न देने की धमकी देने और मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव तेरा निवासी कमर जहां ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 5 जुलाई को उनकी बेटी परी बानो दूसरे मकान पर जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गांव के कुछ लोगों ने उसे रोककर उसकी मां को मुकदमे में गवाही न देने के लिए धमकाया। विरोध करने पर अरबाज खान और शाहनवाज खान ने परी बानो के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। घटना में गुलिस्ता और गुलापसा के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### ढाबा स्वामी ने कराई दो नामजद व अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** ढाबा परिसर में घुसकर गाली गलौज कर पिटाई करने का आरोप लगाते हुए ढाबा स्वामी ने दो को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला पचासा निवासी ढाबा स्वामी अशोक पुत्र जयराम ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसका हाईवे किनारे कल्लू ढाबा है।आरोप है कि ढाबा पर चीनी मिल कॉलोनी निवासी रिंकू व मोहल्ला सितारगंज निवासी ईसू आए दिन अपने अन्य साथियो के साथ आकर गाली गलौज व झगडा कर मारने पीटने को उतारू हो जाते हैं आरोप है कि बीती नौ जुलाई की शाम सात बजे रिंकू व ईसू अन्य साथियो के साथ ढाबा परिसर में घुस आये और शराब पीकर गालियां देने लगे विरोध करने पर उक्त सभी ने डण्डे से मारा पीटा और जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए।मारपीट में वह बुरी तरह चोटिल हो गया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### स्कूल से गैस सिलेंडर, अग्नि शमन सिलेंडर व सबमरसेवल मोटर चोरी, पुलिस ने एक पखबाड़े बाद की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** प्राथमिक विद्यालय से गैस सिलेंडर समेत अन्य सामान चोरी हो जाने की इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर क्षेत्र से सटे प्राथमिक विधालय अमनपुर गौटिया के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अमित सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 26 जून की रात मे स्कूल के अतिरिक्त कक्ष रसोई घर से एक गैस सिलेडर, गैस भट्टी, दो अग्निशमन सिलेंडर, एक समर्सेबल मोटर व स्टील की 10 प्लेट चोरी हो गई है। जिसकी जानकारी अगले दिन स्कूल पहुंचने पर हुई पुलिस ने चोरी की एक पखवाड़े बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### डॉ अंबेडकर पर अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ सीओ को दी तहरीर

**तिलहर-शाहजहापूर।** भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ अभद्र एवं अपमानजनक टिप्पणी करने की वीडियो वायरल मामले की बसपा कार्यकर्ताओं ने सीओ इशिका सिंह को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। नगर के मोहल्ला निजामगंज निवासी राकेश सागर पुत्र नत्था लाल ने दी तहरीर में कहा है कि बीती 10 जुलाई को सोशल मीडिया पर एक वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा। जिसमें कटरा क्षेत्र के गांव वैबहा निवासी विष्णु पुत्र सत्यपाल द्वारा बाबा साहब को गालियां एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया है जिससे पूरे समाज व बाबा साहब अंबेडकर के अनुयायियों में बेहद आक्रोश है।

### 11 वर्षीय बालक मंजीत लापता, गुमशुदगी दर्ज

**सिधौली (शाहजहांपुर)।** थाना सिधौली क्षेत्र के गांव मियांपुर निवासी सर्वेश उर्फ उमेश की तहरीर पर पुलिस ने उनके 11 वर्षीय बेटे मंजीत की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहरीर में बताया गया कि 8 जुलाई की सुबह करीब 8 बजे मंजीत अपने छोटे भाई-बहनों के साथ गांव के स्कूल में पढ़ने गया था। स्कूल जाने के बाद वह वापस घर नहीं लौटा। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिजनों ने आसपास के गांवों और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों के अनुसार मंजीत का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। इसके बाद सर्वेश उर्फ उमेश ने कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर बालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है तथा संभावित स्थानों पर उसकी खोजबीन जारी है।

### बंडा में दिनदहाड़े मकान से 25 हजार की नकदी चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**बंडा, शाहजहांपुर।** थाना बंडा क्षेत्र के मोहल्ला सुनासर नाथ स्थित एक मकान में दिनदहाड़े चोरी की एक घटना सामने आई है। यहाँ एक अज्ञात चोर ने मकान की अलमारी का ताला खोलकर उसमें रखे 25,000 रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। केशव गुप्ता पुत्र अशोक गुप्ता ने पुलिस को दी अपनी तहरीर में बताया कि शनिवार को दिन में करीब 10:00 बजे से 12:00 बजे के बीच उनके नए मकान में यह चोरी हुई। उन्होंने बताया कि मकान की बैठक में रखी अलमारी की चाबी वहीं पास में ही छूट गई थी। इसी का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने अलमारी खोली और उसमें रखी 25 हजार रुपये की नगदी चुराकर फरार हो गया। पीड़ित ने तहरीर में स्पष्ट किया है कि उनकी किसी भी व्यक्ति पर कोई शंका या रंजिश नहीं है। घटना के अगले दिन रविवार को पीड़ित ने थाना बण्डा पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की रिपोर्ट दर्ज करने और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कब्रिस्तान के गेट पर गरजी जेसीबी

- आनन-फानन में दर्जनों मिस्त्री मजदूर लगाकर कराई गई बाउंड्री वॉल
- सुबह आठ बजे से अपरान्ह चार बजे तक डटी रही पुलिस फोर्स

तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



नगर में कब्रिस्तान के निकास और निजी स्वामित्व को लेकर विवाद के चलते शनिवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कब्रिस्तान का गेट जेसीबी से ध्वस्त कर बाउंड्री बाल तैयार कर दी गई अनिष्ट की आशंका के चलते अपरान्ह चार बजे तक पुलिस मौके पर मुस्तैद रही। गौर तलब है कि नगर के आर्य समाज मंदिर के सामने स्थित छंगेलाल मंदिर के ठीक पीछे कब्रिस्तान से सटे करीब पौने तीन बीघा जमीन का नगर के उद्योगपति राकेश गुप्ता के नाम होने और कब्रिस्तान के गेट का उनकी बैनामा सुदा जमीन के बीच लगा होने को चलते निकास बंद कर हाइवे की ओर गेट लगाए जाने की पेशकश की गई थी जिसमें कब्रस्तान से जुड़े पक्ष ने इस पर सहमति नहीं जताई। विगत माह स्व राकेश गुप्ता के निजी कर्मी (निगरानी कर्ता) अलीमुद्दीन शाह ने कोतवाली में कुछ लोगों द्वारा सुमन गुप्ता पत्नी स्व राकेश गुप्ता की जमीन पर कब्जेदारी को लेकर मोहल्ला मीरगंज में झगड़ा फसाद और मारपीट किए जाने की बाबत रिपोर्ट दर्ज कराई थी पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से भी मामला दर्ज किया था उक्त मामले की निष्पक्ष विवेचना न किए जाने की शिकायत के चलते एक सप्ताह पूर्व विवेचक एसआई प्रमोद कुमार को लाइन हाजिर भी किया जा चुका है शनिवार को सुबह आठ बजे प्रशासनिक अमले के साथ कई थानों की भारी पुलिस फोर्स उक्त विवादित स्थल पर पहुंची आनन फानन में कब्रिस्तान का गेट जेसीबी से ध्वस्त किए जाने के बाद निगरानी कर्ता अलीमुद्दीन शाह की देख रेख में दर्जनों मिस्त्री मजदूर लगाकर उक्त भूखंड की बाउंड्री बाल करा दी गई। लोगों ने बताया कि उक्त भूखंड के हिस्से में एक चबूतरा बना था जिसपर दसवां संस्कार आदि कर्मकांड किए जाते थे। वही जानकारों की माने तो उक्त भूखंड वक्फ संख्या 522 खसरा संख्या 139 जिसका रकबा 0.45 डिसमिल है जो सर्वे के बाद 15 जून 1984 में बतौर मुतवल्ली रुस्तम शाह पुत्र रफायत के नाम वक्फ संपत्ति में दर्ज है। अब प्रश्न यह उठता है कि वक्फ संपत्ति की क्या मुतवल्ली द्वारा बिक्री क्या की जा सकती है ?

उधर एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि कब्रिस्तान का गेट तोड़े जाने और बाउंड्री बॉल का निर्माण किए जाने की उन्हें कोई जानकारी नहीं है वह सुबह एनएचएआई के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान में जरूर पहुंचे थे फिलहाल नगर में भारी पुलिस बल व एलआईयू की मौजूदगी आनन फानन में कब्रिस्तान गेट तोड़े जाने और जमीन पर कब्जा किए जाने की चर्चा गरम रही।

## विकास मामलों में शहीदों के जनपद की पिछड़े में गिनती: पीर मोहम्मद

**प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन**

**तिलहर-शाहजहाँपुर।** कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष व पूर्व सभासद डॉ पीर मोहम्मद अंसारी ने उत्तर प्रदेश में रेल सेवाओं की बहाली, औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन एवं आधारभूत संरचना के समग्र विकास हेतु प्रधान मंत्री को छह सूत्रीय ज्ञापन भेजकर जनहित में समाधान की मांग की है। उन्होंने जनपद शाहजहाँपुर को अमर शहीद अशफाक उल्ला खान, पंडित रामप्रसाद बिस्मिल व ठाकुर रोशन सिंह की धरती बताते हुए विकास, उद्योग, रोजगार, परिवहन, रेल सुविधाओं तथा आधारभूत संरचना की दृष्टि से उत्तर प्रदेश के पिछड़े जनपदों में गिने जाने पर दुख जताते हुए शाहजहांपुर जनपद की ओर ध्यानाकर्षण कर समाधान की मांग की है। डॉक्टर अंसारी ने जनता एक्सप्रेस, वाराणसी-देहरादून सेवा, नौचंदी एक्सप्रेस, इलाहाबाद-मेरठ रेल सेवा, लखनऊ-सहारनपुर पैसेंजर, बरेली-इलाहाबाद पैसेंजर, दिल्ली-शाहजहाँपुर पैसेंजर की पुनः बहाली किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में शाहजहाँपुर स्थित ऑर्डनेंस क्लोदिंग फैक्ट्री में रिक्त पदों पर भर्ती शुरू किए जाने, तिलहर कटरा क्षेत्र में औद्योगिक इकाई संचालित किए जाने, युवाओं के लिए विशेष रोजगार एवं कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जाने, जनपद के समग्र विकास हेतु विशेष केंद्रीय विकास पैकेज स्वीकृत किये जाने, नीति आयोग तथा संबंधित मंत्रालयों से जनपद के विकास की विस्तृत समीक्षा कराई जाने, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं औद्योगिक सुविधाओं के विकास हेतु समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कराई जाने की प्रमुख मांगे शामिल हैं।

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

**बंडा, शाहजहांपुर।** नघरेलू कलह के चलते महिला ने कीटनाशक पदार्थ पी लिया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। गांव नबीनगर के सोनू की पत्नी कविता 35 वर्ष ने घरेलू कलह चलते शनिवार सुबह घर में रखा कीटनाशक पदार्थ पी लिया उन्हें कसगंजा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर बरेली के लिए रेफर किया गया रास्ते में पूरनपुर के पास उसकी मौत हो गई। सूचना पर मायके पक्ष उनके पिता नेम सिंह की सूचना पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। कविता के प्रिंस नो वर्ष और शनि सात वर्ष दोनो पुत्रो का रो रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया की शव को पीएम के लिए भेजा गया है तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाए।

## शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

थाना जलालाबाद पुलिस ने एक युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने और ब्लैकमेल करने के आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 25 मई 2026 को थाना जलालाबाद क्षेत्र की एक पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि ग्राम मुड़िया आस निवासी पठान आरिफ अहमद हसन ने उसे शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि आरोपी ने युवती को ब्लैकमेल कर




उसके बैंक खाते से धनराशि भी अपने खाते में स्थानांतरित कराई। जब पीड़िता ने निकाह का दबाव बनाया, तो आरोपी और उसके परिजनों (आमिर उर्फ बबुए, नाजिम हसन और अहमद हसन पठान) ने युवती को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुअसं. 232/2026, धारा 69, 352, 351(3), 316(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। वउनि. सकतावत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन गुजरात में ट्रेस की। 10 जुलाई को थाना जलालाबाद पुलिस ने अहमदाबाद के गोमतीपुर थाना क्षेत्र से मुख्य आरोपी पठान आरिफ अहमद हसन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर शाहजहाँपुर पहुँची और उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस पूरी कार्यवाही में वउनि. सकतावत सिंह और रि.का. अभिषेक पंवार की मुख्य भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है।

## खेत में जबरन पाइपलाइन डालने का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनसिंहपुर के मजरा महारानीगंज निवासी रोहित कुमार ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी ने उसके खेत में बिना अनुमति जबरन पाइपलाइन डाल दी। इस संबंध में उन्होंने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। रोहित कुमार का आरोप है कि पड़ोसी ने उसके खेत की खुदाई कर जबरन पाइपलाइन बिछा दी। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपित पक्ष गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। पीड़ित का कहना है कि इस घटना से उसे आर्थिक नुकसान होने के साथ-साथ जान-माल का भी खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने थाना खुटार पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने तथा न्याय दिलाए जाने की मांग की है।

## जनसमस्याओं के समाधान की पहल, समाजसेवी ने खोला संवाद का द्वार

- एक कॉल-सीधी सुनवाई का भरोसा, हर वर्ग तक पहुंचने का प्रयास

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

आमजन की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके त्वरित समाधान की दिशा में समाजसेवी संजय गुप्ता पाइप वाले ने एक पहल करते हुए सार्वजनिक संपर्क नंबर जारी किया है। पहल का उद्देश्य सर्वसमाज के लोगों से निरंतर संवाद स्थापित करना और उनकी बात को प्राथमिकता के साथ सुनना है। जारी किए गए नंबर 9005806888 के माध्यम से अब



कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या, सुझाव अथवा स्थानीय मुद्दों को सीधे साझा कर सकेगा। समाजसेवी संजय गुप्ता का कहना है कि प्रत्येक प्राप्त शिकायत और सुझाव को व्यवस्थित रूप से दर्ज कर उसके समाधान के लिए संबंधित स्तर पर प्रभावी पहल की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल संपर्क का माध्यम नहीं, बल्कि जनसमस्याओं के वास्तविक निराकरण का प्रयास है। वर्तमान समय में जहां आमजन को अपनी बात रखने के लिए मंच की कमी महसूस होती है, ऐसे में यह पहल संवाद और भरोसे की कड़ी को मजबूत करने वाली मानी जा रही है। समाजसेवी संजय गुप्ता ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाना और बिना भेदभाव सभी की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समाधान की दिशा में काम करना है।

## डेढ़ करोड़ की लागत से ग्राम पंचायत लालपुर में बनेगा उत्सव भवन

**बंडा, शाहजहांपुर।** ब्लॉक बंडा की ग्राम पंचायत लालपुर आजादपुर में 1 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त उत्सव भवन का निर्माण कराया जाएगा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फतेहचंद वर्मा के प्रयासों से स्वीकृत इस परियोजना से गांव और आसपास के हजारों लोगों को शादी-विवाह, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने इसे पंचायत के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फतेहचंद वर्मा ने बताया कि भवन का निर्माण निर्धारित सरकारी मानकों के अनुरूप और पूरी गुणवत्ता के साथ कराया जाएगा। प्रधान प्रतिनिधि फतेहचंद वर्मा ने कहा कि कुछ लोगों के मन में भ्रम है कि स्थिति है इसलिए भाई स्पष्ट करना चाहते हैं कि उत्सव भवन के निर्माण में ना ही कोई पेड़ काटा जाएगा। धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण का पूरा ध्यान रखा जाएगा। गांव के गंगाराम, रमाकांत, हरीराम और किशोर चंद्र ने कहा कि उत्सव भवन बनने से गरीब परिवारों को महंगे मैरिज हॉल की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। साथ ही सामाजिक बैठकों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सम्मान समारोहों के लिए भी एक स्थायी स्थान उपलब्ध होगा। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य जल्द शुरू होकर समयबद्ध ढंग से पूरा होगा, जिससे पंचायत को नई पहचान मिलेगी।

# 1544.86 लाख रुपये से बनने वाले सदर तहसील के अनावासीय भवनों का वित्त मंत्री ने किया शिलान्यास

- नए तहसील भवन के निर्माण से आम नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी: वित्त मंत्री

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने हथौड़ा में 1544.86 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सदर तहसील के अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य का बटन दबाकर शिलापट का अनावरण करते हुए शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नए तहसील भवन के निर्माण से आम नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा सदर और ददरौल विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन भी अधिक सुगम हो जाएगा।वित्त मंत्री ने भवन निर्माण के लिए चयनित स्थल को उपलब्ध कराने एवं उसे निर्माण योग्य बनाने के लिए जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नए परिसर में पर्याप्त पार्किंग और खुली जगह की व्यवस्था होने से आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि सैटलाइट बस अड्डे के संचालन से सीतापुर, हरदोई, बरेली और मोहम्मदी के लिए यातायात संपर्क बेहतर हुआ है। साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने जिलाधिकारी को थर्ड पार्टी से सत्यापन कराने के निर्देश दिए और कहा कि प्रत्येक कार्य में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।मंत्री ने बताया कि क्षेत्र में नाले के निर्माण का कार्य भी प्रस्तावित है, जिसका कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि तहसील भवन के निर्माण से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर में नागरिकों को वे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है जो प्रदेश के बड़े शहरों में उपलब्ध हैं। शिक्षा, चिकित्सा और महिला सशक्तिकरण सहित सभी क्षेत्रों में सरकार लगातार कार्य कर रही है।वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने जनपद में अस्पताल, स्पोर्ट्स स्टेडियम, हॉकी क्लब, नक्षत्रशाला, हथौड़िया पुल तथा जनपद न्यायालय सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता और निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं।राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि वित्त मंत्री के प्रयासों से जनपद में चौमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति में सभी को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों और महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं तथा नए तहसील भवन के निर्माण से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।लोकसभा सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा कि वर्तमान तहसील तक पहुंचने में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि नए भवन के निर्माण से आम नागरिकों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस समय जनपद में सभी विधानसभा क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा कि वित्त मंत्री सदैव जनपद के विकास के लिए समर्पित रहते हैं और नए तहसील भवन के निर्माण से बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिलेगा।ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि नए तहसील भवन के निर्माण से लोगों के समय की बचत होगी तथा उन्हें बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए राजकीय महाविद्यालय की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार केवल विकास कार्यों का शिलान्यास ही नहीं करती, बल्कि उन्हें पूर्ण कराकर जनता को समर्पित भी करती है।कार्यक्रम के अंत में अपर जिलाधिकारी श्री रजनीश कुमार मिश्र ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन इंदु अजनबी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष के.सी. मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख, पार्षद, अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## असंतुलित हुई बाइक से गिरी महिला गम्भीर घायल

### सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बाइपास चौराहे ओवरब्रिज के नीचे रविवार को एक बाइक असंतुलित होने से गिरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे सीएचसी से गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक पुवायां क्षेत्र के गांव भिटौरिया निवासी सर्वराज अपनी मांगीता देवी 50 के साथ बाइक से अपने गांव बापस जा रहा था। नगर के बाइपास चौराहे ओवर ब्रिज के नीचे अचानक अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गई। जिससे गीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। सर्वराज उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# जलालाबाद पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस ने क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चोरी की घटनाओं में संलिप्त एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किया गया एक एंड्रॉयड मोबाइल और डाटा केबल बरामद किया है। थाना जलालाबाद पुलिस के अनुसार, दिनांक 11 जुलाई 2026 को एक वादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी दुकान से मोबाइल और डाटा केबल चोरी हो गया है। इस मामले में पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने नगरिया अस्पताल के सामने से संदिग्ध आस मोहम्मद निवासी ग्राम मुडिआस, थाना कांट को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी का सामान बरामद हुआ, जिसके बाद मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। गिरफ्तार अभियुक्त का लंबा आपराधिक इतिहास है। उस पर थाना जलालाबाद और थाना कलान में आबकारी अधिनियम और चोरी से संबंधित तीन अन्य मुकदमे पूर्व से दर्ज हैं। पुलिस ने विधिक कार्यवाही पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। इस महत्वपूर्ण गिरफ्तारी में मउनि काजल, उ.नि. सुधीर कुमार, हे.का. उवैश खां और का. सुबोध कुमार की भूमिका सराहनीय रही।

# रायखुर्द में आपदा प्रबंधन- प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण आयोजित हुआ

**शाहजहांपुर।** पूर्व मानसून तैनाती के अंतर्गत वर्तमान में हनुमतधाम आश्रय भवन में तैनात 8वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ द्वारा जनजागरूकता एवं सामुदायिक क्षमता निर्माण अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम रायखुर्द ददरौल में एनडीआरएफ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन एवं जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार विषय पर एक विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित, प्रभावी एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया हेतु आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्रदान करना था। प्रतिभागियों को रक्तस्राव नियंत्रण, स्प्लिंटिंग, सीपीआर,





श्वासनली अवरोध से निपटने की तकनीक, आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन निकासी की विधियां, बाढ़ के दौरान उपलब्ध संसाधनों से अस्थायी उपकरण तैयार करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिससे प्रतिभागियों ने आपदा की स्थिति में स्वयं एवं अन्य व्यक्तियों की सुरक्षा एवं सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण कौशल अर्जित किए। कार्यक्रम में लेखपाल विकास कुमार, स्थानीय ग्रामीण, स्वयंसेवक आदि उपस्थित रहे। एनडीआरएफ द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को आपदा के प्रति जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

## खेत जुताई का किराया मांगने पर करी पिटाई

**तिलहर - शाहजहांपुर।** ट्रेक्टर रूटावेटर से खेत की जुताई के पैसे मांगने पर पिता की पिटाई करने के बाद घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पीड़ित बेटी ने चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव धनकपुर निवासी नैंसी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके पिता लालबहादुर पुत्र कालीचरण 11 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे अपने ट्रैक्टर रुटावेटर से गांव के ही राजेश पुत्र दयाराम का किराये पर खेत जोतने गये थे आरोप है कि पिता ने जब जुताई के पैसे मांगे तो राजेश व बृजेश पुत्रगण दयाराम ने गालिया देते हुये डण्डो से तरह मारा पीटा आरोप है कि अपरान्ह करीब चार बजे राजेश , बृजेश , मोनू व जेपी पुत्र जयसिंह ने उसके घर में घुसकर उसे व माता सीता , पिता लाल बहादुर व भाई अभिषेक को लाठी डंडों से मारा और जान से मर देने की धमकी देते हुए चले गए पुलिस ने सभी चोटिलों की डॉक्टरी कराकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## खबरें एक नजर में

### कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में प्रमुख सचिव ने किया पौधारोपण



**शाहजहांपुर।** एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 अभियान के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय अटसलिया भावलखेड़ा में प्रमुख सचिव मनीष चौहान एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह,एसपी सौरभ शुक्ला, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, डीएफओ, बीएसए, प्रधान अन्य अधिकारी द्वारा स्काउट गाइड इको क्लब विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापिका निकहत परवीन, शिक्षिका दपिदर कौर, मीरा सिंह, शालिनी मिश्रा, नम्रता मिश्रा, वर्षा मिश्रा द्वारा बच्चों के साथ पौधे रोपित किए गए। स्काउट गाइड इको क्लब का विशेष सहयोग रहा। इको क्लब में कार्य करने वाले बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### यूकेलिप्टस का पौध बेचने जा रहे युवक पर डाल गिरने से मौत

**पेड़ की डाल पर बंदर के कूदने से हुआ हादसा, चचेरा भाई घायल**



**पुवायां, शाहजहांपुर।** रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में पेड़ की डाल सिर पर गिरने से बाइक सवार की मौत हो गई। पता चला है कि पेड़ पर बंदर के उछल कूद करने से डाल टूटकर नीचे बाइक चला रहे व्यक्ति के सिर पर आ गिरी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे चचेरे भाई को मामूली चोटें आई हैं। अरशद खां उम्र 48 वर्ष पुत्र एजाज खां जनपद लखीमपुर खीरी के उचौलिया थाना क्षेत्र के सिसोरा सहमद गांव के निवासी थे। वह अपने चचेरे भाई शबी हसन के साथ बाइक से यूकेलिप्टस की पौध बेचने के लिए पुवायां के बड़ागांव जा रहे थे। गांव से पहले एक ईंट भट्ठे के पास हादसे में अरशद की मौत हो गई। और उसका चचेरा भाई घायल हो गया। हादसे के दौरान सड़क से गुजर रहे राहगीरों के मुताबिक रास्ते में एक पेड़ पर बंदर उछल-कूद कर रहा था। जैसे ही वह एक डाल पर पहुंचा।वह टूटकर नीचे अरशद के सिर पर आ गिरी। तब तक बंदर दूसरी डाल पर चला गया।डाल इतनी बड़ी थी कि अरशद गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस अरशद को अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अरशद अपने पीछे पत्नी चंदा और चार बच्चे आजम, अनस, अरकान और सुबुही को छोड़ गए हैं। उनकी मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## मानसिक अवसाद से जूझ रहे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

- फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, घर में मचा कोहराम

**रोजा, शाहजहांपुर।** थाना रोजा के सीमावर्ती गांव मुकरमपुर में रविवार की सुबह मानसिक अवसाद जूझ रहे युवक ने घर के अंदर बरामदें में साड़ी के फंदे से झूल कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 9.30 बजे पीआरवी 6011 द्वारा सीयूजी नंबर पर सूचना दी गयी कि ग्राम मुकरमपुर में लाल सिंह पुत्र सेवाराम उम्र करीब 45 वर्ष,जाति-यादव निवासी ग्राम मुकरमपुर थाना रोजा द्वारा अपने घर के बरामदे में साड़ी के टुकड़े से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस बल व फील्ड यूनिट द्वारा मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का गहनता से निरीक्षण कर फोटो व वीडियो एकत्रित किए गये। परिजनो द्वारा बताया गया कि मृतक लाल सिंह ने मानसिक अवसाद में आत्महत्या की है। तत्पश्चात पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया हैं।

# सौगात: अब दिव्यांग छात्राओं को अनुदान से मिलेगी ई-ट्राईसाइकिल

- दिव्यांग छात्राओं का विवरण एक सप्ताह में दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दफ्तर में उपलब्ध कराए

**शाहजहांपुर, प्रभाकर मिश्रा।**

दिव्यांग छात्राओं को बेहतर शिक्षा को लेकर और उनके आवागमन को सुगम बनाने को प्रदेश सरकार ने एक अच्छी पहल की है। वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू व्यवस्था के तहत पात्र दिव्यांग छात्राओं को ई-ट्राई साइकिल खरीदने को अधिकतम 65000 तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आफिस से मिली जानकारी के मुताबिक उक्त योजना का उद्देश्य दिव्यांग छात्राओं को स्कूल, कॉलेज, प्रशिक्षण संस्थान, लाइब्रेरी, लैब और हॉस्टल तक आने जाने से की सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि आवागमन की परेशानी उनकी पढ़ाई बाधित न हो। योजना का लाभ लेने के लिए दिव्यांग छात्राओं को उत्तर प्रदेश की निवासी 16 वर्ष या उससे अधिक आयु की पात्र दिव्यांग छात्राएं योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगी। ई-ट्राईसाइकिल मिलने से छात्राओं को आत्मनिर्भरता मिलेगी और वे शिक्षा व प्रशिक्षण से निरंतर जुड़ी रह सकेंगी। जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, आर्य महिला पीजी कॉलेज, जीएफ कालेज प्राचार्य व डीआईओएस को पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं कि योजना की जानकारी अधिक से अधिक पात्र छात्राओं तक पहुंचाई जाए, ताकि कोई भी जरूरतमंद इस महत्वपूर्ण सरकारी सहायता से वंचित न रहे।

**कमर के ऊपर का भाग स्वस्थ हो:** ऐसे दिव्यांगजन जो मस्कूलर डिस्ट्रॉफी स्टॉक सेरेब्रल पाल्सी हीमोफीलिया अथवा इसी प्रकार की सारी रिक्त स्थिति से प्रभावित ऐसी छात्राएं जिनकी दृष्टि एवं मानसिक स्थिति अच्छी हो कमर के ऊपर का भाग स्वस्थ हो और जो ट्राई साइकिल पर बैठकर अपने हाथों से उसका संचालन करने में सक्षम हो योजना का लाभ प्राप्त कर सकेगी दिव्यंका मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना आवश्यक होगा। जनपद स्त्री तकनीकी समिति शारीरिक क्षमता का भौतिक सत्यापन करेगी और आई ट्राय साइकिल के लिए उपयुक्त पाए जाने पर ही अग्रेतर प्रक्रिया की जाएगी।

**प्रत्येक विधानसभा में 20 ई-ट्राईसाइकिल का लक्ष्य:** चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 20 ई-ट्राईसाइकिल के भौतिक लक्ष्य का निर्धारित किया गया है। जिसके क्रम में जनपद में महाविद्यालयों, विद्यालय, शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत दिव्यांग छात्राओं का पूर्ण विवरण एक सप्ताह में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराने को कहा गया है। जिससे चिन्हित पात्र लाभार्थियों की सूची निर्धारित समयान्तर्गत निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग लखनऊ को भेजी जाएगी।

**ऐसे करें आवेदन:** योजना के लिए आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन किए जाएंगे। स्कूल, कॉलेज या प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान, संस्था अध्यक्ष द्वारा छात्रा के अध्ययनरत होने का प्रमाण-पत्र देना अनिवार्य होगा, जिसकी विभागीय स्तर पर पुष्टि की जाएगी। दिव्यांग छात्रा या उसके परिवार का कोई सदस्य आयकरदाता नहीं होना चाहिए। उपलब्ध लक्ष्य के अनुसार सबसे पहले गरीबी रेखा बीपीएल से नीचे जीवनयापन करने वाले पात्र लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। दिव्यांगता के घटते क्रम और आय के बढ़ते क्रम के आधार पर पात्र छात्राओं को योजना का लाभप्रदान किया जाएगा।

# एक पेड़ मां के नाम से हुई अभियान की शुरुआत

- विधायक सलोना कुशवाहा ने किया पौधरोपण

**तिलहर - शाहजहांपुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रविवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी, अर्धसरकारी तथा सामाजिक संगठनों व आम नागरिकों ने पौधारोपण किया। विधायक सलोना कुशवाहा ने गांव बिहारीपुर मुड़िया में पौधा लगाकर लोगों को हरित क्रांति में शामिल होने के लिए प्रेरित किया । वही नगर क्षेत्र में पालिका प्रांगण में ईओ सुनील कुमार के सानिध्य में पौधारोपण किया गया। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर सौरभ गुप्ता रवि ने सभासदों एवं पालिका अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ पौधारोपण किया। इस दौरान प्रधान लिपिक अयूब हुसैन , एसआई राजीव कुमार, जुबैर अहमद अंसारी, सभासद संदीप रस्तोगी, अभिषेक सिंह, सविता वर्मा, कुमार गौरव, सेठी कश्यप, हितेश गुप्ता रिंकू, सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में तहसील, कोतवाली , ब्लॉक के अलावा कई जगह पौधे लगाए गए। वन विभाग की ओर से विभिन्न प्रजातियों के पौधे उपलब्ध कराए गए । जिसमें रेंजर व वन अधिकारी अजय कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा।



# पौधारोपण के साथ उनकी देखभाल जरूरी: वनाधिकारी

- एक पेड़ बाबूजी के नाम रामचन्द्र मिशन आश्रम में किया गया पौधारोपण

**रोजा, शाहजहांपुर।** प्रदेश सरकार के पौधरोपण महाभियान-2026 के महायज्ञ में श्री रामचन्द्र मिशन व हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट ने भी पौधारोपण कर अपनी आहुति दी। शाहजहांपुर के मिश्रीपुर स्थिति रामचन्द्र मिशन योगाश्रम परिसर में एक पेड़ बाबूजी के नाम पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. सुशील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इस मौके पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण जैसे अभियानों में जनसहभागिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिकाधिक पौधारोपण करने तथा उनके संरक्षण किये जाने का आवाहन किया। इस अवसर पर आश्रम परिसर में अर्जुन, मौलश्री, आम सहित अनेक देशी एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान जोन प्रभारी शालिनी मेहरोत्रा, आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, प्रशिक्षक राजगोपाल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, ए के गर्ग, ममता सिंह, हर्षवर्धन अग्रवाल, सुयश सिन्हा, कृष्णा भारद्वाज, एस के शर्मा, माया सिंह, जेपीएन मिश्रा, रजनीश कुमार, हर्षिता सहित बड़ी संख्या में अभ्यासियों ने पौधारोपण किया।



# शुभ मुहूर्त: 205 जोड़े बने जीवनसाथी, सामूहिक विवाह में गूंजे मंगलगीत

- 28 निकाह भी संपन्न, वैदिक रीति-रिवाजों के साथ हुआ आयोजन
- गर्मी और अव्यवस्था ने बिगाड़ा रंग, भोजन स्थल पर दिखी गंदगी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



खिरनीबाग रामलीला मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 205 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इनमें 28 जोड़ों का निकाह और 177 जोडों का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ हुआ और वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार सभी विवाह विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराए गए। शासन की ओर से नवदम्पतियों को निर्धारित 25 प्रकार के उपहार वितरित किए गए। आयोजन स्थल को आकर्षक साज-सज्जा से सजाया गया था तथा बारिश से बचाव के लिए वाटरप्रूफ टेंट की व्यवस्था की गई थी। मंडप के पास अग्निशमन यंत्र भी रखे गए थे। बारातियों और परिजनों की सुविधा के लिए मेडिकल कैम्प भी लगाया गया। कार्यक्रम स्थल पर लगातार मंगल-गीतों की ध्वनि गूंजती रही। इस अवसर पर वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने नवदम्पतियों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में सांसद अरुण कुमार सागर, जिला पंचायत प्रशासक ममता यादव, महापौर अर्चना वर्मा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख क्षमा वर्मा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी सौरभ दीक्षित, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, सीओ सिटी देवव्रत बाजपेई, पीडीडीआरडीए अवधेश राम, समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।हालांकि, भव्य आयोजन के बीच व्यवस्थाओं की कमी भी देखने को मिली। भीषण गर्मी के कारण बाराती और परिजन परेशान नजर आए और हाथ से पंखा झलते दिखे। वहीं भोजन स्थल पर गंदगी दिखाई दी और कई बाराती जमीन पर बैठकर भोजन करते नजर आए, जिससे व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

> वर्ष 2017 से जनवरी 2026 तक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद में 10,933 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया जा चुका है। इनमें नगर विधानसभा क्षेत्र के 1,862 जोड़ों का विवाह भी शामिल है। वही, 12 जुलाई 2026 को खिरनीबाग में आयोजित समारोह में 229 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया।
>
> **-राजेश कुमार शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी**

### सामूहिक विवाह योजना में नवविवाहित जोड़ों को मिले यह उपहार

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े पर 1 लाख खर्च किए गए। इसमें 64 हजार की धनराशि कन्या के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। 21 हजार की लागत से गृहस्थी का सामान भेंट किया गया, जबकि 15 हजार विवाह समारोह के आयोजन, भोजन, पंडाल, पेयजल, बिजली व अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च किए गए। उपहार में 5 साड़ियां (ब्लाउज सहित), 5 पेटीकोट, चुनरी, पैंट-शर्ट का कपड़ा, फेंटा, गमछा, डिनर सेट, कुकर, कढ़ाही, ट्रॉली बैग, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, सीलिंग फैन, कूल केज, आयरन, डबल बेड चादर, दो कंबल, दो गद्दे, दो तकिए, सिन्होरा, दो दर्जन लाल कांच की चूड़ियां, चार कंगन, लड्डू, ड्राई फ्रूट्स तथा पगड़ी,सेहरा दिया गया।

# राज्यसभा सांसद ने अगौना बुजुर्ग में किया पौधरोपण



**पुवायां, शाहजहांपुर।** राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने गांव अगौना बुजुर्ग में पहुंचकर वृहद वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा वृक्ष हमारे जीवन में बहुत ही उपयोगी है। जिससे हरियाली बढ़ती है और पर्यावरण का संतुलन बना रहता है। और बढ़ते हुए प्रदूषण को भी कंट्रोल करते हैं। और कहा कि सभी लोग पेड़ लगाने के साथ-साथ उनको बच्चों की तरह देखभाल करना भी जरूरी समझे। और संकल्प ले अपने-अपने घरों के पास वृक्षारोपण करें। भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा ने भैंसी नदी के किनारे कई प्रजातियों के पेड़ लगाकर यह संदेश दिया कि नदी के किनारे वृक्षारोपण होना चाहिए। जो नदी के अस्तित्व को बचाने में सहायक होते हैं। साथ पर्यावरण स्वच्छ रहता है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख पति सुरजन लाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विपिन शुक्ला, प्रधान संगठन के अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी, एसडीएम सदानंद सरोज, खंड विकास अधिकारी राम प्रकाश राना सहित संबंधित अधिकारी ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## वैश्विक स्तर पर कड़ी कार्रवाई : भारत के लिए एक अवसर

कई देशों की संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा महाद्वीपों में फैले नेटवर्क के साथ अंतर्राष्ट्रीय अपराध गिरोहों के खिलाफ चलाया गया बहु-एजेंसी अभियान स्वागत योग्य है। भारत ने जांच में सक्रिय रूप से सहयोग किया है। जांच के निष्कर्ष दिल्ली के इस लंबे समय से चले आ रहे रुख की पुष्टि करते हैं कि विदेशों में सक्रिय आतंकी गुटों में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। वर्षों से, भारतीय सरकार को जून 2023 में सरे में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में संलिप्तता के आरोपों का सामना करना पड़ा था। इस हत्या और तत्कालीन जस्टिन ट्रूडो सरकार द्वारा चलाए गए सार्वजनिक दुष्प्रचार अभियान ने द्विपक्षीय संबंधों को गहरे संकट में डाल दिया था। अब, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के सार्वजनिक बयान, जिनकी जांच का हवाला पहले भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान पर संदेह पैदा करने के लिए दिया जाता था, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में नए कनाडाई नेतृत्व की परिपक्वता को दर्शाते हैं। उन्होंने न केवल दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए, बल्कि व्यापार और शिक्षा में सहयोग को गति देने के लिए भी कदम उठाए हैं। कई भारतीय छात्रों के लिए कनाडाई विश्वविद्यालय लंबे समय से पसंदीदा गंतव्य रहे हैं लेकिन राजनयिक गतिरोध ने शैक्षिक आदान-प्रदान को बाधित कर दिया था।

ओटावा से मिले नए संकेतों से लोगों के बीच संबंधों को नई गति मिलनी चाहिए। ऑपरेशन हार्ड बॉल ने कनाडा ही नहीं बल्कि अमरीका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में भी भारतीय प्रवासियों को निशाना बनाने वाले आपराधिक गिरोहों की अंतर्राष्ट्रीय पहुंच को उजागर किया है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियां संगठित अपराध और आतंकी नैटवर्क के बीच उभरते गठजोड़ की ओर इशारा करने वाली पहली एजेंसियों में से थीं। इस गठजोड़ ने अलगाववादी समूहों को अपने एजेंडे को वित्तपोषित और कायम रखने में सक्षम बनाया, जबकि सुरक्षा एजेंसियों को ड्रग्स, आतंकवाद और अलगाववाद में एक साथ शामिल गिरोहों का सामना करने के लिए मजबूर किया। जबरन वसूली के फोन, जो कभी मुंबई के पुराने अंडरवर्ल्ड से जुड़े थे, अब विदेशों में बसे भारतीयों को आतंकित करने के लिए आपराधिक गिरोहों का पसंदीदा हथियार बन गए हैं। साथी भारतीयों को शिकार बनाते हुए, इन नैटवर्कों ने प्रवासी भारतीयों की प्रतिष्ठा को भी धूमिल किया है, अक्सर कमजोर छात्रों को मोहरे के रूप में इस्तेमाल करके।

यह अभियान भारतीय प्रवासी समुदाय की सुरक्षा बढ़ाने का एक अवसर प्रदान करता है। यह भारत के लिए घरेलू गिरोहों और जबरन वसूली करने वाले गिरोहों को खत्म करने का भी एक मौका है, जो देश के विभिन्न हिस्सों में व्यापारियों को लगातार निशाना बना रहे हैं। संदेश स्पष्ट होना चाहिए। गिरोह संस्कृति की चकाचौंध में फंसे युवाओं को यह समझाना होगा कि यह रास्ता सत्ता या समृद्धि की ओर नहीं, बल्कि जेल या देश निकाला की ओर ले जाता है। जो गिरोह कभी अछूत माने जाते थे, अब विभिन्न न्यायक्षेत्रों में उनका पीछा किया जा रहा है। भारत को इस अवसर का लाभ उठाकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संगठित अपराध एक लाभदायक धंधा न रहे, बल्कि उसे उसके वास्तविक स्वरूप में देखा जाए-एक उच्च जोखिम वाला, शून्य लाभ वाला धंधा।

# भारत और इण्डोनेशिया के अंतस छंदस एक



हृदयनारायण दीक्षित

दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम आबादी वाला देश इण्डोनेशिया है। वह भारत को लेकर पारिवारिक रिश्ते की घोषणा कर चुका है। इण्डोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने भारत के साथ इण्डोनेशिया के संबंधों का खूबसूरत उल्लेख किया है। इण्डोनेशिया की यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति सुबियांतो ने आगे बढ़कर मोदी की प्रशंसा की।

भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष प्राचीन है। अपने जन्म स्थान भारत में इस संस्कृति और सभ्यता की जड़ें गहरी हैं। व्यवसायिक व अन्य कारणों से भारत छोड़कर विदेश में रहने वाले भारतीय सभ्यता और संस्कृति को लेकर स्वाभिमान अनुभव करते हैं। 28 करोड़ आबादी वाला इण्डोनेशिया भारतीय संस्कृति से भरा पूरा है। यहां लगभग 10000 उपासना स्थल व मंदिर हैं। श्रीराम इण्डोनेशिया की संस्कृति में छाए हुए हैं। पूरे देश के कोने-कोने में रामकथा होती रहती है।

इण्डोनेशिया और भारत के रिश्ते बहुत पुराने हैं। इण्डोनेशिया के लोग अपने अंतःकरण में भारत को अनुभव करते हैं। इण्डोनेशिया की हवाई सेवा का नाम गरुड़ एयरवेज रहा है। भारत में जो उपजिलाधिकारी प्रशासक होते हैं, इण्डोनेशिया में उन्हें महिपाल कहते हैं। इण्डोनेशिया के लोग विजयादशमी, होली आदि भारतीय त्योहारों का आनंद लेते हैं। इण्डोनेशिया में रामलीला होती है और उसके अधिकांश पात्रों का मजहब इस्लाम होता है। इण्डोनेशिया के लोग मानते हैं कि वे धर्म से और मजहब से इस्लामी हैं लेकिन संस्कृति से भारतीय हैं। यही संस्कृति इण्डोनेशिया और भारत का एकात्मक स्वरूप गढ़ती है।

प्रधानमंत्री के इस दौरे में स्वाभाविक ही दोनों पक्ष बढ़-चढ़कर एक-दूसरे की आवभगत कर सकते थे लेकिन यहां बात कुछ दूसरी ही थी। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने अपना डीएनए टेस्ट करवाया और पाया है कि उनका डीएनए भारतीय है। यही कारण है कि वे भारतीय संगीत सुनते समय शरीर को थिरकता हुआ पाते हैं। बात सही भी है। अपनी जड़ों से जुड़ना सबको आनंदित करता है। इण्डोनेशिया की संस्कृति और भारत की संस्कृति की जड़ें एक हैं। इन जड़ों को सींचते रहना सबका दायित्व है। जैसे जड़ से सूखे पेड़ पर फूल नहीं खिलते। उन पर पक्षी गीत नहीं गाते।

पाकिस्तान को ही लीजिए पाकिस्तान और भारतीय संस्कृति की जड़ें एक हैं। इस सभ्यता का विकास सिन्धु और सरस्वती नदियों की जड़ों से निकला है। पाकिस्तान




*संस्कृति का निर्माण दीर्घकाल में होता है। प्रकृति प्रतिपल नया गढ़ती है। मनुष्य प्रकृति के सत्य, शिव और सुंदर को अंगीकृत करते हैं। ऐसे ही मनुष्य संस्कृति गढ़ते हैं। भारतीय संस्कृति का यह प्रवाह और प्रभाव भौगोलिक नहीं था। यह आर्याना में भी व्याप्त थी। आर्याना ही आज ईरान है। यही गांधार में प्रवाहित थी। कौरव वंशी राजा धृतराष्ट्र की पत्नी गांधारी वहीं की थीं। यही गांधार आज का अफगानिस्तान है। यह खोतान, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, म्यांमार, श्याम (थाईलैंड), कम्बोडिया, चम्पा और मलेशिया तक व्याप्त रही। इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश है। कभी वह भी हिन्दू सांस्कृतिक क्षेत्र था। इंडोनेशिया आज भी अपनी पुरानी सांस्कृतिक परम्परा से अनुरक्त हैं। फिलीपाइन्स, तिब्बत, बेरूबाड़ी तीन बीघा क्षेत्र तक व्याप्त यही हिन्दू संस्कृति महर्षि और्व के क्षेत्र अरब में भी प्रवाहित थी। जापान, कोरिया, मंगोलिया, साइबेरिया, इंग्लैंड, आयरलैंड, इटली, ग्रीस, मिस्र और आस्ट्रेलिया जैसे राज्य-क्षेत्र भी इस संस्कृति के उपासक रहे। दक्षिण अफ्रीका, फिजी, मारीशस, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनीडाड आदि देशों में इसका प्रभाव क्षेत्र सुविदित है। बेशक किन्हीं खास भौगोलिक सीमाओं में ही संस्कृति का विकास होता है। देश, राष्ट्र या राज्य जैसी सीमाएँ संस्कृति बोधक नाम पाती हैं पर दुनिया के सभी क्षेत्रों/देशों/राज्यों की संस्कृति दर्शन, विचार-शैली, काव्य-साहित्य और विभिन्न कलाओं के रूप में ही प्रकट होती है। भारतीय संस्कृति का अध्ययन भी इसी सामग्री के आधार पर किया जाना चाहिए। ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन साहित्य, काव्य, समाजशास्त्र और तत्कालीन समाज-संस्कृति का दर्पण है। समूचा वैदिक साहित्य लोकमंगल की कामना है। इसमें सामाजिक संगठन के साथ-साथ अकरणीय-करणीय के सूत्र भी हैं। यहाँ शरीरविज्ञान, नक्षत्र विज्ञान, जंतुविज्ञान, वनस्पतिशास्त्र, भौतिकी, रासायनिकों का विवेचन है। अणुविज्ञान के विश्लेषण की भी समझदारी है। उपनिषद सृष्टि रचना के आदितत्त्व की खोजबीन करते हैं और इन्हें पूरी मानवता के सत्यखोजी बताते हैं। पुराण लोकजीवन को संगठित करने और प्राचीन ज्ञान से फायदा उठाने के साथ-साथ लगातार सत्यखोजी बने रहने की प्रेरणा देते हैं। रामायण और महाभारत महाकाव्य हैं, इतिहास भी हैं। वे भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में स्वविवेक से जीवन यापन की प्रेरणा देते हैं।*

अपनी मूल संस्कृति से पृथक है। जिन्ना और मुस्लिम लीग ने भारत को दो देश माना था। मजहब के आधार पर देश बनाने से राष्ट्रीय क्षति हुई है। पाकिस्तानी भूभाग में उदासी रहती है। नदियां उदास होकर बहती हैं। मजहबी कट्टरपंथ के कारण पाकिस्तान आतंकवाद की यूनिवर्सिटी बन चुका है। वे संस्कृति सत्य स्वीकार नहीं करते। यह संस्कृति हजारों वर्ष के साहचर्य से विकसित हुई है। पूर्वजों ने दीर्घकाल के अनुभवों के आधार पर इसे बड़े प्यार से गढ़ा है। दर्शन और विज्ञान ने इस सांस्कृतिक अभियान का नेतृत्व किया है।

यहां हजारों वर्ष प्राचीन सांस्कृतिक निरंतरता है। वैदिक काल के पूर्व के समाज में संपूर्ण मनुष्यता के प्रति एक प्रेमपूर्ण प्रवाह है। ऋग्वेद में उसकी झलक मिलती है। फिर उत्तर वैदिक काल में भी वही सांस्कृतिक निरंतरता प्रकट होती है। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने कहा है कि, हमारी सभ्यता और संस्कृति पर भारतीय सभ्यता का गहरा प्रभाव है। उन्होंने बताया है कि, उनकी भाषा का लगभग पचास प्रतिशत हिस्सा संस्कृत से आया है। हमारे बहुत से नाम संस्कृत में हैं इसलिए हमारे बीच ऐसी स्वाभाविक निकटता है।

संस्कृति का निर्माण दीर्घकाल में होता है। प्रकृति प्रतिपल नया गढ़ती है। मनुष्य प्रकृति के सत्य, शिव और सुंदर को अंगीकृत करते हैं। ऐसे ही मनुष्य संस्कृति गढ़ते हैं। भारतीय संस्कृति का यह प्रवाह और प्रभाव भौगोलिक नहीं था। यह आर्याना में भी व्याप्त थी। आर्याना ही आज ईरान है। यही गांधार में प्रवाहित थी। कौरव वंशी राजा धृतराष्ट्र की पत्नी गांधारी वहीं की थीं। यही गांधार आज का अफगानिस्तान है। यह खोतान, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, म्यांमार, श्याम (थाईलैंड), कम्बोडिया, चम्पा और मलेशिया तक व्याप्त रही।

इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश है। कभी वह भी हिन्दू सांस्कृतिक क्षेत्र था। इंडोनेशिया आज भी अपनी पुरानी सांस्कृतिक परम्परा से अनुरक्त हैं। फिलीपाइन्स, तिब्बत, बेरूबाड़ी तीन बीघा क्षेत्र तक व्याप्त यही हिन्दू संस्कृति महर्षि और्व के क्षेत्र अरब में भी प्रवाहित थी। जापान, कोरिया, मंगोलिया, साइबेरिया, इंग्लैंड, आयरलैंड, इटली, ग्रीस, मिस्र और आस्ट्रेलिया जैसे राज्य-क्षेत्र भी इस संस्कृति के उपासक रहे। दक्षिण अफ्रीका, फिजी, मारीशस, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनीडाड आदि देशों में इसका प्रभाव क्षेत्र सुविदित है। बेशक किन्हीं खास भौगोलिक सीमाओं में ही संस्कृति का विकास होता है। देश, राष्ट्र या राज्य जैसी सीमाएँ संस्कृति बोधक नाम पाती हैं पर दुनिया के सभी क्षेत्रों/देशों/राज्यों की संस्कृति दर्शन, विचार-शैली, काव्य-साहित्य और विभिन्न कलाओं के रूप में ही प्रकट होती है। भारतीय संस्कृति का अध्ययन भी इसी सामग्री के आधार पर किया जाना चाहिए।

ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन साहित्य, काव्य, समाजशास्त्र और तत्कालीन समाज-संस्कृति का दर्पण है। समूचा वैदिक साहित्य लोकमंगल की कामना है। इसमें सामाजिक संगठन के साथ-साथ अकरणीय-करणीय के सूत्र भी हैं। यहाँ शरीरविज्ञान, नक्षत्र विज्ञान, जंतुविज्ञान, वनस्पतिशास्त्र, भौतिकी, रासायनिकों का विवेचन है। अणुविज्ञान के विश्लेषण की भी समझदारी है। उपनिषद सृष्टि रचना के आदितत्त्व की खोजबीन करते हैं और इन्हें पूरी मानवता के सत्यखोजी बताते हैं। पुराण लोकजीवन को संगठित करने और प्राचीन ज्ञान से फायदा उठाने के साथ-साथ लगातार सत्यखोजी बने रहने की प्रेरणा देते हैं। रामायण और महाभारत महाकाव्य हैं, इतिहास भी हैं। वे भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में स्वविवेक से जीवन यापन की प्रेरणा देते हैं।

प्रकृति प्रसाद है, विकृति विषाद है लेकिन संस्कृति महाप्रसाद है। संस्कृति का निर्माण अचानक नहीं होता। राष्ट्र के सभी अंगभूत घटक एक स्वर, एक लय, एक प्रीति, एक छंद और एक रस में स्पंदित होकर अपनी संस्कृति गढ़ते हैं। संस्कृति सभी राष्ट्रजनों के दर्शन, भाषा, धर्म, कला, संवेदना, आशा, निराशा, प्रतीति, अनुभूति, धीरज, साहस और संयम मर्यादा का अंतस होती है। भारत की संस्कृति हजारों वर्षों की तप-साधना के बाद बनी। सर जान मार्शल ने भी बताया, अनेक प्रमाणों में भारत में एक अत्यंत विकसित संस्कृति की उपस्थिति का पता चलता है। इसके पीछे अवश्य ही भारत की धरती पर लम्बा इतिहास होना चाहिए। भारतीय संस्कृति दीर्घकालीन तर्क, अनुभव और दर्शन का सुफल है।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

विचार

# आई.एन.एस. महेंद्रगिरि से बदलेगा हिंद महासागर में संतुलन

*योगेश कुमार गोयल*

रक्षा मंत्री राजनाथ ने 11 जुलाई को विशाखापत्तनम डॉकयार्ड में भारतीय नौसेना को अत्याधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट 'आई.एन.एस. महेंद्रगिरि' समर्पित किया। भारतीय नौसेना के बेड़े में इस स्टील्थ फ्रिगेट के शामिल होने के साथ भारत ने केवल एक नया युद्धपोत प्राप्त नहीं किया, बल्कि समुद्री शक्ति, तकनीकी आत्मनिर्भरता और रणनीतिक क्षमता के एक नए युग में निर्णायक प्रवेश किया है। यह भारत की महत्वाकांक्षी प्रोजैक्ट-17ए शृंखला का छठा स्टील्थ फ्रिगेट है। यह उपलब्धि ऐसे समय में सामने आई है, जब हिंद महासागर क्षेत्र विश्व की सबसे महत्वपूर्ण सामरिक प्रतिस्पर्धाओं का केंद्र बन चुका है। समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा, इंडो-पैसिफिक में शक्ति संतुलन और उभरती समुद्री चुनौतियों के बीच आई.एन.एस. महेंद्रगिरि भारत की नौसैनिक क्षमता को एक नया आयाम प्रदान करता है। महेंद्रगिरि की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह पूरी तरह भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया है तथा इसका निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है। यह केवल एक रक्षा परियोजना नहीं, बल्कि भारत की इंजीनियरिंग क्षमता, अनुसंधान, डिजाइन कौशल और औद्योगिक आत्मविश्वास का सशक्त प्रमाण है। इसके निर्माण में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उपकरणों, प्रणालियों और तकनीकों का उपयोग किया गया है। सैंकड़ों भारतीय कंपनियों तथा बड़ी संख्या में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एम.एस.एम.ई.) ने इसमें योगदान दिया है। इससे स्पष्ट होता है कि भारत अब रक्षा उपकरणों का आयातक भर नहीं, बल्कि अत्याधुनिक सैन्य प्लेटफॉर्म विकसित करने वाला आत्मनिर्भर राष्ट्र बनता जा रहा है। आई.एन.एस. महेंद्रगिरि का नाम ओडिशा की पूर्वी घाट पर्वतमाला के प्रसिद्ध महेंद्रगिरि पर्वत के नाम पर रखा गया है, जो दृढ़ता, साहस और अटल संकल्प का प्रतीक माना जाता है। इसकी लंबाई लगभग 149 मीटर, विस्थापन लगभग 6,670 टन तथा अधिकतम गति लगभग 28 नॉट है। इसमें लगभग 225 से 230 अधिकारी एवं नौसैनिक तैनात रह सकते हैं। इसकी परिचालन क्षमता इसे लंबी दूरी तक लगातार समुद्री निगरानी और युद्ध संचालन में सक्षम बनाती है। महेंद्रगिरि की सबसे बड़ी ताकत इसकी स्टील्थ तकनीक है। आधुनिक नौसैनिक युद्ध में केवल हथियारों की शक्ति पर्याप्त नहीं होती, बल्कि दुश्मन की निगरानी प्रणाली से बचकर कार्य करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस युद्धपोत का विशेष डिजाइन, कोणीय संरचना, राडार-अवशोषक सामग्री तथा कम तापीय एवं ध्वनिक हस्ताक्षर (सिग्नेचर) इसे दुश्मन के राडार, इन्फ्रारैड और सोनार प्रणालियों के लिए अत्यंत कठिन लक्ष्य बना देते हैं। यही कारण है कि इसे समुद्र का 'अदृश्य शिकारी' कहा जा रहा है। यह दुश्मन की जानकारी में आए बिना उसके समीप पहुंचकर सटीक और घातक प्रहार करने की क्षमता रखता है। महेंद्रगिरि हवा, समुद्र की सतह और



समुद्र के भीतर मौजूद पनडुब्बियों से आने वाले खतरों का एक साथ सामना कर सकता है। इसके लिए इसमें अत्याधुनिक मल्टी-लेयर रक्षा प्रणाली विकसित की गई है। हवाई हमलों से सुरक्षा के लिए इसे बराक-8 लंबी दूरी की एयर डिफैंस मिसाइल प्रणाली से लैस किया जा सकता है, जो दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हैलीकॉप्टरों, ड्रोन और मिसाइलों को लंबी दूरी पर ही नष्ट करने में सक्षम है। समुद्री सतह पर मौजूद दुश्मन के जहाजों के विरुद्ध इसकी सबसे बड़ी शक्ति विश्व की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस है, जिसकी तैनाती इस युद्धपोत पर की जा सकती है। लगभग 3 मैक की गति से उडने वाली यह मिसाइल दुश्मन के बड़े से बड़े युद्धपोत को कुछ ही मिनटों में ध्वस्त करने की क्षमता रखती है। पनडुब्बी रोधी युद्ध के लिए महेंद्रगिरि अत्याधुनिक सोनार प्रणाली, टॉरपीडो तथा एंटी-सबमरीन रॉकेट प्रणाली से लैस है। समुद्र की गहराइयों में छिपी शत्रु पनडुब्बियों का पता लगाना और उन्हें निष्क्रिय करना आधुनिक नौसैनिक युद्ध का सबसे कठिन कार्य माना जाता है, किंतु महेंद्रगिरि इस चुनौती के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इसके साथ ही इसमें 76 मि.मी. की तोप भी स्थापित की जा सकती है, जो निकट दूरी के समुद्री एवं तटीय लक्ष्यों पर अत्यंत प्रभावी प्रहार कर सकती है। महेंद्रगिरि की तकनीकी श्रेष्ठता केवल हथियारों तक सीमित नहीं, इसमें अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म मैनेजमैंट सिस्टम लगाया गया है, जो जहाज के इंजन, विद्युत आपूर्ति, नेविगेशन, अग्निशमन, सुरक्षा और अन्य प्रमुख प्रणालियों का केंद्रीकृत एवं स्वचालित नियंत्रण करता है। इससे संचालन अधिक सुरक्षित, तेज और कुशल बनता है। इसके अतिरिक्त युद्धपोत में अत्याधुनिक इलैक्ट्रॉनिक वॉरफेयर प्रणाली और मल्टी-फंक्शन राडार लगाए गए हैं, जो एक साथ अनेक लक्ष्यों की पहचान, निगरानी और ट्रैकिंग कर सकते हैं। महेंद्रगिरि पर आधुनिक नौसैनिक हैलीकॉप्टरों, विशेष रूप से एम.एच.-60आर जैसे मल्टी-रोल हैलीकॉप्टरों के संचालन की सुविधा भी उपलब्ध है। ये हैलीकॉप्टर समुद्री निगरानी, पनडुब्बी खोज एवं बचाव अभियान तथा विशेष सैन्य अभियानों में युद्धपोत की क्षमता को कई गुना बढ़ा देते हैं। महेंद्रगिरि भारत के उस दीर्घकालिक लक्ष्य को भी मजबूत करता है, जिसके तहत भारतीय नौसेना को एक पूर्ण विकसित 'ब्लू वॉटर नेवी' के रूप में स्थापित किया जा रहा है। ब्लू वॉटर नेवी वह होती है, जो अपने तटीय क्षेत्रों तक सीमित न रहकर हजारों किलोमीटर दूर महासागरों में भी प्रभावी सैन्य उपस्थिति बनाए रख सके।

आई.एन.एस. महेंद्रगिरि भारतीय नौसेना की शक्ति, भारत की वैज्ञानिक क्षमता, स्वदेशी तकनीक और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का जीवंत प्रतीक है। आने वाले वर्षों में जब ङ्क्षहद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा, इंडो-पैसिफिक्र की स्थिरता और वैश्विक समुद्री संतुलन की चर्चा होगी, तब आई.एन.एस. महेंद्रगिरि निःसंदेह भारत की उस नई समुद्री शक्ति का प्रतिनिधित्व करेगा, जिसने आत्मनिर्भरता, आधुनिक तकनीक और अदम्य संकल्प के बल पर विश्व की अग्रणी नौसैनिक शक्तियों में अपना स्थान और अधिक सुदृढ़ कर लिया है।

साहित्य

### बाइक पर बंधी इंसानियत...!





**संजय एम तराणेकर**


**कंधों का धर्म भी सुविधा के दर पे हार गया,
पिता का दु:ख बाइक का सफ़र बन गया।
वो चार कंधों से सीट पर सिमटकर रह गया,
अंजाने 10 किलोमीटर का सफ़र बन गया।**

**आज जिसे फूलों की सेज नसीब होना थी,
चादर में लिपटी धूसर राहों से गुज़र रही थी।
और सभ्यता की ऊँची इमारतें मौन खड़ी थी,
यहाँ तमाशाइयों की भीड़ नज़र ना आई थी।**

**यह केवल एक बेटी की अंतिम विदाई नहीं,
ये व्यवस्था की संवेदनाओं का जनाज़ा सही।
जहाँ बिन ट्रैफिक़ एम्बुलेंस के पहिए रुक गए,
वहाँ मजबूरी के साये पेड-पौधे भी झुक गए।**

**इतिहास के पन्नों पर इस दर्द को दर्ज करना,
ताकि आने वाली जेन जी पीढ़ियाँ जान सकें
कि गाइज़ एक दौर ऐसा भी हुआ करता था,
लाश से पूर्व इंसानियत को मरना पड़ता था।**

**आओ संकल्प लें, अब ऐसी कोई राह न बचे,
जहाँ किसी पिता-भाई, परिवार व पालक को!
अंतिम यात्रा मजबूरी में ऐसे पूरी करना पड़े?
सच्चे संवेदनशील समाज में सभी साथ खड़े।
(संदर्भ – नाबालिग बेटी की लाश बाइक पर ले गए।)**



# राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता के लिये नये उत्साह का संचार होगा।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# 108 ई.एम.टी.एस. एम्बुलेंस सेवा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की जीवनरेखा है

*अखिलेश मणि त्रिपाठी*

जीवन अनिश्चितताओं से भरा है। सड़क दुर्घटना, अचानक हृदयाघात, गंभीर बीमारी अथवा प्रसव जैसी आपातकालीन परिस्थितियां किसी भी व्यक्ति और परिवार के लिए अत्यंत चुनौतीपूर्ण होती हैं। ऐसे समय में चिकित्सा सहायता का हर एक मिनट अमूल्य होता है, क्योंकि समय पर उपचार ही कई बार जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय करता है। इसी आवश्यकता को समझते हुए उत्तर प्रदेश में संचालित 108 ई.एम.टी.एस. (इमरजेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विस) एम्बुलेंस सेवा आज करोड़ों लोगों के लिए भरोसे, सुरक्षा और जीवन रक्षा का पर्याय बन चुकी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, त्वरित और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। 108 एम्बुलेंस सेवा इसी संवेदनशील और जनकल्याणकारी सोच का सशक्त उदाहरण है, जिसने संकट की घड़ी में लाखों परिवारों को नई उम्मीद दी है।

स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक सफलता केवल आधुनिक अस्पतालों या चिकित्सकों की उपलब्धता से नहीं, बल्कि इस बात से भी तय होती है कि आपातकाल की स्थिति में मरीज तक चिकित्सा सहायता कितनी शीघ्र पहुंचती है। विशेषकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए समय पर एम्बुलेंस की उपलब्धता किसी वरदान से कम नहीं होती। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 108 ई.एम.टी.एस. सेवा को एक ऐसी समर्पित आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था के रूप में विकसित किया गया है, जो चौबीसों घंटे, वर्ष के सभी 365 दिन बिना किसी भेदभाव के आमजन की सेवा में तत्पर रहती है।

यह व्यवस्था पूरी तरह एकीकृत कॉल सेंटर आधारित प्रणाली पर संचालित होती है, जिसके माध्यम से कोई भी नागरिक दुर्घटना, गंभीर बीमारी, हृदयाघात, प्रसव पीड़ा अथवा अन्य चिकित्सा आपातकाल की स्थिति में केवल टोल-फ्री नंबर 108 डायल कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकता है। सूचना प्राप्त होते ही अत्याधुनिक संचार प्रणाली के माध्यम से निकटतम एम्बुलेंस को मौके के लिए रवाना किया जाता है, जिससे मरीज तक कम से कम समय में चिकित्सा सहायता पहुंचाई जा सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने समय के साथ इस सेवा को और अधिक प्रभावी, तेज और उत्तरदायी बनाने के लिए इसके संचालन तंत्र में निरंतर सुधार किए हैं। सेवा के प्रारंभिक चरण में शहरी क्षेत्रों में एम्बुलेंस के 20 मिनट तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लेकिन जुलाई 2019 से लागू नए संचालन मॉडल के अंतर्गत इस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया गया तथा शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लिए अधिकतम 15 मिनट का रिस्पॉन्स टाइम निर्धारित किया गया। बेहतर तकनीक, आधुनिक प्रबंधन प्रणाली, प्रभावी निगरानी और प्रशासनिक दक्षता के परिणामस्वरूप जनवरी 2025 तक इस सेवा का वास्तविक औसत रिस्पॉन्स टाइम घटकर केवल 7.30 मिनट रह गया, जो निर्धारित मानक से भी कहीं अधिक बेहतर उपलब्धि है। यह सुधार इस बात का प्रमाण है कि समयबद्ध चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है।




आपातकालीन सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए एम्बुलेंस बेड़े का भी व्यापक विस्तार किया गया है। सेवा के शुरुआती वर्षों में जहां प्रदेश में 1,488 एम्बुलेंस संचालित थीं, वहीं वर्तमान में इनकी संख्या बढ़कर 2,200 हो गई है। इसी प्रकार प्रत्येक एम्बुलेंस द्वारा प्रतिदिन किए जाने वाले औसत फेरों (ट्रिप्स) की संख्या 4 से बढ़ाकर 5 कर दी गई है। संसाधनों में यह वृद्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे प्रदेश के अधिक से अधिक नागरिकों तक समयबद्ध चिकित्सा सहायता पहुंचाना संभव हुआ है। बढ़ती जनसंख्या और स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती मांग को देखते हुए यह विस्तार सरकार की दूरदर्शी कार्ययोजना को भी दर्शाता है।

108 ई.एम.टी.एस. सेवा की सबसे बड़ी सफलता उन करोड़ों लोगों की जिंदगी में दिखाई देती है जिन्हें समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकी। अपनी स्थापना, से लेकर जनवरी 2026, तक यह सेवा लगभग 3.60 करोड़ रोगियों तक पहुंचकर उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाने और आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी है। यह संख्या केवल सेवा के व्यापक विस्तार का परिचायक नहीं, बल्कि उन करोड़ों परिवारों के विश्वास की भी कहानी है जिनके लिए यह एम्बुलेंस संकट की घड़ी में जीवन की नई आशा बनकर पहुंची।

इस सेवा का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक समान रूप से पहुंच रहा है। विशेष रूप से गरीब, ग्रामीण, बुजुर्ग, महिलाएं, नवजात शिशु और गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए यह सेवा किसी जीवनदायिनी व्यवस्था से कम नहीं है। दूरस्थ क्षेत्रों में जहां निजी चिकित्सा सुविधाएं सीमित हैं, वहां 108 एम्बुलेंस लोगों और अस्पतालों के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य कर रही है। इससे न केवल समय पर उपचार सुनिश्चित हुआ है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आमजन का विश्वास भी लगातार मजबूत हुआ है।

आज आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में आधुनिक तकनीक, त्वरित संचार प्रणाली और प्रशिक्षित मानव संसाधन का समन्वय स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान कर रहा है। 108 ई.एम.टी.एस. सेवा इस समन्वित व्यवस्था का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें तकनीक और मानवीय संवेदनशीलता साथ-साथ कार्य करती हैं। प्रत्येक कॉल केवल एक सूचना नहीं होती, बल्कि किसी जीवन को बचाने की जिम्मेदारी होती है, जिसे यह सेवा पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभा रही है।

प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनसुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं का विस्तार, आधुनिक एम्बुलेंस, बेहतर उपकरण, प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ तथा प्रभावी निगरानी व्यवस्था आने वाले समय में इस सेवा को और अधिक सक्षम बनाएगी। लक्ष्य केवल एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रत्येक जरूरतमंद तक न्यूनतम समय में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सहायता पहुंचाना है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# वृक्षारोपण महायज्ञ का हुआ आयोजन, राज्यमंत्री ने लगाये पौध

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**




वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 एक पेड़ माँ के नाम की थीम पर 12वीं वाहिनी पीएसी परिसर में राज्यमंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग उ0प्र0 सरकार कृष्णा पासवान, नामित नोडल अधिकारी/महानिरीक्षक निबंधन स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग, डा0 सारिका मोहन, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने वैदिक रीति रिवाज से पूजन कर हरिशंकरी(पीपल, पाखड़, बरगद) के पौध रोपित कर वृक्षारोपण महायज्ञ की शुरुआत की। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, 12वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), उप सेनानायक, पुलिस क्षेत्राधिकारी आदि ने पौध रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम थीम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया है इसका उद्देश्य है कि हमे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौध रोपण अवश्य करना चाहिए और पौधरोपण के साथ-साथ इसकी देखभाल भी करे। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में पौधों की महत्ता सबने देखी है, इसलिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग जो पेड़ पौधे लगा गए है, उनका लाभ हमे प्रत्यक्ष रूप से मिल रहा है, हमारे बुजुर्ग इन्हीं वृक्षों की फूल, पत्ती, जड़, तने से अपनी बीमारियां भी सही करते थे। जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण महायज्ञ -2026 अभियान में जनपद में लगभग 53 लाख पौध रोपित करने का लक्ष्य मिला है। जिसकी कार्ययोजना बनाकर सभी विभागों को लक्ष्य दिया गया है, के अनुसार चिन्हित स्थलों पर पौध रोपित किए जा रहे है। इस मौके पर चित्रकला, पोस्टर, निबंध, वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले 04 छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यकम में आए हुए नागरिकों एवं एनसीसी कैडेट के छात्र/छात्राओं को एक-एक पौध देकर सम्मानित किया गया। प्रभागीय निदेशक सामाजिकी एवं वन्य जीव प्रभाग ने वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 महाभियान के तहत कराए जा रहे वृक्षारोपण को विस्तार से जानकारी दी और आए हुए अतिथियों का धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी जीरामजी, डीसी एनआरएलएम, डायट प्राचार्या, तहसीलदार, प्रभागीय निदेशक जीडी मिश्रा, रेंजर रूप सिंह, वन दरोगा शिवमंगल यादव, सुभाष यादव, सीमा यादव, विमलेश, आशीष, बृजेश, सहित भारी संख्या में नागरिकगण व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। वहीं सदर तहसील के अंतर्गत आने वाले सराय जगत स्थित मिनी औद्योगिक आस्थान में आयोजित वृक्षारोपण अभियान में एक पेड़ मां के नाम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने उपायुक्त उद्योग अजय कुमार गुप्ता, उद्यमी मित्र अनुराग गुप्ता, नगर मंत्री उत्तरी शिवांक त्रिपाठी, त्रिजुगीनारायण दीक्षित एडवोकेट, उद्यमी कालिका और योगेंद्र पाल के साथ आम, अमरूद, जामुन, नींबू तथा नीम के पौधों का रोपण किया। वहीं खागा नगर पंचायत हथगाम के वार्ड नंबर 9 गणेश शंकर पार्क में वृक्षारोपण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार द्वारा वृक्षा रोपण महायज्ञ के अभियान में एक पेड़ मां के नाम वृक्ष लगाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, रामबली, महेंद्र यादव सभासद, मोहम्मद खुश नूर, राजेश आशुतोष सहित समस्त कार्यालय कर्मचारी और सभासद गण उपस्थित रहे। वहीं आज नगर पालिका परिषद द्वारा अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार के नेतृत्व में वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ (एक पेड मॉ के नाम) के तत्वाधान में कुल 12100 पौधे तामेश्वर मंदिर तालाब के पास बांके बिहारी परिसर में अटल पार्क परिसर में एफएस टीपी प्लांट में गौरी बक्शपुर में एवं साथ सथरियांव क्षेत्र पर नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता अभिषेक पांडे एवं विजय कुमार जिला कार्यकृम प्रबंधक संजय सिंह सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केआर चंद्राकर एवं राकेश कुमार गौर, मोहम्मद हबीब एवं नगर पालिका के कर्मचारी सभासद की गरिमामय उपस्थिति रही। वहीं भिटौरा ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी के नेतृत्व में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम महाभियान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से वृक्षारोपण महायज्ञ- 2026 के अन्तर्गत आज ग्राम सभा लकड़ी बसावनपुर, में ग्राम प्रधान एवं ब्लॉक के बीडीओ संजय तिवारी, अजय अवस्थी, स्वामी शरणपाल, उमाशंकर लोधी, राकेश प्रजापति, अरविंद पासवान, अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं ग्रामीण लोगों के साथ वृक्षारोपण किया। आप सभी से निवेदन है कि पौधारोपण के इस हरित महाअभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। वहीं तेलियानी मंडल के अंतर्गत ग्राम सभा सहली के बूथ संख्या 302 में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत आयोजित वृक्षारोपण महायज्ञ में सहभागिता कर पौधरोपण किया। आइए हम सभी एक-एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित करने का संकल्प लें और हरित, स्वच्छ, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिव्यांग प्रकोष्ठ राहुल सिंह, जिलामंत्री रेखा पासवान, अरुण लोधी मंडल अध्यक्ष तेलियानी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बेटी की संदिग्ध मौत मामले में पिता ने दी पुलिस को तहरीर

**जालौन (उरई)।** कोतवाली कालपी क्षेत्र के ग्राम मंगरौल निवासी जगपाल ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी कोमल देवी (26) का विवाह करीब चार वर्ष पूर्व नौ मई 2022 को वीरपुरा निवासी सोनू के साथ किया था। बीती पांच जुलाई की शाम उन्हें जानकारी हुई कि उसकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। ससुराल पक्ष के लोग उसे सीएचसी ले गए हैं। सूचना मिलते ही वह भी सीएचसी पहुंच गए। पुलिस ने बेटी के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। पिता ने बेटी की मौत को संदिग्ध बताया था और आरोप लगाया कि बेटी की मृत्यु के बाद से उसके ससुरालियों ने भी कोई जानकारी नहीं दी है। रविवार को पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी पर ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में मायके से बाइक लाने का दबाव बना रहे थे। जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो ससुरालियों ने बेटी को मारपीट कर उसकी हत्या कर दी और उसे आत्महत्या दर्शाने के लिए उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति सोनू, सास मूलादेवी, ससुर राजू उर्फराजकुमार, देवर दयाशंकर उर्फमोनू, चचिया ससुर हाकिम सिंह, चचेरे देवर बलवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## खबरें एक नजर में

### प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम का कांग्रेसियों ने किया जोरदार स्वागत



**कुलपहाड़/महोबा।** कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में जोरदार स्वागत किया गया। बता दें कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी भी अपने कार्यकर्ताओं को तैयारियों में जुटने के लिए जोश भरने में लगे हुए हैं। इसके लिए कांग्रेस आलाकमान ने राजेन्द्र पाल गौतम को उत्तर प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। झांसी से महोबा जाते समय कुलपहाड़ नगर में कांग्रेस नेता अजीज मंसूरी के कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर अजीज मंसूरी, पूर्व जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी, सन्तोष रैकवार, अखिलेंद्र नामदेव, मुजीब अहमद, हाजी रफीक खान, इन्दल रैकवार, मौला बख्श, इमरान मंसूरी, असफाक अहमद, विमला देवी , मुरलीधर सोनी, जगत पाल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने 53 लाख से अधिक के साइबर फ्रॉड गिरोह का किया पर्दाफाश, 2 अभियुक्त गिरफ्तार




**समृद्धि न्यूज, महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़/साइबर अनुरुद्ध कुमार के कुशल नेतृत्व में जनपद में संचालित अभियान के अंतर्गत साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जनपदीय साइबर क्राइम पुलिस टीम, सर्विलांश एवं एसओजी टीम द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में वादी मुकदमा शिवम सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी मोहल्ला राय सिंह, कस्बा व थाना खरेला, जनपद महोबा द्वारा सूचना दी गई कि गांव के सोनू सिंह द्वारा अपनी माँ के इलाज के नाम पर उनसे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं नई सिम लेकर एक्सिस बैंक में खाता खुलवाया गया तथा खाते से संबंधित पासबुक, एटीएम, हस्ताक्षरित चेक व सिम अपने पास रखकर उक्त खाते का दुरुपयोग करते हुए साइबर फ्रॉड के माध्यम से लगभग 22 लाख रुपये का अवैध लेनदेन किया गया। सूचना के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस थाना महोबा पर मुअसं 03/2026 धारा 111, 318(4), 317(5) बीएन एस व 66 डी आई टी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि यह एक संगठित गिरोह है, जिसके द्वारा अब तक लगभग 53 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी की जा चुकी है, जिसकी राशि और अधिक होने की संभावना है। जांच के दौरान 03 बैंक खातों को फ्रीज कराया जा रहा है तथा 06 अन्य खातों की जांच की जा रही है। जांच पूर्ण होने के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर सम्बन्धित अभियोग में 2 नफर वांछित अभियुक्तों सोनू सिंह पुत्र हरेन्द्र सिंह निवासी सादराय 3, कस्बा व थाना खरेला, जनपद महोबा, महेन्द्र उर्फ बाबू यदुवंशी पुत्र मोहनलाल निवासी बंगरा छक्कीडेरा, थाना जलालपुर, जनपद हमीरपुर को गिरफ्तार किया गया। बताया है कि अभियुक्तों के कब्जे से 2 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। जांच करने पर मोबाइल में संदिग्ध व्यक्तियों के साथ व्हाट्सएप व टेलीग्राम पर चैट, कॉल विवरण एवं साइबर लेनदेन से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही कुछ संदिग्ध एटीएम कार्ड, चेकबुक एवं कयूआर कोड भी पाए गए हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह, साइबर क्राइम थाना महोबा मय टीम निरीक्षक उपेन्द्रनाथ राय, साइबर क्राइम थाना महोबा, एसओजी/स्वाट प्रभारी उनि शिवप्रताप सिंह, सर्विलांश प्रभारी विवेक कुमार टीम सहित शामिल रहे।

### जन आरोग्य मेले में चिकित्सकों ने 51 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**जालौन (उरई)।** नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरीपुरा में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने 51 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित कीं। 14 व्यक्तियों के शुगर, बीपी आदि के टेस्ट किए गए। अस्पताल में लैब टैक्नीशियन की तैनाती न होने से लोगों को ब्लड की जांच कराने में दिक्कत हुई। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरीपुरा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 51 मरीज उपचार के लिए पहुंचे। मेले में डॉ. दिलीप कुमार व उनकी टीम में स्टॉफनर्स उमा देवी, सपोर्ट स्टॉफकन्हैया तिवारी ने बुखार, सर्दी–जुकाम, पेट दर्द, त्वचा रोग, कमजोरी, शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं उपलब्ध कराई। शुगर व बीपी के 14 रोगियों की जांच कर उन्हें दवा दी गई। वहीं जिन मरीजों के ब्लड सैंपल की आवश्यकता थी, अस्पताल में लैब टेक्नीशियन न होने की वजह से उन्हें ब्लड की जांच कराने में परेशानी हुई। डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि ब्लड की जांच के लिए रोगियों को सीएचसी भेजा जाता है। मरीज धीरज, देवेंद्र, अरविंद आदि ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लैब टेक्नीशियन की तैनाती कराने की मांग की है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान को मिली रफ्तार, मेडिकल कॉलेज परिसर में रोपित किए 1 हजार पौधे



**उरई (जालौन)।** राजकीय मेडिकल कॉलेज, जालौन (उरई) में रविवार को प्रदेश सरकार के श्एक पेड़ मां के नामश् अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान मेडिकल कॉलेज परिसर में 1 हजार फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ कर्मचारियों और छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र सिंह ने पौधरोपण कर किया। उनके साथ उप–प्रधानाचार्य डॉ. आर.एन. सिंह कुशवाहा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशांत निरंजन, डॉ. निशांत सक्सेना, डॉ. प्रशांत भटनागर, डॉ. जितेंद्र मिश्रा, डॉ. अमित कुमार सहित अन्य चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने भी पौधे लगाए। प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रकृति के संरक्षण के साथ मातृत्व के सम्मान का भी संदेश देता है। उन्होंने सभी से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

# शहीद डिप्टी कलक्टर हिकमत उल्ला का मनाया बलिदान दिवस

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**




शहीद डिप्टी कलक्टर हिकमत उल्ला सेवा संस्थान के अध्यक्ष मुहीउद्दीन एडवोकेट के नेतृत्व में हिकमत उल्ला पार्क में शहघंद डिप्टी कलक्टर हिकमत उल्ला खान का 169वां बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री अनुराग नरायण मिश्रा, अखिलेश पाल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के जहानाबाद विधानसभा के प्रत्याशी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष मुहीउद्दीन एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर मुहिउद्दीन एडवोकेट ने बताया कि जनपद के आजादी के इतिहास में डिप्टी कलक्टर हिकमत उल्ला, खागा के दरियाव सिंह व उनके पुत्र सुजान सिंह, बिंदकी के जोधा सिंह अटैया तथा जमरावां के शिवदयाल सिंह रघुवंशी तथा कोराई के गयादीन दुबे की मुख्य भूमिका थी। आजादी के मतवालों के आवाहन पर तत्कालीन डिप्टी कलक्टर हिकमत उल्ला ने जेल का ताला खोल दिया और सारे कैदियों को आजाद कर दिया। 10 जून 1857 को आजादी के मतवालों ने पूरे शहर पर कब्जा कर लिया। नाना साहब फतेहपुर की स्वतंत्रता पर बहुत प्रभावित हुए तथा हिकमत उल्ला को फतेहपुर का शासक कलक्टर नियुक्त कर दिया। 12 जुलाई 1857 को मेजर हैवलॉक व मेजर रेनॉल्ड की संयुक्त सेनसे में घमासान युद्ध के बाद हंसवा और विलंदा के देशद्रोहियों के मुखबुरी पर हिकमत उल्ला को गिरफ्तार कर लिया गया और बिना मुकदमा चले कोतवाली फतेहपुर गेट पर उनको फांसी दे दी गई। हिकमत उल्ला ने 32 दिन की आजाद हुकूमत कायम की थी।इस अवसर पर शहीद स्थल कोतवाली में शहीद हिकमत उल्ला द्वार पर फूलमाला अर्पित किया गया। इस दौरान गुलशाद अहमद, फरजानउद्दीन, अमर सिंह एडवोकेट, अजलान फारूकी, मोहम्मद आसिफ सैयद फैजान, प्रमोद, अब्दुल सोहेल, असलम जाफरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# गोरखगिरी पहाड़ी से किया गया जिला स्तरीय पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ

- दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री जीत सिह खरवार एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग लखनऊ द्वारा पौधरोपण महायज्ञ 2026 का किया शुभारम्भ

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश स्तर पर चलाये जा रहे 35 करोड़ पौधरोपण के अन्तर्गत जनपद में आज जिला स्तरीय वृक्षारोपण के कार्यक्रम का आयोजन गोरखगिरी पहाड़ी नागदेवता मन्दिर के पास किया गया। जनपद हेतु नामित दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री जीत सिंह खरवार, उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग उप्र लखनऊ द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। देबाशीष जेना प्रभागीय वनाधिकारी महोबा द्वारा बताया गया कि जनपद के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में कुल 7683800 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को सहजन की पौध का वितरण किया गया। वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान हेतु किसान भाईयों, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधानगणों को सम्मानित भी किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में संजय कुमार खत्री, (आईएएस), सीईओ, बीडा/नोडल अधिकारी वृक्षारोपण महाअभियान-2026 में राकेश गोस्वामी विधायक सदर महोबा, जितेन्द्र सिंह सेंगर विधान परिषद सदस्य, महोबा-हमीरपुर, जेपी अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष, मोहन लाल कुशवाहा जिला अध्यक्ष, गजल भारद्वाज जिलाधिकारी, शशांक सिंह पुलिस अधीक्षक, देबाशीष जेना प्रभागीय वनाधिकारी, विमल सिंह उप प्रभागीय वनाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों, एनजीओ, स्कूली बच्चों, पत्रकार गणों के साथ वन विभाग के चारों रेंजों से आये वन कर्मचारियों, आमजनमानस द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# एसडीएम व सीओ ने एक पेड़ मां के नाम किया पौधरोपण

**समृद्धि न्यूज,कुलपहाड़/महोबा।**




वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 अभियान के तहत ग्राम पंचायत लाड़पुर में उपजिलाधिकारी आदेश सिंह सागर व पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुरूद्ध कुमार द्वारा एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण कर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी सेवा करने की अपील की है।

विकास खण्ड जैतपुर अन्तर्गत ग्राम लाड़पुर में ग्राम पंचायत द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी आदेश सिंह सागर व पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुरूद्ध कुमार सिंह, प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश राजपूत, आर ई एस विभाग के जेई, सचिव की मौजूदगी में छायादार व फलदार वृक्षों का पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश देते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा उनकी सेवा करने की अपील की है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने से पर्यावरण संतुलन तो रहता ही है, साथ ही हमें स्वच्छ हवा व छाया भी देते हैं। मौसम में होने वाले बदलाव का मुख्य कारण पेड़ों का कम होना है, यदि पर्यावरण को संरक्षित रखना है, तो हम सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाना है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ें, पौधरोपण को जनआंदोलन बनाएं

- स्वतंत्रदेव सिंह ने किया जनपद में वृहद पौधरोपण महाअभियान-2026 का शुभारंभ
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 से अधिक लोगों का सम्मान, जनप्रतिनिधियों अधिकारियों ने किया वृक्षारोपण

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**






रविवार को जनपद में वृहद पौधरोपण महाअभियान-2026 का शुभारंभ प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उरई-कालपी रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी के समीप आटा में पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान को जन-जन से जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संवेदना और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का राष्ट्रीय संकल्प है। इस दौरान वृक्षारोपण महाअभियान- 2026 के अंतर्गत वृक्षारोपण, कृषि वानिकी एवं सामाजिक वानिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 12 से अधिक व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान भारत की उस सनातन संस्कृति का प्रतीक है, जहां मां और प्रकृति दोनों को समान सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मां जीवन देती है, उसी प्रकार वृक्ष पूरी पृथ्वी को जीवन प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने भारतीय संस्कृति में वृक्षों के महत्व का उल्लेख करते हुए शास्त्रों का प्रसिद्ध श्लोक ''दशकूपसमावापी...'' उद्धृत किया और कहा कि हमारी परंपरा में एक वृक्ष को दस पुत्रों के समान माना गया है। इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय सभ्यता में प्रकृति और पर्यावरण का कितना ऊंचा स्थान रहा है। जलवायु परिवर्तन पर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और भूजल स्तर में गिरावट आज पूरी दुनिया के सामने बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि एक विकसित वृक्ष प्रतिवर्ष लगभग 100 से 120 किलोग्राम ऑक्सीजन उपलब्ध कराता है और अपने जीवनकाल में एक टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करने की क्षमता रखता है। घने वृक्षों वाले क्षेत्रों में तापमान भी आसपास के क्षेत्रों की तुलना में 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक कम रहता है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष एक ही दिन में 36 करोड़ 50 लाख से अधिक पौधे लगाकर नया रिकॉर्ड बनाया गया था। वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश में 190 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं और उत्तर प्रदेश जल्द ही 200 करोड़ पौधरोपण के आंकड़े को पार करने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि पौधरोपण को सामाजिक दायित्व के रूप में अपनाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पेंशनर्स भवन का किया लोकार्पण

**उरई।** जनपद में प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पेंशनर्स भवन का लोकार्पण कर वरिष्ठ पेंशनरों को महत्वपूर्ण सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह भवन केवल ईंट–पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि समाज के उन अनुभवी और समर्पित लोगों के सम्मान का प्रतीक है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र, समाज और शासन–प्रशासन की सेवा में समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी केवल पेंशनर नहीं, बल्कि अनुभव, अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की अमूल्य धरोहर हैं। उनका अनुभव नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और समाज को सदैव दिशा देता रहेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह भवन संवाद, सहयोग, आत्मीयता और सामाजिक सहभागिता का सशक्त केंद्र बनेगा, जहां वरिष्ठजन अपने अनुभव साझा करेंगे और समाजहित में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे।

### जल शक्ति मंत्री ने आधुनिक तरणताल का किया लोकार्पण

**उरई।** जनपद के लिए आज का दिन खेल जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गया, जब उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आधुनिक सुविधाओं से युक्त तरणताल एवं विकसित खेल परिसर का लोकार्पण कर जनपदवासियों को एक बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक स्विमिंग पूल नहीं, बल्कि जिले की खेल प्रतिभाओं को नई पहचान दिलाने वाला केंद्र बनेगी। उन्होंने कहा कि जहां खेल के मैदान आबाद होते हैं, वहां अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण विकसित होता है।

### पंचनद धाम में पांच पवित्र नदियों की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण

**उरई।** जनपद के ऐतिहासिक एवं पावन पंचनद धाम में प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पांच पवित्र नदियों यमुना, चंबल, सिंध, क्वारी एवं पहुज की भव्य प्रतिमाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने पंचनद की पुण्यभूमि को नमन करते हुए कहा कि आज का दिन केवल प्रतिमाओं के अनावरण का नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और जल संरक्षण के राष्ट्रीय संकल्प का ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की त्रिवेणी की तरह पंचनद भी प्रकृति का अद्भुत चमत्कार है, जहां पांच पवित्र नदियां एक साथ मिलकर भारत की सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक विरासत का अनुपम स्वरूप प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि सदियों से वेदों और पुराणों में जिन नदियों की महिमा का वर्णन किया गया, आज उनकी प्रतिमाओं की स्थापना जन–जन को जल और प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण कराएगी। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति में नदियों को कभी मात्र जलधारा नहीं माना गया, बल्कि उन्हें मां का स्वरूप दिया गया है। पंचनद हमें विविधता में एकता का ऐसा संदेश देता है, जहां अलग–अलग दिशाओं से आने वाली नदियां अपनी पहचान खोए बिना एक बड़े उद्देश्य के लिए एक हो जाती हैं और यही भारत की सांस्कृतिक शक्ति है।

## हारजीत की बाजी लगाते 11 जुआड़ी गिरफ्तार, हजारों की नकदी बरामद

**जालौन (उरई)।** नगर के मोहल्ला नारोभास्कर में चल रहे जुए के फड़ पर छापा मारकर पुलिस ने हारजीत की बाजी लगा रहे 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 30,060 रुपये बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चंद को सूचना मिली कि मोहल्ला नारोभास्कर स्थित नसीम की टंकी वाले बाड़े में कुछ लोग ताश के पत्तों से हार–जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर उन्होंने एसआई शिवम सिंह सेंगर, कांस्टेबल बृजवीर, नीरज, जितेंद्र, हरिओम, विवेक, अजीत की पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा। पुलिस के पहुंचते ही छ लोग भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर 11 लोगों को मौके से पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चिमनदुबे निवासी फहीम, आसिफव हसीन, नारोभास्कर निवासी रेहान, असद, तारिक, श्याम सिंह व जितेंद्र, तोपखाना निवासी रईस, रापटगंज निवासी राशिद, हिरदेशाह निवासी आमिर के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से मालफड़ पर 26,400 रुपये व तलाशी के दौरान 3660 रुपये आरोपियों के पास से बरामद किए हैं। इसके अलावा पुलिस ने ताश की दो गड्डी भी बरामद की हैं। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफजुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र कलीम को गलत आचरण के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। युनुस अली पुत्र मकसद अली नि.ग्रा. वीरमपुर पर. व तह. तिलहर, शाहजहांपुर

# 'एक पेड़ मां के नाम' बना जनआंदोलन

## राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 का शुभारंभ

**``एक पेड़ मां के नाम'' अपनी मां के सम्मान तथा प्रकृति के संरक्षण से जोड़ने का प्रेरणादायी प्रयास: उद्यान मंत्री**



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह ने सरस्वती इण्टर कालेज, खीरो में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अवसर पर आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने ''एक पेड़ मां के नाम'' थीम के अंतर्गत हरिशंकरी का (बरगद, पीपल, पाकड़) का पौधा रोपित कर अभियान का शुभारंभ किया तथा प्रदेश सरकार के पर्यावरण संरक्षण एवं हरित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर हरित उत्तर प्रदेश विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई आकर्षक चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। साथ ही जनपद रायबरेली में मियावाकी पद्धति से विकसित किए जा रहे सघन वनीकरण तथा पौधरोपण की आधुनिक तकनीकों पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया, जिससे उपस्थित जनसमुदाय को वैज्ञानिक एवं प्रभावी वृक्षारोपण की जानकारी प्राप्त हुई। इस अवसर पर उद्यान मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प के क्रम में मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया गया है। ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान प्रत्येक नागरिक को अपनी मां के सम्मान तथा प्रकृति के संरक्षण से जोड़ने का प्रेरणादायी प्रयास है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनका संरक्षण करने का आह्वान किया।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के हैदरगढ़ पहुंचने पर सपा और कांग्रेसी नेताओं ने किया भव्य स्वागत



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** ज्योतिषपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के हैदरगढ़ पहुंचने पर श्रद्धालुओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान सांसद तनुज पुनिया समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक राममगन रावत, युवा नेता गौतम रावत सपा नेता पप्पू सिद्दीकी सांसद प्रतिनिधि/ ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह आशुतोष अवस्थी टिंकू श्रुति अवस्थी नगर अध्यक्ष रोहित मिश्रा आशीष साहू डिंपल सिंह प्रधान अलाणु सिंह प्रदीप सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और श्रद्धालु मौजूद रहे। शंकराचार्य के आगमन पर समर्थकों ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी से उत्साह का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने धार्मिक जयघोष के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद शंकराचार्य गौतीना स्थित सपा नेता गौतम रावत के आवास पर पहुंचे, जहां गौतम रावत ने उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि गाय हम सबकी माता है और भारतीय संस्कृति तथा सनातन परंपरा का आधार है। उन्होंने कहा कि सरकार से उनकी मांग है कि गाय को दी गई सामान्य पशु की उपाधि समाप्त कर उसे 'गौ माता' का दर्जा दिया जाए।

# टोल प्लाजा के पास दुकान का शटर उखाड़ ले गए चोर, दुकान में रखा लाखों का सामान भी गायब

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत टोल प्लाजा पर स्थित किराना दुकान पर शटर उखाड़ कर हुई चोरी में चोर40 हजार रुपएकी नकदी के अलावा लाखों रुपए कीमत का पान मसाला गुटखा व सिगरेट चुरा ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की माँग की है। कोतवाली क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी धर्मेंद्र पाल की अंशिका पाल किराना स्टोर के नाम से बारा टोल प्लाजा के निकट शायपुर मोड़ पर दुकान स्थित है। बताया कि शनिवार शाम घर से अचानक फोन आया कि अम्मा की तबियत खराब है। जिसके बाद दुकान बंद करके वह मां के इलाज के लिए अस्पताल पहुंच गए, परन्तु इलाज में देर लग जाने से वापस दुकान पर नहीं पहुंच सके।

# झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने से दो वर्षीय मासूम की मौत

**ग्रामीणों ने चिकित्सक को पकड़ पुलिस के हवाले किया**



**राम सनेही घाट (बाराबंकी)।** दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के निमतियापुर गांव में कथित झोलाछाप चिकित्सक के इलाज के बाद दो वर्षीय मासूम की मौत हो जाने से गांव में हड़कंप मच गया। घटना से नाराज ग्रामीणों ने चिकित्सक को पकड़कर एक घर में बंद कर दिया और पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी चिकित्सक अनुज को हिरासत में लेकर थाने ले गई। वहीं, मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, निमतियापुर निवासी अमित वर्मा के दो वर्षीय पुत्र आयांश पटेल के सिर पर दाने निकल आए थे। परिजन उसे उपचार के लिए गांव में संचालित एक क्लीनिक पर ले गए। आरोप है कि चिकित्सक ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया, जिसके कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। घबराए परिजन तत्काल उसे एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही गांव में आक्रोश फैल गया।

# सड़क न होने से जासेपुर के ग्रामीण परेशान, सांसद तनुज पुनिया को सौंपा ज्ञापन

**150 मीटर इंटरलॉकिंग व सीसी रोड निर्माण की मांग, बरसात में आवागमन हुआ दुश्वार**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड हैदरगढ़ की ग्राम पंचायत जासेपुर में वर्षों से सड़क की समस्या झेल रहे ग्रामीणों ने रविवार को बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया को ज्ञापन सौंपकर 150 मीटर इंटरलॉकिंग अथवा सीसी रोड निर्माण कराए जाने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में श्री रामसरन रावत के आवास से श्री जमील अहमद के आवास तक लगभग 150 मीटर लंबा मार्ग आज भी कच्चा पड़ा हुआ है। बरसात के मौसम में मार्ग पर जलभराव और कीचड़ हो जाने से लोगों का आवागमन बाधित हो जाता है। स्थिति यह है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीणों के अनुसार सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों, स्कूली बच्चों और मरीजों को उठानी पड़ती है। कई बार बच्चे स्कूल जाते समय फिसलकर चोटिल हो जाते हैं, वहीं आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भी गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने सांसद को दिए गए ज्ञापन में कहा कि यह मार्ग गांव के लोगों के दैनिक आवागमन का प्रमुख रास्ता है तथा मालिन बस्ती को भी जोड़ता है। मार्ग के पक्के निर्माण से सैकड़ों ग्रामीणों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

ग्रामीणों ने जनहित को देखते हुए शीघ्र इंटरलॉकिंग अथवा सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति दिलाने की मांग की। इस दौरान सांसद तनुज पुनिया से समस्या के शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई गई। ग्रामीणों ने उम्मीद व्यक्त की कि उनकी वर्षों पुरानी मांग पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई होगी और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी।

# वृक्षारोपण कर निभाये प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी: सुनील सिंह



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड त्रिवेदीगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंझार में एक में पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखते हैं। आइए, हम सभी अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लें और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएँ। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन वर्मा प्रधान सतीश यादव, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अतुल सिंह रावत, प्रधान मोहम्मदपुर अभय प्रताप सिंह गुड्डू, बबलू सिंह बिजौली, पंचायत सचिव दीपक वर्मा, सहायक विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, रोजगार सेवक संघ अध्यक्ष रामसजीवन यादव, रोजगार सेवक सरोज यादव, मनोज सिंह चिलूला सहित भारी संख्या में ग्रामवासियों ने विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया।

## खबरें एक नजर में

### भरथीपुर में हुआ एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ, एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी सम्बद्ध मेरा युवा भारत अमेठी एवं सहायक ट्रस्ट मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में विकास खण्ड अमेठी के ग्राम भरथीपुर में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आशा बहू मिथलेश तिवारी ने किया। आशा बहू मिथलेश तिवारी ने कहा कि गर्भवतियों में हिमोग्लोबिन का स्तर सात डेसी लीटर से भी कम मिला है। पूनम पांडेय आंगनवाड़ी ने कहा कि सामान्य महिला के शरीर में 12 ग्राम प्रति डेसी लीटर रक्त होना चाहिए। अध्ययन में सामने आया कि करीब 31 फीसदी गर्भवती महिलाएं जिले में अनीमिया की शिकार पाई गई। मास्टर ट्रेनर चन्द्र पाल यादव ने कहा कि 10 से 19 वर्ष की आयु की किशोरिया व युवतिया जनपद में मिली है जिनका हीमोग्लोबिन सामान्य से कम है। तंबाकू, गुटखा, शराब लोहे के अवशोषण को रोकता है। अंकुरित दाने, सहजन और लोहे की कड़ाही खाना पकाने के लिए प्रयोग करे। शांति आशा बहू ने कहा कि पीड़ित किशोरियों गर्भवतियों में थकान, चक्कर, सांस लेने में दिक्कत, चेहरा पीला पड़ना, सिर दर्द, दिल की धड़कन तेज होने के साथ भूख न लगना, कम वजन का और समय से पहले बच्चे का जन्म, चिड़चिड़ापन, बार-बार बीमार पड़ना और मानसिक एकाग्रता की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस बीमारी से बचना है तो संतुलित आहार करे और जंक फूड से बचे। संध्या सिंह स्वयं सेविका एवं छात्रा लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने संतुलित आहार में टिफिन, विटामिन सी, हरी सब्जियों, चुकंदर,गाजर का प्रयोग करें। दिन में 6 से 7 ग्लास पानी पीजिए। इस अवसर पर मालती विश्वकर्मा, विमला देवी, रंजीता जायसवाल सहित 35 से अधिक महिलाएं उपस्थित रहीं।

### 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में भाजपा नेता अचिन मेहरोत्रा ने किया पौधारोपण



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत लालबाग स्थित शहीद पार्क में आयोजित वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी देखभाल और संरक्षण करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने पिछले वर्ष लगाए गए पौधे की बेहतर वृद्धि का उल्लेख करते हुए लोगों से लगाए गए पौधों को सुरक्षित रखने की अपील की। इस अवसर पर सभासद कंचन मेहरोत्रा, भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक सिद्ध गोपाल मेहरोत्रा, सचिन सहित अन्य कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फर्राटा पंखे में उतरे करंट से वृद्धा की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत कमालपुर गांव में शनिवार को देर शाम करंट लगने से एक 76 वर्षीय वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। मिली जानकारी के अनुसार कमालपुर गांव निवासी प्रेम देवी उम्र 76 वर्ष पत्नी स्वर्गीय बब्बन शनिवार को अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थीं। इसी दौरान घर में लगे फर्राटे पंखे में करंट उतर आया। जैसे ही उन्होंने पंखे को छुआ, वह तेज करंट की चपेट में आ गईं और गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ीं। परिजनों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जामो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने लोगों से अपील की है कि घरों में लगे बिजली के उपकरणों और वायरिंग की समय-समय पर जांच कराते रहें, ताकि इस प्रकार की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

# केशवामऊ गौशाला प्रकरणः नोटिस के बाद कार्रवाई का इंतजार

**सीतापुर।** विकासखंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत केशवामऊ स्थित गौशाला से जुड़े कथित प्रकरण में सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों के बाद प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि अब तक कार्रवाई नोटिस और प्रतिकूल प्रविष्टि तक सीमित दिखाई दे रही है, जबकि मामले में विस्तृत जांच की आवश्यकता है। सूत्रों के अनुसार, यदि निरीक्षण रिपोर्ट, अभिलेख, वायरल सामग्री और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों से अनियमितताओं की पुष्टि होती है, तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही भुगतान अभिलेख, मस्टर रोल, मापन पुस्तिका (एमबी), जियो-टैग और अन्य दस्तावेज सुरक्षित कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है।

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जायस थाना क्षेत्र के पूरे भीखमशाह नजर मोहरी-1 निवासी मनीराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री विमलेश का विवाह 29 अप्रैल 2025 को रघुनाथ के पुत्र अरविंद के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही पति अरविंद और उसकी मां दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल तथा दो लाख रुपये नकद की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। मनीराम के अनुसार, जब वह कुछ समय पूर्व अपनी बेटी को मायके लाने ससुराल पहुंचे तो उसे भेजने से मना कर दिया गया। आरोप है कि 10 जुलाई को ससुराल पक्ष ने विमलेश को जहर दे दिया। बाद में रिश्तेदारों के माध्यम से सूचना मिली कि उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजन अस्पताल पहुंचे तो उनकी पुत्री की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतका के पिता ने पति, सास समेत अन्य ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# कल आयोजित होगा मंडल स्तरीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव व कुक्कुट निवेश सम्मेलन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला ने बताया कि सरकार की कुक्कुट विकास नीति-2022 के अंतर्गत प्रदेश में पोल्ट्री क्षेत्र के समग्र विकास, निवेश को प्रोत्साहन तथा आधुनिक वैज्ञानिक कुक्कुट पालन तकनीकों के प्रसार के उद्देश्य से एक दिवसीय मंडल स्तरीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव कुक्कुट निवेश सम्मेलन का आयोजन 14 जुलाई को सर्किट हाउस अयोध्या के सभागार में किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासन के निर्देशानुसार पशुपालन विभाग, अयोध्या मंडल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मंडल के कुक्कुट पालकों, उद्यमियों, निवेशकों एवं विभागीय अधिकारियों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, जहां पोल्ट्री क्षेत्र से संबंधित सरकारी योजनाओं, निवेश की संभावनाओं, आधुनिक प्रबंधन तकनीकों, रोग नियंत्रण, जैव सुरक्षा उपायों, विपणन व्यवस्था तथा वित्तीय सहायता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएंगी।

# डीआईजी ने होमगार्ड भर्ती तैयारियों का लिया जायजा

**दिए आवश्यक निर्देश**

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में रविवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक डीआईजी अयोध्या परिक्षेत्र सोमेन बर्मा ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह ने उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। डीआईजी ने 13 जुलाई से शुरू होने वाले होमगार्ड भर्ती परीक्षा के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं शारीरिक मानक परीक्षण की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी निगरानी समेत सभी आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद डीआईजी ने आगामी श्रावण मेला, कांवड़ यात्रा और जगन्नाथ यात्रा के मद्देनजर कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक भी की। बैठक में संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सतर्क निगरानी, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आमजन को सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# कार्य के प्रति समर्पित आकाश दीप ने संभाला उप शाखा प्रबंधक का कार्यभार



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय स्टेट बैंक सुपरमार्केट में उप शाखा प्रबंधक का कार्यभार आकाशदीप त्रिवेदी ने संभाल लिया है आकाशदीप त्रिवेदी भारतीय स्टेट बैंक में शाखा प्रबंधक की पद पर कई शाखों में अपनी सेवाएं दे चुके है भारतीय स्टेट बैंक सुपरमार्केट जिले के सबसे पुरानी और बड़ी शाखा है। जिले में ही कई शाखों में अपनी सेवाएं दे चुके आकाशदीप त्रिवेदी का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा है मुख्य शाखा इनका स्थानांतरण होने के बाद लोगों को यही आशा है कि आपके आने से एसबीआई बैंक में किसी भी व्यक्ति को कोई दिक्कत किसी भी कार्य के लिए नहीं होगी सभी जनमानस से निवेदन अगर आपको इस बैंक में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी हो आप आकाश से अपनी परेशानियों को बता सकते हैं उम्मीद है वह बहुत जल्द आपकी दिक्कतों को दूर भी कर देंगे क्योंकि आकाशदीप का विनम्र स्वभाव है एक अच्छे कर्मचारियों के तौर पर वह अपनी सेवाएं यहां पर देंगे और ग्राहकों को किसी सुविधा मिलेगी।

# 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत चलाया गया वृहद पौधरोपण अभियान



**समृद्धि न्यूज़, डलमऊ रायबरेली।** प्रकृति संरक्षण पर्यावरण संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के संकल्प के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' की थीम पर विकास खंड डलमऊ के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में 35 करोड़ वृक्ष लगाने के लक्ष्य के तहत चलाया जा रहा यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व, प्रकृति और मानव जीवन के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश भी दे रहा है। डलमऊ क्षेत्र में खाद एवं रसद विभाग के नेतृत्व में विशेष वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी रविशंकर, सप्लाई इंस्पेक्टर वीर सिंह, वन दरोगा अंकित सिंह तथा ब्लॉक प्रमुख शिवराम रावत की मौजूदगी में बड़ी संख्या में छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। वहीं डलमऊ क्षेत्र के पूरे रेवती सिंह गौशाला में उपजिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह, तहसीलदार मंजरी सिंह सदर लेखपाल हरिओम त्रिपाठी तथा राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में अधीक्षक डॉ. नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में पौधे लगाए गए। नगर पंचायत डलमऊ में किले के समीप स्थित पार्क में प्रतिनिधि शुभम गौड़ ने वृक्षारोपण किया जबकि कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक राघवन सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

# एसडीएम व नगर पंचायत अध्यक्ष ने 'पेड़ मां के नाम लगाने का दिया संदेश



**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 अभियान के तहत नगर पंचायत महराजगंज मे चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू व सभासदो के साथ मिलकर एसडीएम महराजगंज चंद्रप्रकाश गौतम ने वृक्षारोपण कर संदेश देते हुए कहा अधिक से अधिक वृक्षों को लगाकर पर्यावरण को संतुलन बनाना तथा प्रदूषण रहित बनाना हम सभी का उद्देश्य होना चाहिए पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए वन संरक्षण बेहद जरूरी है। चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने इस मौके पर कहा कि लगातार बढ़ती गर्मी बदलते मौसम और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण और जन भागीदारी जरूरी है। इसमौके पर वरिष्ठ लिपिक रामचन्द्र लिपिक यमुना सभासद धर्मेंद्र वर्मा मुस्ताक राइनी नूरुल हसन जमुना पासवान विनोद वैश्य रामकुमार यादव हलीम सूर्य प्रकाश वर्मा विजय धीमान दिनेश कुमार घनश्याम चौरसिया सहित नगर पंचायत कर्मी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने किया वृहद वृक्षारोपण, एसपी ने दिलाया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सरकार के 'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' अभियान के अंतर्गत 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम पर रविवार सुबह 8 बजे जनपद पुलिस द्वारा नवीन पुलिस लाइन में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। वृक्षारोपण अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन श्वेताभ भास्कर, प्रतिसार निरीक्षक राजेन्द्र कुमार सहित जिले के विभिन्न थानों के प्रभारी निरीक्षक, महिला पुलिसकर्मी एवं बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुलिस लाइन परिसर, बैरक और परेड ग्राउंड के आसपास छायादार, फलदार एवं औषधीय प्रजातियों के सैकड़ों पौधे लगाए गए। इस दौरान सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत अपनी माताओं के सम्मान में पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। पुलिस विभाग के अनुसार यह अभियान पूरे जनपद में चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए हरित अमेठी का निर्माण करना और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हराभरा वातावरण उपलब्ध कराना है।

# कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे का विवाद गहराया

**निष्पक्ष जांच व यथास्थिति बनाए रखने की मांग**

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**



नगर के सीएचसी हॉस्पिटल रोड स्थित कथित मजार-कब्रिस्तान की भूमि को लेकर विवाद गहरा गया है। स्थानीय मुस्लिम समाज के लोगों ने भूमि पर अवैध कब्जा और बिक्री का आरोप लगाते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस स्थान पर वर्षों पुराने कब्रिस्तान में उनके पूर्वजों की कब्रें मौजूद हैं और यह धार्मिक आस्था का केंद्र है।

इजरायल, जिलानी, इमरान, आरिफ, कल्लू, मोनू, छंगे, मुजीब, सरफुद्दीन और इस्तकार सहित कई लोगों का आरोप है कि कुछ लोग कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने राजस्व विभाग से भूमि की पैमाइश कराकर अभिलेखों का मिलान कराने और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। वहीं दूसरे पक्ष के आशिफ़ ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि संबंधित भूमि उनकी निजी संपत्ति है।

उनके अनुसार उन्होंने यह जमीन विधिवत खरीदी थी और बाद में किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भूमि से जुड़ा मामला न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे में अंतिम निर्णय आने तक यथास्थिति बनाए रखी जाए और किसी भी प्रकार का निर्माण या कब्जे की कार्रवाई न होने दिया जाए।

प्रशासनिक स्तर पर राजस्व अभिलेखों की जांच की तैयारी चल रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पौधरोपण महायज्ञ: विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने रोपा फलदार पौधा

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** वाह्य न्यायालय परिसर में 'पौध रोपण महायज्ञ' कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अनुजा सिंह ने फलदार पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पेड़-पौधे न सिर्फ जीवनदायी ऑक्सीजन देते हैं बल्कि प्रदूषण नियंत्रण और जल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पर्यावरण जागरूकता को कानूनी सेवा के साथ जोड़कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है। पौधारोपण करने के बाद सेवानिवृत सीडीओ राजीव लोचन पांडे ने कहा यह महायज्ञ सराहनीय पहल है। हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा लगा कर उसकी देखभाल करनी चाहिए।




आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण देने के लिए आज से ही हमें प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक विवेक कुमार मिश्रा, विनय मिश्रा, वाह्य न्यायालय के नाजिर रविंद्र कुमार, कमल मिश्रा, शाहिद अख्तर, अमित यादव, प्रमोद बाजपेई, देवेंद्र सिंह, रश्मि दीक्षित, जयप्रकाश प्रजापति, सेक्शन अधिकारी वन विभाग अरुण कुमार श्रीवास्तव, वनरक्षक ठाकुर हिमांशु सिंह सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता का संदेश दिया गया।

## धरनीधरपुर नगरिया में कल निःशुल्क नेत्र जाँच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** धरनीधरपुर नगरिया पंचायत घर में 14 जुलाई को शंकरा आई हॉस्पिटल, चौबेपुर (कानपुर) के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जाँच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इसमें विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक आँखों से संबंधित विभिन्न रोगों की निःशुल्क जाँच करेंगे। जाँच के दौरान जिन मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि होगी, उनका शंकरा आई हॉस्पिटल में निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। अस्पताल की ओर से लेंस, दवाइयाँ, भोजन तथा कानपुर आने-जाने के लिए निःशुल्क वाहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर के संयोजक शंकरा मित्र देव कुमार यादव ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर लाभ उठाने की अपील की है।

# परमात्मा हमारे मन में है : महात्मा हरिश्चंद्र

**संत निरंकारी भवन में सत्संग**



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में महात्मा हरिश्चंद्र ने कहा परमात्मा तो हमारे मन के अंदर है। ईश्वर की बनाई हुई मूर्ति को कोई भी नहीं पूजता लेकिन मनुष्य के हाथो से बनाई मूर्ति को लोग भगवान बना देते है।

उन्होंने कहा ईश्वर की बनाई मूर्ति यदि भक्ति करना सीख ले तो परमात्मा हमें शीघ्र मिल जायेगा क्योंकि परमात्मा ना कही और नहीं बल्कि संसार के हर मनुष्य के मन में वास है। जब हम दूसरो का अपमान करते है तो हम शरीर के भीतर मौजूद परमात्मा का भी अपमान करते है। संत महात्मा मनुष्य को सदैव सचेत करते हैं क्योंकि उनको पता होता है कि जिस प्रेम को पाने में इंसान अपनी पूरी उम्र लगा देता है लेकिन गलत संगत में पड़ कर सब कुछ खो बैठता है। दिलो में प्यार की जगह तकरार ले लेता है। इस लिए संतो ने कहा भी है 'रहिमन धागा प्रेम का मत तोड़ो चटकाए, टूटे से फिर नहीं जुड़े जुड़े गांठ पड़ जाए'। इसलिए हमें किसी को भूलवश भी इस प्रकार कटु शब्द नहीं कहने चाहिए, जिहें सुनकर दुसरो के दिलो पर ठेस पहुँचे। उसको खुशियाँ देने की वजाय हम पीड़ा देने में लग जाते हैं। हमें अपनी औकात नहीं भूलनी चाहिए कि इस सत्य परब्रह्म के बोध से पहले क्या थे और इसका बोध होने बाद हम क्या बन गए हैं।

## एआरपी योगेश यादव ने कई विद्यालयों में किया सामूहिक पौधरोपण



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** वृक्षारोपण महायज्ञ के तहत 35 करोड़ पौधरोपण का विशाल लक्ष्य पूरा करने की दिशा में कई विद्यालयों में सामूहिक पौधारोपण किया गया। इस कार्य में एआरपी योगेश यादव ने सक्रिय भूमिका निभाई और ग्राम सभा धरनी धरपुर नगरिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय, असालताबाद के कन्या प्राथमिक विद्यालय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर में पौधारोपण कर अभियान को गति प्रदान की। कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम प्रधान, विद्यालय के शिक्षकगण, अजय यादव, चंदगी राम, प्रेमशंकर, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। सभी ने योगेश यादव के पर्यावरण संरक्षण के इस प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें पूरे समर्थन का आश्वासन दिया। योगेश यादव ने कहा समुदाय के सामूहिक प्रयास से ही हम 35 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। यह अभियान सिर्फ पेड़ लगाने का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, स्वस्थ पर्यावरण और बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने का भी है।

# ई-रिक्शाओं की अव्यवस्था से नगर में बढ़ा जाम, राहगीर और व्यापारी परेशान



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में ई-रिक्शाओं की लगातार बढ़ती संख्या और उनके अव्यवस्थित संचालन से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। मुख्य बाजार, बस स्टैंड, डाकखाना, फर्रुखाबाद चौराहा और जीटी रोड पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। सवारी भरने की होड़ में कई ई-रिक्शा चालक बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और लंबी कतारें लग जाती हैं। जाम के कारण स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों, मरीजों, किसानों, व्यापारियों तथा अन्य राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहन भी जाम में फंस जाते हैं, जिससे गंभीर मरीजों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। स्थिति को और गंभीर बनाने में सड़कों पर दुकानदारों का अतिक्रमण तथा पटरी पर लगे रेडी-ठेले भी बड़ी वजह हैं, जिससे आवागमन के लिए पर्याप्त स्थान नहीं बचता। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ई-रिक्शाओं के लिए निर्धारित स्टैंड और तय रूट न होने तथा यातायात पुलिस की नियमित निगरानी के अभाव में समस्या लगातार बढ़ रही है। लोगों ने प्रशासन से प्रमुख स्थानों पर ई-रिक्शा स्टैंड बनाने, रूट निर्धारित करने, अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग पर रोक लगाने और नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि नगर की यातायात व्यवस्था सुचारु और सुरक्षित बन सके।

## खबरें एक नजर में

### पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने से इंजन में कोई खराबी नहीं आती, विपक्ष कर रहा झूठा प्रचार : असीम अरुण



**कन्नौज।** स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री (समाज कल्याण) असीम अरुण ने शनिवार को फूलमती देवी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की, आरती में शामिल हुए और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन यात्री प्रतीक्षालय और मंदिर के गुंबद के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में मंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को 'एक पेड़ मां के नाम और अपनी धरती मां के नाम' अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वन क्षेत्र में करीब 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो सभी के लिए गर्व और सम्मान की बात है। पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी जरूरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान, जिसमें समाजवादी पार्टी की सरकार पर मंदिरों के बजाय कब्रिस्तानों पर खर्च करने का आरोप लगाया गया था, पर असीम अरुण ने कहा कि सपा सरकार के समय मंदिरों की अपेक्षा कब्रिस्तानों पर अधिक ध्यान दिया जाता था, जबकि वर्तमान सरकार में मंदिरों के विकास और धार्मिक स्थलों के संरक्षण पर लगातार कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में मंदिरों के लिए स्वीकृत धनराशि मंदिरों के विकास पर ही खर्च की जा रही है। पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण बढ़ाने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यह केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा मिल रहा है और देश आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे नवाचार जारी रहने चाहिए ताकि एथेनॉल मिश्रण की मात्रा और बढ़ाई जा सके। विपक्ष के उस आरोप पर कि पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने से वाहनों के इंजन खराब हो रहे हैं, मंत्री ने कहा कि यह पूरी तरह भ्रामक और झूठा प्रचार है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप एथेनॉल मिश्रित ईंधन का उपयोग किया जा रहा है और इससे लोगों को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है।

### उमर्दा वन ब्लॉक में 25 हजार पौधे रोपे पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**कन्नौज।** वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत शनिवार को उमर्दा वन ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार और भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेशभर में वृक्षारोपण जनआंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ उनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है। वन विभाग को पौधों की नियमित निगरानी और जीवित रहने की स्थिति का सत्यापन कराने के निर्देश भी दिए।

# आजाद समाज पार्टी की सत्ता परिवर्तन सभा में संगठन का हुआ विस्तार

**तीन दर्जन से अधिक लोगों ने ली सदस्यता**

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

सिकंदरपुर के अंबेडकर नगर में रविवार को आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में सत्ता परिवर्तन सभा एवं सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद चंद्रशेखर आजाद के संघर्षों से प्रभावित होकर तीन दर्जन से अधिक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने नए सदस्यों को सदस्यता दिलाई तथा सेक्टर और बूथ स्तर के संगठन का गठन भी कराया।

सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने प्रदेश सरकार पर कानून-व्यवस्था, महंगाई



और पेट्रोल-डीजल की गुणवत्ता सहित कई मुद्दों पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराध बढ़ रहे हैं और जनता विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव पूरी मजबूती से लड़ेगी। जिला प्रभारी अनंत शाक्य ने कहा कि पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है और विभिन्न वर्गों के लोग इससे जुड़ रहे हैं। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह ने कहा कि पार्टी बहुजन समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है तथा युवाओं और वंचित वर्गों की आवाज बनने का कार्य कर रही है। इस दौरान जिला संगठन मंत्री हरिपाल, विधानसभा अध्यक्ष अनुज जाटव, महासचिव लेखराज संखवार, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार, मीडिया प्रभारी अनुज रावण, विधानसभा सचिव विशाल जाटव, जितेंद्र बाल्मीकि, मान सिंह, विवेक, रोहित सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीके स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी का भारतीय सेना में चयन

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र की डीके स्पोर्ट्स अकादमी के छात्र प्रांशु का भारतीय सेना में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रांशु ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगातार अभ्यास के दम पर यह सफलता हासिल की। अकादमी के कोच ने बताया कि वह आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद कभी पीछे नहीं हटा और अपने खर्चों में कटौती कर भी नियमित प्रशिक्षण लेता रहा। वर्षों तक कबड्डी सहित विभिन्न खेलों में अभ्यास करते हुए उसने अपने लक्ष्य पर पूरा ध्यान केंद्रित रखा। सेना में चयन के साथ प्रांशु ने अपने परिवार, जिले कन्नौज, तहसील छिबरामऊ और डीके स्पोर्ट्स अकादमी का नाम रोशन किया है। अकादमी प्रबंधन ने इसे अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताते हुए कहा कि भविष्य में भी कई खिलाड़ी रक्षा सेवाओं में चयनित होकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाएंगे।




## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में हुआ वृक्षारोपण



**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।**

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के आवाहन पर चल रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रविवार को नगर के सभी विभागों में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में नगर के गांधी नगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया के नेतृत्व में सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने कॉलेज प्रांगण में पौधे लगाए। कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षक पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने पर्यावरण में वृक्षों और हरियाली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'वृक्ष हमारी पृथ्वी का श्रृंगार और आधार हैं। पृथ्वी को जीवित ग्रह बनाने में पेड़-पौधों का अतुलनीय योगदान है। आज नगरीकरण, औद्योगिकीकरण और सड़क-रेलवे के चौड़ीकरण के नाम पर बड़े पैमाने पर पेड़ों का कटान हो रहा है, जो भविष्य के लिए बेहद हानिकारक है। इसके परिणामस्वरूप महानगरों में वायु की गुणवत्ता गिर रही है और जलवायु में नकारात्मक बदलाव देखे जा रहे हैं। इनसे बचने के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करनी होगी। इसके बाद वरिष्ठ प्रवक्ता बृजेश गंगवार ने वृक्षों के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करने और वृक्षों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण ही मानव जीवन की रक्षा है। त्पश्चात सभी शिक्षकों ने मिलकर कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

# समधन में ईओ व अध्यक्ष ने किया पौधरोपण

**समधन, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत समधन में अधिशासी अधिकारी (ईओ) दिव्या गुप्ता और नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम के नेतृत्व में एक पेड़, मां के नाम पौधारोपण अभियान रविवार को संपन्न हुआ यह अभियान नगर के पार्क मैदान में आयोजित किया गया। इसमें ईओ दिव्या गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम और सभासद प्रतिनिधियों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाएं। इस अवसर पर ईओ दिव्या गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि धरती को समृद्ध बनाएं, आओ मिलकर पेड़ लगाएं। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक राजेश वर्मा, दीपक



श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, हनीफ अली, अताउल्ला, मतलूब, रियाज़, कासिम, प्रशान्त कुमार, सफाई नायक नरेश चंद्र और सुनील कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## गंगा में गिरे ट्रक के लापता युवक को लेकर परिजनों का हंगामा

**कन्नौज।** मेहंदी घाट गंगा पुल से मैदा लदा ट्रक नदी में गिरने के बाद लापता युवक की तलाश रविवार देर शाम तक जारी रही। बचाव कार्य में देरी का आरोप लगाते हुए परिजनों ने मेहंदी घाट पुल पर हरदोई-कन्नौज मार्ग जाम कर दिया। करीब 45 मिनट तक चले प्रदर्शन से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में पुलिस ने हस्तक्षेप कर जाम खुलवाया। रविवार तड़के करीब चार बजे हरदोई से औरैया जा रहा मैदा से लदा ट्रक मेहंदी घाट पुल पर अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए गंगा में गिर गया था। हादसे में श्रवण कुमार (36) निवासी गुरौली, बिलग्राम (हरदोई) और संगीत कुमार (44) निवासी सहार, थाना बेला (औरैया) को स्थानीय गोताखोरों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में एसपी ने किया वृक्षारोपण

**कन्नौज।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर चल रहे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और मां के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करना प्रकृति के प्रति सच्ची जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग कानून-व्यवस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाइन परिसर में छायादार, फलदार और औषधीय प्रजातियों के सैकड़ों पौधे लगाए गए।

# समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के संगठन को मजबूत करने के लिए जिला अध्यक्ष ने पीडीए की सरकार बनाने पर बल दिया

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।**

प्रदेश में 2027 के चुनाव को लेकर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के संगठन को मजबूत करने के लिए पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए दो जिला सचिवों को मनोनीत कर पीडीए की सरकार बनाने पर बल दिया गया उत्तर प्रदेश में प्रमुख विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए जहां प्रदेश में सभी संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा कठिन



परिश्रम किया जा रहा है तो वही समाजवादी पार्टी का गढ़ रहा.जनपद कन्नौज मैं समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है तो वही संगठन को मजबूत करने के लिए समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के दिशा निर्देश एवं पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजपाल कश्यप के मार्गदर्शन में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राम सेवक बाथम द्वारा काकर कुंई निवासी राम गोपाल शर्मा व सौरिख निवासी शैलेश कुमार को जिला सचिव पद पर मनोनीत कर संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए इस मौके पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव प्रोफेसर अरुण शर्मा विजय गुप्ता राहुल शर्मा छात्र नेता मनी गुप्ता आकाश शर्मा वरिष्ठ सपा नेता मुस्तकीम खान नन्हे राठौर आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद, कन्नौज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद परिसर में रविवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वास्थ्य केंद्र को हरित और स्वच्छ बनाना रहा। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार सिंह, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री रामवीर सिंह कठेरिया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख राजेश कटियार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख राजेश कटियार ने कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार हैं। यदि



हम स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करना चाहते हैं तो प्रकृति की रक्षा करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य केंद्र पर वृक्ष लगाने का संदेश यही है कि इलाज के साथ-साथ बचाव भी जरूरी है और स्वच्छ पर्यावरण सबसे बड़ा बचाव है। कार्यक्रम में डॉ. संदीप कुमार कोली, आनन्द सचान फार्मासिस्ट, विनय श्रीवास्तव ए.आर.ओ., गौरव प्रताप डाटा मैनेजर, प्रेमचन्द्र एल.एम., रचना यादव, प्रेरणा स्टाफ नर्स, रजनीश कुमार, अजीत कुमार एवं निर्मेश कुमार सहित स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगाए गए पौधों की देखभाल की पूरी जिम्मेदारी ली जाएगी। उन्होंने आमजन से भी अपने घरों के आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की।

# पर्यावरण को शुद्ध व स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक का अहम कर्तव्य: समाज कल्याण मंत्री

- विकासकारी परियोजनाओं के निर्माण में हरित वातावरण को भी करें समाहित
- मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने दरौंदी ग्राम में पूजन अर्चन कर त्रिकोण में लगाए हरिसंकरी पौधे
- वृक्षारोपण महाकुम्भ के तहत जनपद में एक दिवस में रोपित किए गए 40 लाख 93 हजार पौधे



वृक्षारोपण करते समाज कल्याण मंत्री मौजूद अन्य



स्कूली बच्चों के साथ वृक्षारोपण करतीं डीएम व एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता एवं मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण और अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग असीम अरुण के मुख्य आतिथ्य में जनपद में वृक्षारोपण महाकुम्भ का आयोजन ग्राम दरौंदी एवं ग्राम पट्टीपुर विकासखण्ड मोहम्मदाबाद में किया गया। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत विशिष्ट अतिथि एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर तथा जिलाध्यक्ष भाजपा फतेहचंद्र वर्मा मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि आज संपूर्ण उत्तर प्रदेश में रिकॉर्ड 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित है, पिछले वर्ष भी यही लक्ष्य रखा गया था, जिसे प्राप्त करने में हम सभी सफल हुए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हम सभी को इस लक्ष्य को और बढ़ाना होगा। हमारे देश में पेड़, जंगलों में एवं सड़कों के किनारे लगाए जा रहे हैं, यह वनावरण केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के नेतृत्व में जनचेतना के सहयोग से और अधिक बढ़ाया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम का संदेश इस मुहिम में दिन प्रतिदिन बल प्रदान कर रहा है। दरौंदी में ग्राम समाज की भूमि पर पीपल, बरगद एवं पाकड़ हरिशंकरी पौधे को त्रिकोण के रूप में लगाया गया है, यहां पर आज एक दिवस में 08 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं जो आगे चलकर एक घने वन का रूप धारण कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पौधों को लगाने के साथ-साथ उनका संरक्षण भी अति आवश्यक है। सरकार के नेतृत्व में रोपित प्रत्येक पेड़ की सुरक्षा के लिए, 02 ट्री गार्ड संबंधित क्षेत्र के विधायक निधि से एवं 01 ट्री गार्ड संबंधित जनपद के वन विभाग के द्वारा लगाया जा रहा है। हम सभी को मिलकर पर्यावरण को शुद्ध एवं स्वच्छ रखना है। सरकार द्वारा गंगा एक्सप्रेस वे के किनारे अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर वृक्षों का सघन आच्छादन किया जा रहा है, जिससे वह आगे चलकर ग्रीन एक्सप्रेस वे के नाम से जाना जा सकेगा। हमें विकास के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा पर भी बल देते हुए प्रत्येक विकासकारी परियोजना के निर्माण में हरित वातावरण को भी समाहित करना चाहिए।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि वृक्ष हमें तीन प्रकार से लाभ प्रदान करते हैं, वह हमारे लिए वातावरण में गर्मी के मौसम में ठंडक, सर्दी के मौसम में गर्मी एवं वर्षा के मौसम में भूमिगत जल की वृद्धि करते हैं। हम सभी को वृक्ष लगाने के साथ-साथ उनका अभिभावक की भांति पालन पोषण भी करना चाहिए। विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि आज हमारी विधानसभा में इस वृक्षारोपण जन आंदोलन का शुभारंभ मंत्री के कर कमलों द्वारा हुआ है, यह हमारे विधानसभा क्षेत्र के लिए अत्यधिक गर्व की बात है। प्रधानमंत्री द्वारा देश को दिया गया नारा एक पेड़ मां के नाम वाक्य एक जन आंदोलन का रूप धारण कर चुका है। वृक्षारोपण महाकुंभ पर जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने कहा कि आज के इस वृक्षारोपण महाकुंभ में बच्चों द्वारा भी अभिभावक के रूप में प्रतिभाग किया जा रहा है, यह हमारे लिए अत्यधिक गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हमारा यह दायित्व होना चाहिए कि हम सभी अपनी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करें। हम सभी को अपने द्वारा लगाए गए पौधों की देखभाल छोटे बच्चों की भांति करना अति आवश्यक है।

अपने द्वारा लगाए गए पौधे की प्रगति के साथ एक सेल्फी अवश्य लें, जिससे हमें उस पौधे के विकास की जानकारी प्राप्त हो सके। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम हमारे लिए एक विशेष अवसर है कि हम अपने आने वाले भविष्य के हरित वातावरण को सुरक्षित बना सकें। प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास एक पेड़ अवश्य लगाये तथा उसका संरक्षण भी करें। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी ने कहा कि वर्ष 2026 में वृक्षारोपण अभियान के तहत शासन द्वारा जनपद में 23 विभागों के माध्यम से 3743 स्थलों पर 45 लाख 74 हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

## साइबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

- 97256 रुपये किये गये फ्रीज



पुलिस हिरासत में आरोपीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ट्रांसपोर्ट सुविधा मुहैया कराने के नाम पर सीधे साधे लोगों को अपने झांसे में लेकर ट्रांसपोर्ट बुकिंग के नाम पर साइबर ठगी करने वाले 01 अभियुक्त को 03 मोबाइल व 06 डेबिट कार्ड व 10 मोबाइल सिम व 02 पासबुक व कुल 1350 रुपये सहित गिरफ्तार किया गया। साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा ट्रांसपोर्ट सुविधा मुहैया कराने के नाम पर सीधे साधे लोगों को अपने झांसे में लेकर ट्रांसपोर्ट बुकिंग के नाम पर साइबर ठगी करने वाले अभियुक्त सुरजीत सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम भुसेरा थाना राजेपुर को गिरफ्तार कर लिया। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा प्रतिबिम्ब पोर्टल से प्राप्त संदिग्ध मोबाइल नंबरों एवं बैंक खातों की जांच के दौरान थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम भुसेरा से अभियुक्त सुरजीत सिंह उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 03 मोबाइल फोन, 06 डेबिट कार्ड, 10 मोबाइल सिम, 02 पासबुक तथा 1,350 रुपये नगद बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अपने साथी नक्षत्र पाल सिंह निवासी जनपद हरदोई के साथ मिलकर ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध कराने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर फर्जी ट्रांसपोर्ट बुकिंग के माध्यम से साइबर ठगी करता था। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना साइबर क्राइम धारा 318(4), 317 (2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया।

वहीं दूसरी घटना पुलिस द्वारा साइबर ठगी में प्रयुक्त 13 म्यूल बैंक खातों का संचालन कर ठगी की धनराशि का लेन-देन करने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कुल 97256 रुपये फ्रीज किया गया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों में अभय श्रीवास्तव उर्फ नीलू पुत्र निवेन्द्र श्रीवास्तव निवासी सातनपुर भोपत पट्टी थाना कादरीगेट, अनमोल पुत्र विपिन कुमार शाक्य निवासी सातनपुर भोपत पट्टी सातनपुर, अंकित शाक्य पुत्र सुभाष चन्द्र शाक्य निवासी भोपत पट्टी को गिरफ्तार किया गया। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा म्यूल खातों की गहन जांच एवं सत्यापन के दौरान ऐसे व्यक्तियों की पहचान की गई, जो साइबर अपराधियों द्वारा ठगी से प्राप्त धनराशि को अपने बैंक खातों में प्राप्त कर उसका लेन-देन एवं निकासी कर अवैध रूप से उपयोग कर रहे थे।

## गौशाला में बोरिंग के लिए आये 12 पाइप चोरी दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत क्षेत्र की गौशाला में बोरिंग करने आए मिस्त्री के 12 पाइप अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिये। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी। मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के गांव नगला समाई निवासी ऋषभ कुमार पुत्र राम शंकर ने नवाबगंज थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह और पंप की बोरिंग मैकेनिक का काम करता है। बीते दो दिन पूर्व नगर पंचायत क्षेत्र के गौशाला में बोरिंग करने के लिए अपना पंपिंग सेट तथा पाइप आदि सामान लेकर आया था, जो वहां डालकर चला गया, तभी बरसात होने लगी और दो दिन तक नहीं आया। इसी बीच किसी समय अज्ञात व्यक्तियों ने 12 पाइप चोरी कर लिए।

## ट्रक से दबकर मजदूर की मौत

- ट्रक को बैक करते समय घटी घटना



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र टाउन हॉल चुंगी पर सीमेंट से लदे एक ट्रक को बैक करते समय मजदूर ट्रक व दीवार की बीच दब गया। जिससे मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गया। साथी लोगों ने आनन-फानन में उपचार के लिए एक निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के क्षेत्र रमन्ना गुलजार निवासी सचिन मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। रविवार को वह सीमेंट लेकर आए एक ट्रक को खाली करने के लिए गया था। उसके साथ अन्य मजदूर भी ट्रक खाली कर रहे थे। ट्रक खाली होने के बाद उसे बैक किया जा रहा था। अन्य मजदूर पानी पीने चले गए, जबकि सचिन ट्रक को बैक करने में मदद कर रहा था। बताया गया है कि चालक ट्रक की दूसरी तरफपीछे की ओर था, जिससे वह सचिन को देख नहीं पाया। इसी दौरान चालक ने ट्रक को पीछे बढ़ाया और सचिन ट्रक तथा दीवार के बीच दब गया। हादसा देखकर लोगों ने तुरंत ट्रक को आगे बढ़वाया। सचिन ने पेट में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उसे तत्काल ई-रिक्शा से एक निजी नर्सिंग होम ले जाया गया। वहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर किया गया।

## खबरें एक नजर में

### पति के खिलाफ पत्नी ने दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शराबी पति ने पुत्र व पत्नी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी। जानकारी के अनुसार ममता पत्नी पुष्पेंद्र गांव पुठरी ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका पति आए दिन घर पर शराब पीकर घर पर बच्चों को मारपीट करता है। रविवार को भी महिला का पति पुष्पेंद्र घर पर था और महिला व उसका पुत्र रिषभ खेत में धान की फसल बोकर दोपहर में जब वापस घर पहुंचे तो पुष्पेंद्र महिला व पुत्र रिषभ को गाली-गलौज करने लगा और घर में घुसने से मना करने लगा। जब रिषभ ने गाली-गलौज करने का विरोध किया तो पुष्पेंद्र ने पुत्र के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में रिषभ ने आरोप लगाया कि पिता ने लोहे के पाइप से उसके ऊपर बार किया। लोहे का पाइप लगने से रिषभ गंभीर घायल हो गया। बचाने आई रिषभ की मां ममता को भी मारपीट कर दी। थाने पहुंचकर ममता ने अपने पति के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस जांचकर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### बकरी के विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, तीन घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के चकरपट्टी गाँव में बकरी द्वारा खेत की फसल चरने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें लाठी-डंडों के साथ चाकू चलने का भी आरोप है। इस हिंसक झड़प में तीन लोग घायल हो गए हैं। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

चकरपट्टी निवासी योगेश कुमार द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 9 बजे गाँव के ही राजू की बकरी उनके भतीजे नवीचन्द्र के खेत में खड़ी फसल चर रही थी। जब इसकी शिकायत राजू से की गई, तो राजू और उसकी पत्नी रामा देवी गाली-गलौज और मारपीट की धमकी देने लगे। आरोप है कि उसी दिन शाम करीब 3:30 बजे जब नवीचन्द्र का पुत्र नितिन मोटरसाइकिल लेने जा रहा था, तभी रास्ते में राजू, रामा देवी, अर्चित और प्रदीप ने उसे घेर लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से नितिन की पिटाई शुरू कर दी। चीख-पुकार सुनकर जब नितिन को बचाने विवेक, राजा और अंकित मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों में शामिल प्रदीप के हाथ में चाकू था। इस मारपीट में अंकित, विवेक और राजा गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने नवाबगंज थाने में आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजकर मामले की जांच और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### कायमगंज में बाल विवाह की झूठी सूचना पर मचा हड़कंप

**पुलिस जांच में निकला रंजिश का मामला, परिजनों को दी कड़ी हिदायत**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रविवार को बाल विवाह की सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भारी बल के साथ गांव पहुंची। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि जांच में सामने आया कि किशोरी के बाबा और चाचा कोतवाली पहुंचे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनकी पोती की उम्र अभी 15 साल है और वे केवल उसके लिए रिश्ता तलाश रहे हैं, शादी नहीं की जा रही है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सूचना देने वाले व्यक्ति से उनकी पुरानी रंजिश है। दोनों पक्षों के बीच पहले से ही एक अदालती मामला लंबित है। परिजनों ने आरोप लगाया कि दुश्मनी के चलते उन्हें परेशान और बदनाम करने के उद्देश्य से यह झूठी शिकायत की गई थी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने परिजनों को कड़ी हिदायत दी कि किशोरी के बालिग होने से पहले उसका विवाह किसी भी कीमत पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में बाल विवाह का कोई भी साक्ष्य मिला तो पूरे परिवार के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बंदर के हमले से तीन मंजिल से गिरकर व्यापारी की मौत



मृतक का फाइल फोटो

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तीन मंजिला छत पर पानी की टंकी का पाइप सही करने गये व्यापारी पर बंदर ने हमला कर दिया। जिससे वह नीचे गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गये। परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार ठंडी सड़क निवासी फैशन वर्ल्ड के मालिक व मौरम सरिया के विक्रेता व सपा नेता जगदीश यादव रविवार को अपनी तीन मंजिला छत पर पानी की टंकी का पाइप सही करने गये थे।

इस दौरान उन पर अचानक बंदरों ने हमला कर दिया। जिससे वह घबरा गये और भागकर नीचे गिर गये। परिजन उपचार के लिए उन्हें ठंडी सड़क स्थित एक चिकित्सक के यहां ले गये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

## जीएसटी जागरूकता व व्यापारिक समस्याओं के समाधान पर हुआ विचार विमर्श

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



व्यापारियों को जानकारी देते अधिकारी

शासन के निर्देशानुसार राज्य कर विभाग फतेहगढ़, द्वारा को व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं का समाधान, जीएसटी संबंधी प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जीएसटी पंजीकरण के दायरे का विस्तार करना रहा। कार्यालयाध्यक्ष विपिन कुमार नाग ने कहा कि राज्य कर विभाग की प्राथमिकता केवल राजस्व संग्रह तक सीमित नहीं है, बल्कि जीएसटी करदाताओं को विधिक प्रावधानों की जानकारी उपलब्ध कराना तथा उनकी व्यावहारिक समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना भी विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशों के अनुपालन में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलीथिन सामग्री के निर्माण, भंडारण, उपयोग एवं बिक्री पर प्रभावी रोक लगाए जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। व्यापारियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। जीएसटी पंजीकरण का विस्तार, व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने तथा जीएसटी 2.0 के अंतर्गत किए गए महत्वपूर्ण सुधारों एवं नई व्यवस्थाओं के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। व्यापारियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विभागीय अधिकारियों ने उन्हें विभिन्न कर संबंधी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में जनपद के व्यापारियों, व्यापार मंडलों, उद्योग संगठनों, अधिवक्ता संघ, चार्टर्ड अकाउंटेंट संगठन एवं अन्य संबंधित हितधारकों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर उपायुक्त हिम्मत सिंह, एनके गोयल, अमित त्यागी, सहायक आयुक्त शरद प्रताप सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, आलोक कुमार राय सहित राज्य कर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भज्जी नगला में जिला कमांडेंट होमगार्ड ने किया वृक्षारोपण

- होमगार्ड व ग्रामीणों ने धरती को हरा-भरा बनाने का लिया संकल्प



वृक्षारोपण करते जिला कमांडेंट होमगार्ड

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ ग्राम पंचायत सिनौली के गांव भज्जी नगला में रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला कमांडेंट होमगार्ड धीरेन्द्र नाथ सिंह ने पौधा लगाकर किया। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख कायमगंज अनुराधा दुबे प्रतिनिधि अरुण दुबे ने भी पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर एडीसी सुभाष चंद्र यादव, बीओ बांकेलाल वर्मा, एसी इंद्रकुमार मिश्रा, पीसी हंसराम दुबे सहित समस्त होमगार्ड जवान उपस्थित रहे। जिला कमांडेंट ने कहा कि मां और प्रकृति दोनों जीवनदायिनी हैं। हर नागरिक को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। होमगार्ड लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लेगा। अरुण दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाना है। पेड़ ही हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित करेंगे। कार्यक्रम में गांव के श्याम सिंह, हरिवीर सिंह, विजय सिंह, दर्शन सिंह, दीपक,रामवीर यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नीम, पीपल, बरगद और फलदार पौधे लगाए। जिला कमाडेंट धीरेन्द्र नाथ सिंह मां के नाम पर पेड़ लगाना सबसे बड़ा सम्मान है। हम संकल्प लेते हैं कि हर पौधे को पेड़ बनाएंगे। एडीसी सुभाष चंद्र यादव, बीओ बांकेलाल वर्मा, एसी इंद्रकुमार मिश्रा, पीसी हंसराम दुबे के साथ समस्त होमगार्ड और ग्रामीण श्याम सिंह, हरिवीर सिंह, विजय सिंह, दर्शन सिंह, दीपक, रामवीर यादव ने भी बढ़-चढ़कर पौधे लगाए।

## मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव कड़िउली में घर के सामने गड्ढों में मिट्टी डालने को लेकर हुए विवाद में एक महिला, उसके पति और पुत्र के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता सोनी पत्नी मनोज कुमार निवासी ग्राम कड़िउली ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 24 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर के सामने वाहन निकलने के लिए गड्ढों में मिट्टी डालकर रास्ता समतल कर रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ग्रीश पाल, गवडू पाल, सतीश और मंदेश कुमार पुत्रगण शिवपाल सिंह, वहां पहुंच गए और मिट्टी डालने का विरोध करते हुए गाली-गलौज करने लगे।

## थाना प्रभारी निरीक्षक ने जनता दरबार लगाकर सुनी जन समस्यायें



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण में थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने थाने पर जनता दरबार लगाकर जन समस्याओं को सुना। इस दौरान कई समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं थाना क्षेत्र के ही ग्राम नवादा पहाड़पुर निवासी वृद्ध महिला किताबश्री ने थाने पर आकर बताया कि बीते दो दिन पूर्व उसके पुत्र ने उसके साथ मारपीट कर उसको निकाल दिया था, तब से कुछ ना ही खाने-पीने को देता है और ना ही घर में रहने दे रहा है। वहीं उसने एक बोरी गेहूं तथा 15 किलो चावल महिला के चोरी कर लिए। महिला ने अपनी लाचारी थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को सुनाई। तब थाना प्रभारी निरीक्षक ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए महिला को अपने आवास पर ले जाकर अपने लिए रखा भोजन वृद्ध महिला को करवाया तथा महिला को आश्वासन दिया की तुरंत कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने महिला के घर उसके पुत्र को बुलाने के लिए तुरंत पुलिस भेज दी। जिस पर महिला ने थाना प्रभारी निरीक्षक की प्रशंसा करते हुए बताया की अधिकारी के तुरंत कार्रवाई से अब उसको न्याय मिलने की उम्मीद है।

## बीडीओ ने ब्लॉक परिसर के खेल मैदान में किया वृक्षारोपण



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना एक पेड़ मां के नाम के तहत पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ विकासखंड अधिकारी ने विकासखंड परिसर में पौधारोपण किया। विकासखंड कार्यालय परिसर में बने खेल मैदान तथा ग्राम पंचायत में शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत विकास खंडाधिकारी ने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ पौधारोपण किया। कार्यालय परिसर में बने खेल मैदान में पौध रोपण कर विकासखंड अधिकारी ने हरी भरी हरियाली के लिए अधीनस्थों को प्रेरणा दी। उन्होंने बताया की मां जीवन दायिनी होती है और मां के नाम पेड़ भी जीवन दयानी के रूप में काम करता है।

## ग्राम पंचायत सलेमपुर त्योरी में सचिव ने किया वृक्षारोपण



**नवाबगंज।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलेमपुर त्यौरी सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए विकास खंडाधिकारी के निर्देशन में ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला ने ग्राम प्रधान पंचायत सहायक रोजगार सेवक तथा ग्रामीणों के साथ ग्राम पंचायत में एक दर्जन से अधिक पौधे लगाये। ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला ने बताया की ग्राम पंचायत में पौधारोपण में उन्होंने ग्राम प्रधान विजेंद्र सिंह तथा पंचायत सहायक रोजगार सेवक के साथ बहुत रोपण किया और धरती पर हरियाली लाने का काम किया है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एसपी ने पुलिस लाइन में किया वृक्षारोपण




वृक्षारोपण करती पुलिस अधीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन्स में पुलिस अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण महायज्ञ के अंतर्गत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने हेतु इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रत्येक पुलिस कार्यालय एवं थाने में भी वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक हरित क्षेत्र विकसित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके।

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश भर में चलाए जा रहे महाभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत रिजर्व पुलिस लाइन में एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने स्वयं अपने हाथों से पौधा लगाकर इस पुनीत कार्य की शुरुआत की और समाज को पर्यावरण बचाने का कड़ा संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर में फलदार, औषधीय और छायादार पौधे रोपे। इसके साथ ही उन्होंने रोपे गए पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस विभाग के कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और अभियान को सफल बनाया। एसपी ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का मुख्य आधार हैं। लगातार बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना आज के समय की सबसे बड़ी मांग है। अपनी मां के सम्मान और स्मृति में एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी तब तक देखभाल करें जब तक वह एक बड़ा पेड़ न बन जाए। यह अभियान न केवल हमारी माताओं के प्रति एक सच्ची कृतज्ञता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण का निर्माण भी है।

## टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार बिजली के पोल से टकराई

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद बदायूं के कस्बा ककराला निवासी खातिब खान जोकि मध्य प्रदेश सरकार में खनन विभाग में कार्यरत है, रविवार वह अपनी पत्नी व लगभग 2 वर्षीय पुत्र के साथ अपनी कार में सवार होकर मध्य प्रदेश जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार थाना नवाबगंज के गांव करनपुर चौराहे पर पहुंची, वैसे ही उनकी कार का एक टायर फट गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर एक ई-रिक्शा से टकराते हुए ट्रांसफार्मर रखे दो बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर लगने से ई-रिक्शा का शीशा निकलकर बाहर गिर गया और बिजली के दोनों पोल टूट गए, जिससे उस पर रखा ट्रांसफार्मर जमीन पर गिर गया।

# ग्राम संवाद कार्यक्रम में सीओ ने ग्रामीणों की सुनी समस्यायें

- सैथरा में पुलिस-जनता ने किया सीधा संवाद
- महिलाओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर दिया गया जोर



ग्रामीणो से संवाद करते सीओ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से ग्राम सैथरा में ग्राम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कायमगंज क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला सहित पुलिस टीम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनका त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया

ग्राम फरीदपुर मजरा सैथरा के मीटिंग हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीओ राजेश कुमार द्विवेदी कायमगंज ने की। उनके साथ प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला कायमगंज और थाना पुलिस के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस आपकी मित्र है। किसी भी प्रकार की समस्या, अपराध, महिला उत्पीड़न या साइबर फ्रॉड की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने ग्रामीणों से अपील की कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखें। तेज रफ्तार वाहन न चलाएं और हेलमेट का प्रयोग करें। नशे से दूर रहने और नशा तस्करों की सूचना पुलिस को देने की बात कही। ग्रामीणों ने गांव में पुलिस गश्त बढ़ाने, अवैध शराब और जुआ पर रोक लगाने की मांग की। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। पुलिस ने ग्रामीणों को आपातकालीन नंबर 112 और महिला हेल्पलाइन 181 की जानकारी दी।

# एलवाई डिग्री कॉलेज में वृक्षारोपण महायज्ञ के तहत हुआ पौधरोपण



वृक्षारोपण करते शिक्षक व कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एलवाई डिग्री कॉलेज में पौधा रोपण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इनमें गुलमोहर, कदम, नींबू, जामुन, इमली, पाकड़, आम के पौधे लगाए गए। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राम कुमार अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का अहम हिस्सा है। इनके बगैर मानव जीवन की कल्पना मुश्किल है। प्राचार्य डॉ0 विनय कुमार सिंह ने कहा कि वृक्ष है तो कल है, प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवनकाल के प्रत्येक वर्ष में कम से कम 5 वृक्ष लगाने चाहिए और उनका पालन पोषण करना चाहिए। वृक्ष प्रकृति का अनिवार्य अंग हैं हमें हर हाल में इनका संरक्षण और संवर्धन करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ0 देवेन्द्र कुमार, अभिषेक सिंह, नरेंद्र मिश्रा, डॉ0 मिताली सिंह, डॉ0 आशीष तिवारी, दिनेश चंद्र, अरविंद कुमार, डॉ0 आरती दुबे, डॉ0 मनीषा सक्सेना, सत्य नारायण सिंह, अभिषेक चतुर्वेदी, विवेक अवस्थी, दुर्गेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# रामलीला मंडल फर्रुखाबाद की वार्षिक बैठक में चुनाव संपन्न


कार्यक्रम में मौजूद रामलीला मण्डल के पदाधिकारी

- मिथिलेश अग्रवाल संरक्षक व लालजी टंडन छठी बार चुने गए अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रामलीला मंडल फर्रुखाबाद की वार्षिक बैठक स्टेट बैंक रोड स्थित एक सभा भवन में आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से मिथिलेश अग्रवाल को संरक्षक और लालजी टंडन को लगातार छठी बार अध्यक्ष चुना गया। दीपक सक्सेना को लगातार तीसरी बार मंत्री चुना गया। अशोक अग्रवाल कोषाध्यक्ष और प्रदीप कुमार गुप्ता लेखा परीक्षक घोषित किए गए।

अध्यक्षता लालजी टंडन ने की व संचालन राजेश हजेला ने किया। नवनिर्वाचित मंत्री दीपक सक्सेना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर संजय गर्ग, गुरविंदर सिंह, जितेंद्र सिंह, रचित अग्रवाल, विवेक मिश्रा, गौरव अग्रवाल, श्याम बाबू वर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दीपांशु गुप्ता व्यापार मण्डल मोहम्मदाबाद के बने नगर अध्यक्ष


मनोनयन पत्र प्राप्त करते दीपांशु गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा मोहम्मदाबाद नगर इकाई के अध्यक्ष घोषित किया गया। जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता व जिला महामंत्री रविकांत गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा एवं जिला प्रभारी अजय कुमार सक्सेना की सहमति पर दीपांशु गुप्ता को नगर अध्यक्ष मोहम्मदाबाद का घोषित किया गया। सभी ने जिला महामंत्री रविकांत गुप्ता को जिलाध्यक्ष बनाये जाने की मांग की। रविकांत गुप्ता ने बताया कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसका मैं निर्वहन कर रहा हूं। मेरा उद्देश्य है कि संगठन से ज्यादा से ज्यादा व्यापारी जुड़े और उनकी समस्या का निराकरण हो। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मारुती गुप्ता, नगर अध्यक्ष अंकित कुमार गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता, सौरभ कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

# संडे फॉर गंगा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



स्वच्छता अभियान में भाग लेते विद्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा संडे फॉर गंगा अभियान के अंतर्गत गंगा तट पर स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने गंगा घाट की साफ-सफाई करते हुए प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट को एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही उपस्थित लोगों को गंगा की पवित्रता एवं स्वच्छता बनाए रखने, एकल-उपयोग प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि माँ गंगा की निर्मलता एवं अविरलता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाते रहेंगे तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। कार्यक्रम में तहसील प्रमुख डॉ0 चंद्र देव दीक्षित, विभाग छात्र प्रमुख जाह्नवी वर्मा, प्रांत कार्यकर्णी सदस्य रिनी चौहान, नगर मंत्री निशांत मिश्रा, नगर सह मंत्री अथर्व पाठक, पूर्व जिला सह संयोजक अविरल पांडे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ के तहत लगाये गये पौधे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


वृक्षारोपण करती प्राचार्या व अन्य

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में शासन के निर्देशानुसार वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में वृहद वृक्षरोपण किया गया। जिसमें प्राचार्य के निर्देशन में महाविद्यालय के समस्त शिक्षको, छात्र-छात्राओं के साथ एनसीसी कैड्रेटसों ने भी प्रतिभाग किया। वृक्षारोपण महायज्ञ में उच्च शिक्षा हेतु निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जनपद के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में वृहद वृक्षारोपण सुनिश्चित किया गया। महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए, जिनकी जियो-टैगिंग भी की गई। रोपे गए प्रत्येक पौधे की जानकारी शासन को हरितिमा ऐप के माध्यम से तत्काल अपलोड की जा रही है, जिससे वृक्षारोपण की प्रगति की वास्तविक निगरानी संभव हो सकेगी। छात्राओं को घर ले जाने के लिए पौधे भी वितरित किए गए, ताकि वे पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी अपने घर-परिवार तक ले जा सकें। वृक्षारोपण महायज्ञ में उच्च शिक्षा हेतु निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जनपद के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में वृहद वृक्षारोपण सुनिश्चित किया गया।

महापर्व के माध्यम से महाविद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाया है।

प्राचार्या डॉ0 कल्पना सिंह ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य का संकल्प है।

# राष्ट्र के समग्र विकास में छात्राओं की भागीदारी आवश्यक: रिनी चौहान


कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सशक्त छात्रा सशक्त राष्ट्र विषय पर छात्रा बैठक का आयोजन शारदा वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट साहबगंज चौराहा पर संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता कु0 रिनी चौहान प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कानपुर प्रांत ने छात्रा बहनों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि राष्ट्र के समग्र विकास में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से नेतृत्व क्षमता का विकास करने, समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वह्न करने तथा संगठनात्मक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने का आवाह्न किया। संचालन एवं संयोजन कु0 जाह्नवी के नेतृत्व में हुआ। बैठक में छात्रा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास, राष्ट्र निर्माण में छात्राओं की भूमिका तथा संगठन विस्तार एवं छात्रा सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित छात्रा बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राष्ट्रहित एवं छात्रहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## आईटीआई में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में सोमवार को प्रातः 10 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसमे लगभग 20 से अधिक कम्पनियां जैसे माई कार फर्रुखाबाद, एसएन कोल्ड स्टोरेज, चीनी मिल कायमगंज, नगर पालिका फर्रुखाबाद आदि कम्पनियां प्रतिभाग कर रही हैं एवं रिक्तियों की संख्या लगभग 1000 से अधिक है। जिसमें इण्टरमीडिएट, आई0टी0आई, डिप्लोमा के पास अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है।

## खबरें एक नजर में


### आर्य समाज द्वारा साप्ताहिक वैदिक यज्ञ एवं सत्संग के साथ रोपे गये पौधे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्य समाज कमालगंज में साप्ताहिक वैदिक यज्ञ एवं सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आचार्य संदीप आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ सम्पन्न कराकर किया। आचार्य संदीप आर्य ने वेदों में वर्णित यज्ञ एवं पर्यावरण संरक्षण के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ, स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण के लिए यज्ञ और वृक्ष दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। यज्ञ वायु को शुद्ध करता है, जबकि वृक्ष पृथ्वी के जीवन चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आवाह्न किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान वर्ष आर्य समाज के महान संन्यासी, शुद्धि आंदोलन के प्रणेता एवं अमर स्वतंत्रता सेनानी स्वामी श्रद्धानन्द का बलिदान शताब्दी वर्ष है। आर्य समाज कमालगंज ने संकल्प लिया है कि वर्ष भर में 100 वृक्षों का रोपण एवं उनका संरक्षण किया जाएगा। इस अभियान का शुभारम्भ यज्ञ के उपरांत वृक्षारोपण के साथ किया गया। कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह, सुमित, साहिल कुमार, वैभव, हिमांशु, आलोक कुमार, अनुराग, उन्नति आर्या, उर्मिला आर्या, नीलम कटियार सहित उपस्थित रहे।



### प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में किया गया वृक्षारोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला के नेतृत्व में पौधे रोपे गये। शिक्षकों व अभिभावकों के साथ एक वृद्ध मां के नाम पर जन्मदिन व शादी की सालगिरह पर पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। राजकीय नर्सरी सैंथरा नवाबगंज से सहजन, आमला, अमरुद, अनार, गोल्ड मोहर, बेल, गुड़हल आदि पौधों को लाकर स्कूल में लगाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अभिभावकों से एक वृद्ध मां के नाम पर जन्मदिन अथवा शादी की सालगिरह पर लगाने के लिए संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में खेतल सिंह, जयवीर, सुमित, लक्ष्मण, पल्लवी, सौम्या, उजैर, उजैर पठान, करीम आदि उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने जिला प्रशासन से पौधों को स्कूलों तक पहुंचाने का अनुरोध किया है, क्योंकि सैंथरा नवाबगंज पौधशाला तक आने जाने के लिए कोई भी संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।



# जीजीआईसी फतेहगढ़ में किया गया वृक्षारोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



वृक्षारोपण कार्यक्रम में मौजूद प्रधानाचार्या व शिक्षिकायें

प्रदेश सरकार के वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पीएमश्री महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत के नेतृत्व में हुआ। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अंतर्गत विद्यालय को नर्सरी से 25 पौधे प्राप्त हुए, जिनका विद्यालय परिसर में विधिवत रोपण किया गया। लगाए गए पौधों की जियो-टैगिंग भी कर दी गई है। इनमें आम, अमरूद, अनार, कटहल, जामुन तथा तुलसी सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत विद्यालय की शिक्षिकाओं ने अपनी माताओं एवं बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। कार्यक्रम में ऋचा तिवारी, अर्चना गुप्ता ईको क्लब प्रभारी, ज्योति, निर्मला सिंह, दीप्ति, सरिता त्रिवेदी, प्रतिभा, शैलजा मौर्य, मुकेश कुमार, अजय कुमार रिंकू तथा विद्यालय की छात्राओं एवं उनकी माताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करेंगे तथा उन्हें सुरक्षित एवं संरक्षित रखने का पूरा प्रयास करेंगे। प्रधानाचार्या ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

# भाविप पदाधिकारियों ने रामानंद बा.इं. कालेज में लगाये पौधे



वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेते भाविप पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद सहयोग शाखा के तत्वावधान में रामानंद बालिका इंटर कालेज के परिसर में वृहद वृक्षारोपण किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ0 आरके गुप्ता, सहयोग शाखा की अध्यक्षा रीता दुबे, कोषाध्यक्ष आशा वर्मा, महिला सहभागिता रचना वर्मा, सदस्य केके पाठक, संजय दुबे, आरके वर्मा, सुनीता पुरवार, संजीव कुमार वर्मा ने विद्यालय के सहयोग से वृक्षारोपण किया। रामानंद बालिका इंटर कालेज में भाविप पदाधिकारी व प्रधानाचार्या रीता दुबे एवं शिक्षिकाओं ने वृक्षारोपण महायज्ञ में भाग लिया और लोगों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाये और इनका संरक्षण करें।

# प्रवास कार्यक्रम के तहत चौपाल लगाकर ग्रामीणों को किया गया जागरुक


प्रवास कार्यक्रम में मौजूद अनुराग दुबे व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बढ़पुर पश्चिम मंडल के शक्ति केंद्र अजमतपुर पर भाजपा बूथ अध्यक्ष एवं मंडल पदाधिकारी के साथ बैठक सम्पन्न हुई। विधानसभा संयोजक व जिला उपाध्यक्ष अनुराग दुबे ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और संगठन को मजबूत करने के लिए प्रवास किया। डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में प्रवास कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

जिसके तहत अजमतपुर में अनुराग दुबे ने चौपाल लगाकर लोगों को जागरुक किया और उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विचार रखे। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के अन्तर्गत एक पेड़ संकल्प के तहत वृक्षारोपण किया गया। राष्ट्रसेवा और प्रकृति संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक कार्यकर्ता की है। आज भाजपा सरकार एक भारत श्रेष्ठ भारत का निर्माण कर रही है। इस अवसर पर बीके गंगवार, संजीव गुप्ता, प्रतीक दुबे, पुष्पेंद्र शर्मा सहित मंडल के पदाधिकारी और शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित रहे।

# एनएकेपी महाविद्यालय में लगाये गये फलदार व छायादार वृक्ष




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नारायण आर्य कन्या पाठशाला महाविद्यालय में वृक्षारोपण महायज्ञ के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हुआ। महायज्ञ के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य में महाविद्यालय ने भी अपना एक छोटा सा योगदान दिया। महाविद्यालय में फलदार तथा छायादार वृक्षों जैसे अमरुद, जामुन, अनार, नींबू, कचनार, अशोक आदि का पौधारोपण किया गया। इस प्रयोजन में प्राचार्या प्रोफेसर पारुल मिश्रा, श्रुति गुप्ता, डॉ0 शिल्पी मिश्रा, डॉ0 श्वेता सिंह, शालिनी धूसिया, डॉ0 रंजना सिंह, डॉ0 रंजना चतुर्वेदी, कार्यालय अधीक्षक अरविंद पांडेय, राजीव सक्सेना एवं चतुर्थ श्रेणी कमलेश मिश्रा, सुखदेव शुक्ला एवं गोपी गुप्ता के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। छात्राओं तथा एनसीसी की छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर वृक्षारोपण महायज्ञ को उत्सव की तरह मनाया और महाविद्यालय परिसर को हरा भरा बनाए रखने में अपना योगदान दिया।

## सूचना

**मेरा** सही नाम रविता साध है। जबकि मेरे कुछ अभिलेखों में त्रुटिवश रविता कुमारी साध अंकित हो गया है। अब मुझे भविष्य में रविता साध के नाम से जाना पहचाना जाये. रविता साध पत्नी दिनेश कुमार साध, निवासी-2/78 साधवाड़ा स्ट्रीट जनपद फर्रुखाबाद

## खबरें एक नजर में

### सावन में मीट की दुकानें रहेंगी बंद, डीजे की ऊंचाई 10 फीट तक सीमित

**फरधान थाने में बैठक, कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और कारोबारियों के लिए जारी किए गए निर्देश**



**फरधान, खीरी।** सावन माह और कांवड़ यात्रा को लेकर फरधान थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों, मीट कारोबारियों, डीजे संचालकों और शराब दुकान संचालकों को शासन के निर्देशों से अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे ले जाने वाली ट्रॉलियों की अधिकतम ऊंचाई 10 फीट निर्धारित की गई है। निर्धारित सीमा से अधिक ऊंचाई होने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूरे सावन माह में क्षेत्र में बकरे, मुर्गे सहित अन्य मीट की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। सभी मीट विक्रेताओं को शासन के आदेशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में शराब दुकान संचालकों को निर्धारित समय पर दुकानें खोलने और बंद करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क किनारे स्थित दुकानों को पॉलीथीन या अन्य आवरण से ढककर रखने को कहा गया, ताकि कांवड़ यात्रियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान बना रहे। कारोबारियों से कांवड़ियों से हरसंभव सहायता करने की भी अपील किया गया। थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़ंग, अभद्रता या माहौल बिगाड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ग्राम प्रधानों और क्षेत्र के लोगों से अपील की कि यदि किसी गांव या क्षेत्र से बड़ी कांवड़ यात्रा निकल रही हो तो इसकी सूचना पहले से थाना पुलिस को दें, जिससे पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराकर यात्रा को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान प्रमुख मार्गों पर लगातार पुलिस पेट्रोलिंग की जाएगी। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विभिन्न स्थानों पर पुलिस सहायता केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे, ताकि किसी भी स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

### जब विभाग रहे खामोश, तब जनप्रतिनिधि बने जनता की उम्मीद




**सिंगाही खीरी।** वर्षों से सिंगाही से नौरंगाबाद जाने वाली सड़क अपनी बदहाली पर आँसू बहा रही थी। लोक निर्माण विभाग और गन्ना विभाग की अनदेखी के कारण सड़क गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी थी। आए दिन राहगीर हादसों का शिकार हो रहे थे। हाल ही में राजवीर सिंह बाइक से फिसलकर गिर पड़े, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनका हाथ फ्रैक्चर हो गया। लेकिन जब जिम्मेदार विभागों ने कोई सुध नहीं ली, तब ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह जनता के दर्द को अपना दर्द मानकर स्वयं मैदान में उतर आए। उन्होंने बिना किसी औपचारिक इंतजार के ट्रैक्टर और जेसीबी की व्यवस्था करवाई तथा सड़क के गड्ढों में ईंट-रोड़ा डलवाकर सभी के सहयोग से तत्काल राहत दिलाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल सड़क की मरम्मत नहीं, बल्कि इंसानियत और जनसेवा की मिसाल है। जहाँ सरकारी तंत्र की चुप्पी लोगों की परेशानी बढ़ा रही थी, वहीं अमनदीप सिंह ने यह साबित कर दिया कि सच्चा जनप्रतिनिधि वही होता है, जो जनता के दुख-दर्द में सबसे पहले उनके साथ खड़ा दिखाई दे। क्षेत्रवासियों ने अमनदीप सिंह के इस सराहनीय कार्य की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे जनसेवक समाज के लिए प्रेरणा हैं। लोगों ने उम्मीद जताई कि संबंधित विभाग भी अब अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस सड़क का स्थायी निर्माण कराएंगे, ताकि भविष्य में किसी और परिवार को ऐसे हादसे का दर्द न झेलना पड़े।

### गुरगी में वन महोत्सव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया पीपल का पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**हलिया (मिर्जापुर)।** वन विभाग हलिया रेंज के अंतर्गत गुरगी वन क्षेत्र में रविवार को वन महोत्सव सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ सुधीर सिंह ने पीपल का पौधा रोपकर किया। इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लोगों को वृक्षारोपण व संरक्षण के लिए संकल्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि पीपल, बरगद जैसे पौधे 24 घंटे ऑक्सीजन देते हैं और पर्यावरण शुद्ध रखते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा जरूर लगाए और उसकी देखभाल अपनी संतान की तरह करें। वृक्ष ही जीवन का आधार हैं, इनके बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। वन क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव के तहत हलिया रेंज में सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है। गुरगी वन क्षेत्र में आज फलदार, छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया। सागौन, शीशम, आंवला, नीम, जामुन व पीपल के पौधे लगाए गए। पौधों की सुरक्षा के लिए वन समिति व ग्रामीणों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वन विभाग द्वारा कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, वन समिति सदस्यों व स्थानीय ग्रामीणों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। बच्चों को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया गया। वन कर्मियों ने पौधरोपण की सही विधि व देखभाल के तरीके भी समझाए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी, सुरेश मिश्रा, काशी प्रसाद मिश्रा,वन दरोगा नीटू शर्मा, सिद्धार्थ मौर्य , वन रक्षक शीतला बक्स सिंह , शिवम सिंह, अंकुर शुक्ला, बीट प्रभारी मौजूद रहे। वन समिति अध्यक्ष, बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला: 225 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**हलिया, (मिर्जापुर)।** हलिया ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में कुल 225 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर निशुल्क परामर्श और दवाएं प्राप्त कीं। पीएचसी हलिया में चिकित्सक विवेक रंजन ने 53लोगो का उपचार किया इसी प्रकार पीएचसी मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 41,पीएचसी बरौधा डॉक्टर अभिषेक जायसवाल ने 45 पीएचसी इमडगंज डॉक्टर बाल कृष्ण ने 47 लोग पीएचसी मुड़पेली में डॉक्टर मनीष कुमार ने 39 लोगो के सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, एनीमिया, और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को बीमारियों से बचाव और योग के महत्व के बारे में भी जानकारी दी प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि मेला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। लोगों ने मेले में मिल रही सुविधाओं की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें समय और पैसे दोनों की बचत हुई इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, स्टॉफनर्स माया आदि मौजूद रहे।

### बॉर्डर पर बिना दस्तावेज नेपाल में घुसने की कोशिश नाकाम, अमेरिकी नागरिक पर मुकदमा दर्ज



**महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सोनौली बॉर्डर पर बिना वैध यात्रा दस्तावेज के नेपाल में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे एक अमेरिकी नागरिक को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और जांच के बाद उसे सोनौली पुलिस के हवाले कर दिया गया, जहां उसके खिलाफ विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा-14 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घटना के बाद सीमा सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले की गहन जांच में जुट गई हैं। एसएसबी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 10 बजे सीमा स्तंभ संख्या-516 के पास एक विदेशी नागरिक नेपाल की ओर बढ़ रहा था। ड्यूटी पर तैनात जवानों ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। जवानों ने तत्काल पीछा कर उसे पकड़ लिया और कंपनी मुख्यालय ले जाकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपनी पहचान अमेरिका के कैलिफोर्निया निवासी सैम ब्राउन के रूप में बताई। उसने दावा किया कि वह अब तक करीब 70 देशों की यात्रा कर चुका है। भारत आने से पहले वह बाली गया था और करीब आठ सप्ताह पहले गोवा पहुंचा था, जहां लगभग छह सप्ताह तक रुका। इसके बाद वह सोनौली पहुंचा और नेपाल जाने की कोशिश कर रहा था। पासपोर्ट के संबंध में पूछे जाने पर उसने बताया कि उसका पासपोर्ट बेंगलुरु निवासी एक परिचित के पास है, लेकिन वह उसका पूरा पता नहीं बता सका। उसने यह भी कहा कि गोवा में उसकी मुलाकात नेपाल के एक व्यक्ति से हुई थी, जिससे वह सोनौली में मिलने वाला था, किंतु उसके बारे में भी कोई ठोस जानकारी नहीं दे सका। पूछताछ के दौरान उसने स्वयं को अमेरिकी नेवी एवं स्पेशल फोर्सेज का पूर्व कर्मी बताते हुए कहा कि उसने दो वर्ष पहले नौकरी छोड़ दी थी। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बताया कि पूछताछ में अमेरिकी नागरिक ने दावा किया कि वह टूरिस्ट वीजा पर थाईलैंड गया था, जहां उसका पासपोर्ट गुम हो गया। इसके बाद वह जलमार्ग से श्रीलंका और फिर 2 नवंबर 2025 को भारत पहुंचा। तब से वह गोवा में रह रहा था। नेपाल में प्रवेश के दौरान उसके पास कोई भी वैध यात्रा दस्तावेज नहीं मिला। सोनौली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र मिश्रा ने बताया कि एसएसबी की तहरीर पर अमेरिकी नागरिक सैम ब्राउन के खिलाफ विदेशी अधिनियम की धारा-14 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**एक पेड़ मां के नाम अभियानः खीरी में हरियाली का महाअभियान**

# गांव से शहर तक जनप्रतिनिधियों, अफसरों और लोगों ने लगाए पौधे

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**


उत्तर प्रदेश सरकार के एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के तहत रविवार को लखीमपुर खीरी जिले में अभूतपूर्व स्तर पर वृहद वृक्षारोपण किया गया। जिले की सभी तहसीलों, विकास खंडों, ग्राम पंचायतों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों, पुलिस परिसरों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, वन विभाग, विभिन्न सामाजिक संगठनों तथा आम लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के दौरान केवल पौधे लगाने तक ही सीमित न रहकर उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का भी संकल्प दिलाया गया। मोहम्मदी क्षेत्र में अभियान की शुरुआत गोकन गौशाला के सामने हुई, जहां विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने उपजिलाधिकारी चलुवराज, क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह, रेंजर निर्भय प्रताप सिंह, जिला





संघ चालक अमित भसीन, पेशे इमाम असजद खान, इंद्रजीत सिंह, सुशील त्रिवेदी सहित अन्य लोगों के साथ पौधरोपण किया। इसके बाद नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संदीप महरोत्रा और अधिशासी अधिकारी जे.पी. मौर्य ने काशीराम कॉलोनी, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तथा स्वच्छ सारथी क्लब इस्लामाबाद में पौधे लगाकर अभियान को आगे बढ़ाया। सभी ने लोगों से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी जिम्मेदारी लेने की अपील की। मितौली क्षेत्र में ग्राम फत्तेपुर स्थित फार्म हाउस से अभियान का शुभारंभ हुआ। भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर, कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, उपजिलाधिकारी मधुसूदन गुप्त और मैंगलगंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी विकास प्रताप सिंह ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधे रोपे। इसके बाद तहसील परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विकासखंड कार्यालय, थाना परिसर, कष्टहरण धाम, बेहजम स्थित गौरी शंकर मंदिर सहित कई स्थानों पर पौधरोपण किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी ने बताया कि कस्ता विधानसभा क्षेत्र में 76,912 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे जनसहभागिता से पूरा किया जा रहा है। विकास खंड बिजुआ में भी अभियान पूरे उत्साह के साथ चला। बेलवा मलूकापुर स्थित अंबेडकर पार्क में ब्लॉक प्रमुख नेहा राज ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पार्क में 500 पौधे लगाए गए। खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह ने बताया कि विकास खंड की 79 ग्राम पंचायतों में दो लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ उनकी सुरक्षा और नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए भी ग्राम पंचायतों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। धौरहरा क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कोतवाली परिसर में भी व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने सीएचसी परिसर में पौधा लगाकर कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। अस्पताल परिसर में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। वहीं कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी शमशेर बहादुर सिंह, प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा तथा पुलिस कर्मियों ने पौधरोपण कर लोगों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। जिला मुख्यालय स्थित महिला थाना परिसर में भी मिशन शक्ति अभियान के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी निरीक्षक बबिता पटेल और काउंसलरों ने पारिवारिक विवादों के मामलों की सुनवाई के बाद थाना परिसर में पौधे लगाए। इसी दिन महिला थाना में 20 पारिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास किया गया, जिनमें 11 दंपतियों को समझौते के बाद साथ विदा किया गया। साधन सहकारी समिति मुंगलीपुर गुलौला परिसर में समिति अध्यक्ष रवि तिवारी और भाजपा नेता अधिवक्ता दीपेंद्र सिंह की उपस्थिति में आम, अमरूद, यूकेलिप्टस सहित 121 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में समिति पदाधिकारियों, ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों ने भी भागीदारी निभाई। अभियान के दौरान सभी स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित नहीं रखते, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि पौधे लगाने के बाद उनकी नियमित सिंचाई, सुरक्षा और देखभाल भी सुनिश्चित करें, ताकि यह अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम न रहकर जनआंदोलन का रूप ले सके।

## खेत में धान रोपाई के दौरान किसान की बाइक चोरी, भागते समय चोर सीसीटीवी में कैद




**फरधान (लखीमपुर खीरी)।** फरधान थाना क्षेत्र में खेत पर धान रोपाई के दौरान किसान की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर संदिग्ध युवक बाइक लेकर भागता दिखाई दिया। उसका फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार करनपुर निबहा गांव निवासी प्रेम कुमार गनेशपुर गांव के पास अपने खेत में धान की रोपाई करा रहे थे। उन्होंने अपनी स्प्लेंडर प्रो (काला रंग), नंबर यूपी 31 वाई 0092 खेत के पास खड़ी की थी। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो बाइक गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। इसके बाद ग्रामीणों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी, जिसमें एक संदिग्ध युवक चोरी की बाइक लेकर हरिहरपुर गांव की ओर जाता दिखाई दिया। फुटेज में उसकी तस्वीर स्पष्ट रूप से कैद हुई है। घटना का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पीड़ित किसान ने मामले की सूचना फरधान पुलिस को दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर बाइक चोर की तलाश में जुटी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, घर लौटते समय हुआ हादसा

- गुलरिया चीनी मिल के पास देर रात हुआ हादसा, सीएचसी पहुंचने पर चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

**बिजुआ खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वह अपने रिश्तेदार को छोड़कर घर लौट रहा था, तभी गुलरिया चीनी मिल डिस्टिलरी के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायल युवक को सीएचसी बिजुआ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, भीरा थाना क्षेत्र के बस्तौली गांव निवासी सूरज (24) पुत्र नरेश पासी शनिवार रात पड़रिया गांव में अपने ताऊ के बेटे धर्मेंद्र को छोड़ने गया था। वहां से वापस घर लौटते समय रात करीब 11 बजे गुलरिया चीनी मिल डिस्टिलरी के निकट पीछे से तेज रफ्तार



में आए अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सूरज सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बिजुआ चौकी प्रभारी सुशील तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ भिजवाया, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वहीं हादसे के बाद फरार अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। चौकी प्रभारी सुशील तिवारी ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य माध्यमों से अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### एपेक्स ट्रस्ट प्रांगण में ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान के तहत हुआ वृहद वृक्षारोपण



**चुनार (मिर्जापुर)।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक एवं इसके शिक्षण संस्थानोंकृएपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल, एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफफार्मेसी, एपेक्स ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज तथा इंस्टीट्यूट ऑफएलाइड हेल्थ (पैरामेडिकल) साइंसेज, चुनार में ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम वृक्षारोपण जन आंदोलन 2024-25 एवं ष्पेड़ लगाओदृपेड़ बचाओष् जन अभियान 2026 के तहत संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रो. डॉ. एस.के. सिंह के दिशा-निर्देशन एवं डीन प्रो. डॉ. सुनील मिस्त्री के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी फैकल्टी सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए परिसर में विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। वृक्षारोपण में आम, सागवान, सेमर, सेन्ना, इमली, कंजी, अमरूद, नींबू, आंवला, कटहल, जामुन, अनार, बेल, केसिया श्यामिया एवं सहजन सहित अनेक प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में श्री संदीप कुमार (क्ब्, डिप्टी कमिश्नर, इंडस्ट्रीज), श्री अखिलेश (रिलेशनशिप मैनेजर) एवं श्री संदीप कुमार (असिस्टेंट मैनेजर) ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अभियान की सराहना की।

# सपा की बैठक में भाजपा सरकार पर लगा आरोप

- व्यास जी गौड़ बोले- भाजपा धार्मिक मुद्दों के सहारे कर रही राजनीति
- 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता सबक सिखायेगी- देवी प्रसाद चौधरी

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिला मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट में रविवार को अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री ब्यास जी गोंड ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने और आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटने





का आह्वान किया। बैठक के दौरान ब्यास जी गोंड ने प्रदेश सरकार और भाजपा की नीतियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के एक मंत्री द्वारा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर की गई टिप्पणी निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा धार्मिक मुद्दों के सहारे राजनीति कर रही है और जनता अब उसके वास्तविक चरित्र को समझ चुकी है। पूर्व मंत्री ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि किसान, मजदूर, युवा, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग सरकार की नीतियों से परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की अधिकांश योजनाएं धरातल पर प्रभावी साबित नहीं हुई हैं, जबकि पेपर लीक जैसी घटनाओं ने युवाओं का भविष्य प्रभावित किया है। ब्यास जी गोंड ने दावा किया कि प्रदेश का हर वर्ग बदलाव चाहता है और आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी मजबूत स्थिति में होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि चुनाव के बाद अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी 14 जुलाई 2026 को खाद, पानी, बिजली, सड़क को लेकर तहसील मुख्यालय पर विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में मॉग पत्र सौपेगी। 15 जुलाई से 25 जुलाई तक बूथ लेबल एजेंट का सत्यापन किया जायेगा। कहा कि स्नातक एमएलसी चुनाव को देखते हुए अधिक से अधिक लोगो का नाम मतदाता सूची में आये उनका फार्म भरवाने का काम करें। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार से गरीब, पिछड़ा, अल्पसंख्यक व दलित समाज परेशान है, आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता इन्हे सबक सिखाने का काम करेंगी। उन्होने लगे हाथ कहा सरकार पर आरोप लगाया कि हत्या, लूटपाट की घटनाएं बढ़ी है ऐसी सरकार को उखाड़ फेकने के लिए हमें जनता के बीच जाना होगा। बैठक में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, शिवशंकर सिंह यादव, रविन्द्र बहादुर सिंह, मुन्नी यादव, परवेज खान, आशीष यादव, अशोक यादव, रामराज पटेल, कीर्ति कोल, दामोदर प्रसाद मौर्या, जैन कुशवाहा, सतीश मिश्रा, डॉ. सुनील सिंह, राणा प्रताप सिंह, शैलेष पटेल, मुकुन्द यादव, कान्धा यादव, अनिल यादव, विनोद सिंह, अनीस खान, मेवालाल प्रजापति, रामप्यारे गौड़, जुम्मन खान, सुरेश पटेल, रवि प्रकाश त्रिपाठी, रमाशंकर कोल, बलराम यादव, महेश मौर्या, बच्चा गौड़, केसरी नन्दन आदि मौजूद रहे।

# आशीष द्विवेदी ने पीजीटी परीक्षा पास कर जनपद का बढ़ाया गौरव

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।**

कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों।

यह प्रसिद्ध शायरी पुराना नौतनवा निवासी बच्चा दूबे के सुपुत्र आशीष द्विवेदी पर पूरी तरह चरितार्थ होती है। अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के बल पर आशीष द्विवेदी ने उत्तर प्रदेश पीजीटी (प्रवक्ता) परीक्षा में बिना किसी कोचिंग का सहारा लिए प्रदेश में 15वीं रैंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। आशीष द्विवेदी बचपन से ही मेधावी एवं अनुशासित छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर से विज्ञान वर्ग में स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएशन) की शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने



पीएचडी की उपाधि अर्जित की। उच्च शिक्षा के दौरान भी उन्होंने निरंतर अध्ययन और शोध को प्राथमिकता दी तथा आत्मविश्वास के साथ स्वयं तैयारी करते हुए पीजीटी परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उन्होंने केवल नियमित अध्ययन, सही रणनीति, आत्मअनुशासन और कठिन परिश्रम के दम पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी सफलता उन हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं। अपनी सफलता का श्रेय आशीष द्विवेदी ने अपने माता-पिता के त्याग, गुरुजनों के मार्गदर्शन तथा स्वयं की कड़ी मेहनत, सच्ची लगन और सकारात्मक सोच को दिया। परिजनों, शुभचिंतकों, मित्रों तथा शिक्षकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आशीष की सफलता से स्थानीय युवाओं को नई प्रेरणा मिलेगी और वे भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार एवं जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित होंगे।

# शराब छोड़ने की नसीहत पर बेटे ने ईंट से कूंचकर की हत्या

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के पिपरदेउरा स्थित गांधी नगर वार्ड में शनिवार देर रात रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई। शराब और जुए की लत छोड़ने की नसीहत से नाराज एक कलयुगी बेटे ने अपने ही पिता की बेरहमी से पिटाई करने के बाद ईंट से सिर कूंचकर हत्या कर दी। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पुत्र को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार गांधी नगर वार्ड निवासी 55 वर्षीय हरिखमन ठेला लगाकर मूंगफली बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनका बड़ा बेटा शेषनाथ लंबे समय से शराब पीने और जुआ खेलने का आदी था। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। परिवार के लोगों का कहना है कि हरिखमन पिछले कई दिनों से बेटे को नशे की लत छोड़ने के लिए लगातार समझा रहे थे, लेकिन उसकी आदतों में कोई बदलाव नहीं आया। शनिवार देर रात जब शेषनाथ घर पहुंचा तो पिता ने एक बार फिर उसे शराब पीने और जुआ खेलने से मना किया। इस पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में शेषनाथ ने पिता की पिटाई शुरू कर दी। जान बचाने के लिए हरिखमन घर से बाहर भागे, लेकिन आरोपी ने उनका कॉलर पकड़कर सड़क पर पटक दिया। इसके बाद उसने ईंट से उनके सिर पर ताबड़तोड़ कई वार किए। गंभीर चोट लगने से हरिखमन की मौके पर ही मौत



हो गई। वारदात की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। सदर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया तथा आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए हैं। मृतक के छोटे भाई हरिपाल ने बताया कि नशे की लत के कारण शेषनाथ का व्यवहार लगातार आक्रामक होता जा रहा था। परिवार कई बार उसे समझाने का प्रयास कर चुका था, लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था। अंततः इसी विवाद ने एक पिता की जान ले ली। बताया गया कि आरोपी शेषनाथ की शादी सात वर्ष पूर्व हुई थी। उसके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है, जबकि मोहल्ले में शोक और आक्रोश का माहौल है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी पुत्र पुलिस हिरासत में है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं विवेचना के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अगस्त तक मानदेय नहीं बढ़ा तो प्रदेशभर में होगा आरपार का आंदोलनः राजवंशी शर्मा

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय मध्याह्न भोजन रसोइया महासंघ की जिला स्तरीय बैठक रविवार को जिला मुख्यालय परिसर में प्रदेश अध्यक्ष राजवंशी शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में रसोइयों के मानदेय में वृद्धि, लंबित मांगों तथा कार्य परिस्थितियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन ने सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि अगस्त तक मानदेय नहीं बढ़ाया गया तो पूरे प्रदेश में निर्णायक आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष राजवंशी शर्मा ने कहा कि 25 मई को लखनऊ के यूको गार्डन पार्क में आयोजित विशाल धरना-प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों ने रसोइयों का मानदेय बढ़ाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस



कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि प्रदेश की हजारों रसोइयां वर्षों से बेहद कम मानदेय पर विद्यालयों में बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन तैयार कर रही हैं। भोजन बनाने के साथ-साथ साफ-सफाई सहित कई अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी निभाने के बावजूद उन्हें उचित सम्मान और पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है। यदि सरकार अगस्त तक उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लेती है तो संगठन प्रदेशव्यापी आरपार का आंदोलन करेगा।जिलाध्यक्ष बिन्दू देवी ने कहा कि रसोइयां पूरी निष्ठा के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करा रही हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने सरकार से मानदेय में वृद्धि सहित सभी लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। जिला महासचिव सरस्वती देवी ने चुनावी ड्यूटी के दौरान भोजन बनाने के बावजूद पारिश्रमिक का भुगतान न होने पर नाराजगी जताते हुए इसे रसोइयों के साथ अन्याय बताया। वहीं विजयलाल ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो सचिवालय का घेराव कर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। बैठक में दीनानाथ दूबे, जवाहिर कन्नौजिया, रीता, अशोक, केदार, गीता, अर्चना, फूलकुमारी, शांति, रेशमा, शोभा, मीरा, शीला सहित बड़ी संख्या में रसोइयां एवं संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।